@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 1 जून 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 192 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## राफेल के डर से चीन ने शिगात्से में तैनात किए

नई दिल्ली, 31 मई। क्या भारत के राफेल फाइटर जेट के डर से चीन ने अपने कब्जे वाले शिगात्से एयर बेस पर एडवांस जे-20 फाइटर जेट्स की तैनाती की है? हाल ही में भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने खुलासा किया था कि जब भारत में पहला राफेल आया था, तो चीन ने जवाब में अपने चार जे-20 लड़ाकू विमान तैनात किए थे। वहीं, जब भारत के पास चार राफेल हो गए थे, तो चीन ने 20 जे-20 फाइटर जेट तैनात कर दिए थे। यानी कि प्रत्येक राफेल का मुकाबला करने के लिए बीजिंग ने पांच जे-20 फाइटर जेट की तैनाती की थी। फिलहाल चीन ने होतान और शिगात्से एयर बेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर जेट की तैनाती कर रखी है। 19 मई को एक खास बातचीत में भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने राफेल लड़ाकू विमानों के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए उन्हें भारतीय वायुसेना की इन्वेंट्री का सबसे मजबूत हथियार बताया था। उन्होंने कहा था कि कैसे जब भारत में पहला राफेल आया था, तो चीन ने प्रतिक्रिया में अपने चार जे-20 लड़ाकू विमानों को एलएसी पर तैनात किया था। वहीं जैसे ही राफेल की संख्या चार हो गई, तो चीन ने 20 जे-20 तक तैनात कर दिए थे। प्रत्येक राफेल का मुकाबला करने के लिए चीन ने पांच जे-20 तैनात कर दिए थे। पूर्व भारतीय वायु सेना प्रमुख ने भारतीय वायु सेना की उच्च स्तर की तैयारियों का संकेत देते हुए टिप्पणी की थी, जे-20 को चीन का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान माना जाता है, यह राफेल की क्षमताओं का सीधा जवाब था।

# आखिर तक आते-आते मोदी बनाम राहुल हो ही गया चुनाव

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 31 मई। लोकसभा चुनाव -2024 के आखिरी चरण के मतदान तक आते आते एक बात साफ हो गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बीच चुनावी प्रचार में सीधा मुकाबला हुआ है। हालांकि दोनों ओर से कई दूसरे महारथी भी मैदान में डटे रहे लेकिन अगर चेहरों की बात करें तो आखिर तक आते आते चुनाव मोदी बनाम राहुल पर आकर ही खत्म हुआ है। भले ही भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए खेमे में मोदी के बाद अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार, चिराग पासवान, मोहन यादव और शिवराज सिंह चौहान भी चुनावी प्रचार युद्ध में सत्ता पक्ष की कमान संभाले रहे तो दूसरी तरफ विपक्षी इंडिया समूह में राहुल गांधी के अलावा मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, शरद पवार, एम.के.स्टालिन, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, डीके शिवकुमार और रेवंत रेड्डी ने भी मोर्चा संभाला।अब चार जून को नतीजे बताएंगे कि कौन किस पर भारी पड़ा और किसकी बात पर जनता ने ज्यादा भरोसा किया। लोकसभा चुनावों के पहले से ही भाजपा और एनडीए के नेता विपक्षी कांग्रेस और इंडिया समूह से एक ही सवाल पूछते रहे हैं कि हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत प्रखर और लोकप्रिय नेता है उनके मुकाबले विपक्ष के पास कौन सा नाम और चेहरा है। इसका जवाब विपक्षी खेमे की ओर से यही आता रहा है कि हमारे पास एक नहीं कई नेता हैं और नेता का फैसला चुनाव में जीतने के बाद मिल बैठकर आपसी सहमति से होगा, लेकिन जनता में भी कई लोग यह सवाल करते हैं कि विपक्ष के पास नरेंद्र मोदी का विकल्प कौन है। भाजपा की कोशिश चुनाव को मोदी बनाम राहुल बनाने की रही है और विपक्ष इससे बचना चाहता रहा है। लेकिन चुनाव के आखिरी दौर तक पहुंचते पहुंचते खुद ब खुद यह चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी हो गया है। भले ही विपक्षी इंडिया खेमे और कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी को मोदी के मुकाबले प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं किया लेकिन जिस तरह से पूरे चुनाव प्रचार में विपक्ष की तरफ से राहुल गांधी सबसे बड़े स्टार प्रचारक बन कर उभरे हैं, उससे मोदी के मुकाबले राष्ट्रीय स्तर पर उनका ही नाम और चेहरा स्थापित हो गया है। दरअसल भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए नेता आधारित ऐसा गठबंधन है जिसमें भाजपा समेत सारे दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की




ऊर्जा और लोकप्रियता से ताकत पाते हैं और जीत के लिए पूरी तरह उन पर ही निर्भर हैं, जबकि कांग्रेस की अगुआई में बना विपक्षी इंडिया गठबंधन नेताओं का गठबंधन है जिसमें हर नेता अपने अपने राज्य और क्षेत्र का छत्रप है और भाजपा व एनडीए के सामने मुख्य चुनौती हैं। मसलन तमिलनाडु में एम के स्टालिन, बिहार में तेजस्वी यादव, महाराष्ट्र में शरद पवार उद्धव ठाकरे, झारखंड में हेमंत सोरेन, प.बंगाल में ममता बनर्जी, दिल्ली-पंजाब में अरविंद केजरीवाल, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव भाजपा के लिए मुख्य चुनौती हैं और कांग्रेस इनकी सहयोगी की भूमिका में है। जबकि एनडीए में आंध्र प्रदेश को छोड़कर जहां चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम के सहारे भाजपा है, बाकी हर राज्य में भाजपा के सहारे उसके सहयोगी दल हैं। लेकिन इंडिया गठबंधन में क्षेत्रीय दलों और उनके छत्रपों की कई राज्यों में कांग्रेस के मुकाबले ज्यादा ताकत होने के बावजूद कांग्रेस की अखिल भारतीय उपस्थिति उसे अगुआ भूमिका में रखती है। यही वजह है कि भाजपा विरोधी मतदाताओं में क्षेत्रीय छत्रपों के मुकाबले राहुल गांधी की स्वीकार्यता अखिल भारतीय स्तर पर है जबकि छत्रपों की स्वीकार्यता सिर्फ उनके राज्यों तक सीमित है। राहुल अपनी इस ताकत को समझते हैं इसलिए उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के राष्ट्रीय स्तर पर खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ लड़ाई में झोंक दिया।

# प्रधानमंत्री को इतनी चिंता थी तो फोन करते: नवीन पटनायक

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

भुवनेश्वर, 31 मई। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा में रैली की थी। इस रैली में उन्होंने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। पीएम मोदी ने कहा था कि अगर ओडिशा में भाजपा सत्ता में आती है तो नवीन पटनायक के बिगड़ते स्वास्थ्य की जांच के लिए एक विशेष समिति बनाई जाएगी। पीएम मोदी के इस बयान पर सीएम पटनायक ने पलटवार किया। गुरुवार को एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को उनकी तबीयत को लेकर इतनी चिंता थी तो उन्हें पीएम मोदी) रैली में इसका जिक्र न कर फोन करके उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछना चाहिए था। पीएम मोदी के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, अगर प्रधानमंत्री मोदी को मेरे स्वास्थ्य की इतनी चिंता है तो उन्हें कल रैली में जोर-जोर से इस बारे में बात करने के बजाय फोन पर मेरे स्वास्थ्य के बारे में पूछना चाहिए था। इसका



मतलब है कि वे चुनाव के समय सिर्फ वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। यह अफवाह पिछले 10 सालों से दिल्ली में बैठे लोगों द्वारा फैलाई जा रही है। मेरा स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। अपने स्वास्थ्य को लेकर नवीन पटनायक ने कहा कि उन्हें कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मेरा स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। मैं पिछले एक महीने से भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार कर रहा हूं और मैं ठीक हूं। उन्होंने अपने हाथ कांपते हुए वायरल वीडियो पर कहा, यह कोई मेडिकल कंडीशन नहीं है। भाजपा के मुख्यमंत्री द्वारा इसे बिना किसी कारण के इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। विपक्ष और पूर्व बीजद नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों वी.के. पांडियन मुख्यमंत्री पटनायक की ओर से निर्णय लेते हैं पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसे हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा, यह हास्यास्पद है। मैंने पहले भी बताया है कि यह एक पुराना आरोप है और इसका कोई महत्व नहीं है। विपक्ष द्वारा उन पर किए जा रहे व्यक्तिगत हमलों के बारे में पूछे जाने पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष अधिक से अधिक हताश हो रहे हैं, क्योंकि देश में उनकी लोकप्रियता कम हो रही है।

## एग्जिट पोल की चर्चा में शामिल नहीं होंगे हमारे प्रवक्ता

नई दिल्ली, 31 मई। कांग्रेस पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। सातवें चरण में मतदान समाप्त होने के बाद अलग-अलग टीवी चैनलों, सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाले एग्जिट पोल डिबेट में कांग्रेस पार्टी अपने प्रवक्ताओं को नहीं भेजेगी। पार्टी के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों ने एक जून को होने वाले अंतिम दौर के मतदान से ठीक पहले बताया कि कांग्रेस पार्टी ने चुनावी नतीजों से पहले एग्जिट पोल का हिस्सा न बनने का फैसला इसलिए लिया है, क्योंकि ऐसी बहसों से कोई सार्थक नतीजे सामने नहीं आते। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चार जून को होने वाली मतगणना के बाद देश की जनता का जनादेश सामने आएगा। पार्टी इसे स्वीकार करेगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-एक्स पर पोस्ट में बताया कि कांग्रेस ने एग्जिट पोल से किनारा क्यों किया है। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद जनादेश ईवीएम में कैद हो जाता है। ऐसे में चार जून को आधिकारिक मतगणना से पहले किसी भी अटकलबाजी में शामिल होना केवल टीआरपी का खेल है। गौरतलब है कि सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव में आठ राज्यों और केंद्र शासित राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें उत्तर प्रदेश की 13 सीटों, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की तीन, हिमाचल प्रदेश की चार, पश्चिम बंगाल की नौ और चंडीगढ़ की एक सीट शामिल हैं। बता दें कि गुजरात की एक सीट पर निर्विरोध भाजपा प्रत्याशी का निर्वाचन हो चुका है। ऐसे में मतदान समाप्त होने के बाद चार जून को 542 लोकसभा सीटों और कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आएंगे। पूर्वोत्तर के दो राज्यों में विधानसभा चुनाव की मतगणना दो जून को ही होगी।

## आपके ड्रामा का खर्च कौन उठाएगा: खरगे

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 31 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में हैं। वे यहां तीन दिन विवेकानंद मेमोरियल में ध्यान करेंगे। इस पर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म को नहीं लाना चाहिए। राजनीति और धर्म अलग-अलग विषय है। पीएम मोदी वहां कन्याकुमारी में क्या ड्रामा कर रहे हैं, वहां करीब 10 हजार लोग हैं। यह देश के पैसे की बर्बादी है। देश में आचार संहिता लागू है। इसका खर्च कौन उठाएगा। अगर आपको इतनी ही आस्था है तो आप अपने घर पर यह काम करें। अपनी जेब से खर्च उठाएं। बता दें, पीएम मोदी के ध्यान का आज दूसरा दिन है। उन्होंने सुबह सूर्योदय के समय उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया। पीएम मोदी के ध्यान का एक वीडियो सामने आया है, वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। वे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठकर ध्यान कर रहे हैं। उनके हाथों में माला है और ओम की आवाज गूंज रही है। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक



ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे।

### लोकसभा उम्मीदवार की याचिका पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, 31 मई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक निर्दलीय उम्मीदवार की याचिका सुनने से इनकार कर दिया। इस याचिका में निर्दलीय उम्मीदवार ने लोकसभा चुनाव में अपने नामांकन खारिज करने के फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल निर्दलीय उम्मीदवार अभिषेक डांगी के जहानाबाद लोकसभा सीट से नामांकन को रिटर्निंग अधिकारी ने तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया था। जिसके खिलाफ उम्मीदवार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस अरविंद कुमार की अवकाश पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील को पटना हाईकोर्ट की खंडपीठ के सामने याचिका दायर करने को कहा। दरअसल पटना हाईकोर्ट की एकल जज वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें याचिकाकर्ता ने अपने नामांकन को खारिज करने के फैसले को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि याचिकाकर्ता के वकील हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ चुनाव याचिका भी दायर कर सकते हैं।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना को छह दिन की पुलिस हिरासत

बंगलूरू, 31 मई। कई महिलाओं के दुष्कर्म और अश्लील वीडियो के आरोपों में घिरे प्रज्ज्वल रेवन्ना को छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। उन्हें कर्नाटक की विशेष अदालत में पेश किया गया था। अदालत में न्यायमूर्ति केएन शिवकुमार ने मामले की सुनवाई की। इससे पहले प्रज्ज्वल रेवन्ना को सिटी सिविल कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले जांच दल मेडिकल के लिए प्रज्ज्वल को बॉरिंग एंड लेडी कर्जन अस्पताल ले गया था। मामले में जन प्रतिनिधि अदालत में एसआईटी की ओर से पेश वकील ने बताया कि प्रज्ज्वल को गिरफ्तार किया जा चुका है, ऐसे में अग्रिम जमानत याचिका का कोई मतलब ही नहीं रहा। बता दें, प्रज्ज्वल ने कुल तीन मामलों के सिलसिले में तीन अग्रिम जमानत याचिकाएं दायर की थीं। विशेष जांच दल (एसआईटी) आज सुबह बंगलूरू स्थित सीआईडी कार्यालय पहुंची थी। सीआईडी कार्यालय में उनके साथ पूछताछ की जाएगी। एसआईटी सूत्रों की मानें तो उनका पौरूष परीक्षण भी कराया जा सकता है। प्रज्ज्वल के वकील, अरुण ने कहा कि वे जांच में सहयोग करने के लिए आगे आए हैं। मीडिया से उनका अनुरोध है कि उनका मीडिया ट्रायल न किया जाए। उन्हें होलेनरसीपुरा मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, एसआईटी ने प्रज्ज्वल की मां भवानी रेवन्ना को भी पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। एसआईटी ने उन्हें 1 जून को होलेनरसीपुर स्थित उनके घर पर उपस्थित होने को कहा है। बता दें, आज विशेष अदालत प्रज्ज्वल और उनकी मां की याचिका पर सुनवाई करेगी। उनकी मां ने कथित अपहरण मामले में अग्रिम जमानत मांगी है। हालांकि भवानी इस मामले में आरोपी नहीं हैं, लेकिन एसआईटी कथित तौर पर उनकी भूमिका की जांच करना चाहती है।

# पाकिस्तान में निष्पक्ष नजरिया उभर रहा है: विदेश मंत्रालय

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 31 मई। भारत सरकार ने लाहौर घोषणापत्र पर पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणियों से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। उन्होंने कहा, मौजूदा हालात से साफ है कि पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए कहा था कि भारत के साथ युद्ध गलती थी और उनके देश ने लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था। फलस्तीन को संपूर्ण राष्ट्र की मान्यता देने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि 1980 के दशक के अंत में भारत द्वारा फलस्तीन को संपूर्ण राष्ट्र की मान्यता दी थी। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने लंबे समय से दो देशों के बीच समाधान का समर्थन किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जेडी-एस से निष्कासित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय ने रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही रेवन्ना के खिलाफ 23 मई को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया



है। जायसवाल ने कहा कि रेवन्ना को दस दिन का समय दिया गया है और उनके जवाब का इंतजार किया जा रहा है। रणधीर जायसवाल ने कहा भारत ने हमेशा से इस बात पर जोर दिया है कि ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष रूस में ब्रिक्स सम्मेलन होना है और भारत लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। जायसवाल ने कहा कि ब्रिक्स में किसी अन्य देश को शामिल करने का फैसला इसके सदस्य देशों के द्वारा लिया गया जाता है। गाजा में भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले की मौत पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस्राइल की तरफ से इस मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले की जांच पूरी हो जाएगी। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में भीड़ द्वारा विदेशियों को निशाना बनाए जाने की खबरों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब स्थिति सामान्य हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास से लगातार इस बारे में संपर्क किया गया है। बिश्केक में मौजूद भारतीय दूतावास द्वारा चौबीसों घंटे लगातार भारतीय छात्रों से संपर्क किया जा रहा है। राफा के शरणार्थी शिविर में इस्राइल के हमले पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बहुत दुखद है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध के बीच भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने इस दुख घटना पर अपनी जिम्मेदारी ली है और मामले की जांच करने की घोषणा की है। बता दें कि राफा के एक शरणार्थी शिविर में इस्राइल के हमले में कई बच्चों समेत 45 लोगों की मौत हो गई थी।

## 1 जून से बदलने वाले हैं कई नियम, क्या सस्ता होगा पेट्रोल-डीजल?

नई दिल्ली, 31 मई। हर नए महीने में कई वित्तीय नियम बदल जाते हैं। एक जून 2024 से भी नियमों में बदलाव हो होने वाला है। चिलचिलाती गर्मी के बीच जून महीने में रसोई गैस सिलेंडर, बैंकों की छुट्टियां, आधार कार्ड में अपडेट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों में परिवर्तन होने वाले हैं। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं एक जून से कौन-कौन से नियम बदलने वाले हैं? हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें नए सिरे से तय की जाती हैं। पेट्रोलियम कंपनियां इसका एलान महीने के आखिरी दिन मध्यरात्रि को करती हैं। ऐसे में उम्मीद है कि 1 जून 2024 को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी समेत पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव कर सकती है। इससें पहले मई में, पेट्रोलियम कंपनियों ने वाणिज्यिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की थी। जून में भी सिलेंडर की कीमतों में परिवर्तन हो जाए तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। एक जून से लंबे समय से स्थिर रहे पेट्रोल डीजल की कीमतों में भी बदलाव दिख सकता है। हालांकि कीमतें बदलेंगी या नहीं इस पर स्थिति 31 मई 2024 की मध्य रात्रि तक ही साफ हो सकेंगी। 1 जून से नए परिवहन नियम लागू हो रहे हैं। नए महीने से ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए आरटीओ में ही टेस्ट देना अनिवार्य नहीं रह जाएगा। ऐसे में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास करने की प्रक्रिया अब आसान होने की उम्मीद है। एक जून से आप सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं। इससे लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने के लिए आरटीओ का चक्कर लगाने से निजात मिल जाएगी। नए याताया नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों को और कड़ा किया जा रहा है। 18 साल से कम उम्र के लोगों पर ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने या उनके वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द तो किया ही जाएगा इसके साथ-साथ 25 साल तक नया लाइसेंस भी जारी नहीं किया जाएगा। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।तेज़ गति से गाड़ी चलाने वाले पर 1000 रुपये से 2000 रुपये, बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर 500 रुपये, हेलमेट न पहनने पर 100 रुपये और सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार से छोटे बादल बदल पाएंगे अकाली दल की किस्मत?

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 31 मई। पंजाब की सियासत में लोकसभा का यह चुनाव अकाली दल के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल बीते 10 सालों में जिस तरीके से पार्टी का प्रदर्शन रहा है, उसे लेकर पार्टी के रणनीतिकार इस चुनाव में अपने सभी दांव पेंच आजमा रहे हैं। सियासी जानकार भी मानते हैं कि सुखबीर बादल ने जिस तरीके से ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद क्षतिग्रस्त हुए अकाल तख्त साहिब की फोटो चुनावी जनसभाओं में दिखाई है, उससे पार्टी ऑक्सीजन लेने की फिराक में है। हालांकि छोटे बादल का यह दांव इस चुनाव में कितना कारगर होगा यह चुनावी परिणाम बताएंगे। पंजाब में लोकसभा चुनावों के दौरान वैसे तो सभी सियासी दल मजबूती से चुनावी मैदान में हैं। लेकिन अकाली दल के लिए यह चुनाव उसके सियासी भविष्य के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यही वजह है कि सुखबीर सिंह बादल ने इस चुनाव में ऑपरेशन ब्लू स्टार का बड़ा दांव चला है। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक तेजिंदर ढिल्लो बताते हैं कि बीते 10 सालों में जिस तरह से अकाली दल का सियासी ग्राफ नीचे गिरा है, उसे पार्टी इस चुनाव में वापस पाना चाहती है। वह कहते हैं कि 1920 से अपने सियासी सफर में सिखों का मजबूती से प्रतिनिधित्व करती आई है। ऐसे में पार्टी अपने खोए हुए जनाधार को पाने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार का जिक्र करना शुरू किया है। वह कहते हैं कि शिरोमणि अकाली दल के मुखिया सुखबीर सिंह बादल ने अपनी रैलियों में क्षतिग्रस्त अकाल तख्त की साहिब की तस्वीर दिखानी शुरू की है, वह सिखों को अपने साथ जोड़ने की कवायद के तौर पर देखा जा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कभी पंजाब की सियासत में मजबूत दबदबा रखने वाला अकाली दल अपनी खोई हुई ताकत को वापस पाना चाह रहा है। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार विश्व भारती बताते हैं कि यह चुनाव अकाली दल के लिए इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि खुद सुखबीर बादल चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इसके अलावा पिछले लोकसभा चुनाव में शिरोमणि



अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी ने मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ा था। जिसके चलते उनको सियासी ऑक्सीजन तो मिली थी, लेकिन बाद में वह खत्म हो गई। वह कहते हैं कि इस दौरान आम आदमी पार्टी इतनी तेजी से ऊपर उभरी कि फिर दूसरे दलों को अपनी सियासी जमीन बचाने के लिए तमाम तरह के दांव पेंच चलने पड़ रहे हैं। यही वजह है कि सिख वोटों में अपनी विरासत के आधार पर सुखबीर बादल ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का जिक्र करना शुरू किया। हालांकि विश्व भारती का मानना है कि उनका यह दांव सियासी रूप से अकाली दल को फायदा पहुंचाएगा, इसकी संभावना फिलहाल नहीं दिख रही है। लेकिन वह यह कहते हैं कि इसका असर पंजाब की कुछ सीटों पर जरूर पड़ सकता है। खासतौर से कुछ उन सीटों पर जहां कट्टरपंथी सियासी मैदान में उतरे हैं। पंजाब में एक जून को होने वाली वोटिंग का यह संयोग ही है कि यह ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं वर्षगांठ पर हो रहा है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि सुखबीर सिंह बादल की ओर से फरीदकोट में ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी का जिक्र कर सिख समुदाय को संबोधित किया था।

## उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग ने कई रॉकेट लॉन्चर प्रदर्शनों का देखा



**एजेंसी**

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले दक्षिण कोरिया के कदमों के जवाब में उत्तर कोरिया की विशाल मल्टीपल रॉकेट इकाइयों ने अपने शीर्ष नेता के आदेश के तहत एक शक्ति प्रदर्शन फायरिंग की। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ( केसीएनए) ने यह जानकारी दी। केसीएनए की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन ने कहा कि यह गोलीबारी यह दिखाने के लिए की गई थी कि अगर हमारे प्रतिद्वंद्वी हमें उकसाएंगे तो उन्हें क्या परिणाम भुगतने होंगे। किम ने उत्तर कोरियाई परमाणु बलों से युद्ध को रोकने और किसी भी समय और अचानक स्थितियों में युद्ध में पहल करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए और अधिक अच्छी तरह से तैयार रहने का आह्वान किया।

## ‘पॉर्न स्टार’ को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार, 11 जुलाई को सुनाई जाएगी सजा

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** ‘पॉर्न स्टार’ स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप कोलकारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों में बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया और इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव प्रचार अभियान दल ने कहा कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है, जबकि ट्रंप ने कहा कि यह फैसला एक दोषपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था का परिणाम है। ट्रंप को सजा सुनाए जाने की तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई है।

इसके चार दिन बाद ही विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में ‘रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन’ में उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनावों में औपचारिक रूप से पार्टी उम्मीदवार नामित किया जाना है। ट्रंप ने उनके खिलाफ फैसला सुनाए जाते ही कहा, ''यह शर्मनाक है। यह एक विवादित



न्यायाधीश द्वारा की गई दोषपूर्ण, भ्रष्ट सुनवाई थी।'' उन्होंने कहा, ''असली फैसला पांच नवंबर को लोग सुनाएंगे। वे जानते हैं कि यहां क्या हुआ और हर कोई जानता है कि यहां क्या हुआ।'' उन्होंने कहा, ''मैं निर्दोष हूं।

मैं अपने देश के लिए लड़ रहा हूं। मैं अपने संविधान के लिए लड़ रहा हूं। हमारे पूरे देश में इस समय धांधली हो रही है।'' ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसा किया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यह शर्मनाक हैं और इसके खिलाफ हम लड़ते रहेंगे। हम अंत तक लड़ेंगे और हम जीतेंगे क्योंकि हमारा देश नरक में चला गया है।''

बाइडन के चुनाव प्रचार अभियान ने जूरी के फैसले का स्वागत किया। ‘बाइडेन-हैरिस 2024 कम्युनिकेशंस’ के निदेशक माइकल टायलर ने कहा, ''हमने आज न्यूयॉर्क में देखा कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है।'' ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पॉर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पॉर्न स्टार को इसका भुगतान किया।

## मिनियापोलिस में गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की मौत, संदिग्ध बंदूकधारी समेत दो मारे गए



**एजेंसी**

**मिनियापोलिस।** अमेरिका के मिनियापोलिस में एक पुलिस अधिकारी पर घात लगाकर गोलीबारी की गई, जिसमें उसकी मौत हो गई तथा इस मुठभेड़ में संदिग्ध बंदूकधारी सहित दो अन्य लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी गोलीबारी की सूचना मिलने पर एक घायल व्यक्ति को चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा था उसी दौरान उस पर घात लगाकर हमला किया गया। मिनेसोटा ब्यूरो ऑफ क्रिमिनल अप्रहेन्शन के अधीक्षक ड्रू इवांस ने बताया कि मिनियापोलिस के अधिकारी जमाल मिशेल एक घायल व्यक्ति की मदद करने की कोशिश कर रहे थे तभी एक व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। मिनियापोलिस पुलिस ने स्थानीय निवासियों को घटनास्थल के आस-पास नहीं जाने की सलाह दी है। मिनेसोटा पुलिस और पीस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने कहा कि हमलावरों की ओर से हो रही गोलीबारी का जबाव देते समय एक दूसरा अधिकारी घायल हो गया।

## अमेरिका ने डेयरी प्रकोप से जुड़े तीसरे मानव बर्ड फ्लू मामले की पुष्टि की

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंजा (एचपीएआई) ए (एच5) वायरस संक्रमण के दूसरे मानव मामले की पहचान की गई है। यह देश की डेयरी गायों में ए



(एच5एन1) के चल रहे मल्टीस्टेट प्रकोप से जुड़ा तीसरा मानव मामला है। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार नया मामला एक डेयरी फार्म कर्मचारी का है जो संक्रमित गायों के संपर्क में आया था, जो संभवतः गाय से व्यक्ति में फैलने के कारण हुआ। सीडीसी के अनुसार अमेरिका में एच5 का यह पहला मानव मामला है, जिसमें ए (एच5एन1) वायरस सहित इन्फ्लूएंजा वायरस संक्रमण से जुड़ी तीव्र श्वसन बीमारी के अधिक विशिष्ट लक्षण सामने आए हैं।

## पाकिस्तान, अजरबैजान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सहयोग को व्यापक बनाने पर सहमत



**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अजरबैजान के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को व्यापार, रक्षा, जलवायु कार्रवाई और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सहित आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार और अजरबैजान के विदेश मंत्री जेहुन बायरामोव के बीच एक बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। वे संसदीय आदान-प्रदान को बढ़ाने, सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने और छात्रों, शिक्षाविदों और व्यापारिक लोगों सहित लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर भी सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष जलवायु कार्रवाई और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और विशेषकर ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने पर सहमत हुए।

## पाकिस्तान के Supreme Court ने पत्र लिखकर ब्रिटेन से पिछली गलतियां सुधारने का किया आग्रह

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने ब्रिटिश उच्चायुक्त जेन मैरियट को पत्र लिखकर ब्रिटेन से अपनी पिछली गलतियों को सुधारने का आग्रह किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, यह पत्र प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा के निर्देश पर उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार द्वारा भेजा गया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्चायुक्त मैरियट ने हाल ही में लाहौर में आयोजित अस्मा जहांगीर सम्मेलन में लोकतंत्र और खुले समाजों के बारे में बात की थी, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया था कि ब्रिटेन को पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय से सीख लेनी चाहिए जिसने अपनी गलतियों को सुधारा है। पत्र में कहा गया है,




पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अपनी गलतियों को सुधारा है और यह जरूरी है कि ब्रिटेन भी अपनी गलतियों को स्वीकार करे और सुधारे। पत्र में कहा गया है कि ईरान में 1953 का तख्तापलट और बाल्फोर घोषणा के माध्यम से इजराइल की स्थापना ऐतिहासिक गलतियां थीं। पत्र में कहा गया है, हमें ईमानदार होना चाहिए और खुलेपन की भावना के साथ पिछली गलतियों को स्वीकार करना चाहिए। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अपनी पिछली गलतियों को पहचाना है, उन्हें ठीक किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि वे दोहराई न जाएं। पत्र में यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला गया है, जैसा कि किंग चार्ल्स तृतीय की सरकार खुले समाज और लोकतंत्र की ज़रूरत पर ज़ोर देती है... हम आपके देश के लोगों के खुलेपन और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हैं।÷ पत्र में ब्रिटेन से अपनी गलतियों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है, लेकिन इसमें अविभाजित भारत में ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा किए गए जघन्य अपराधों का उल्लेख नहीं किया गया है।

## पाकिस्तान में गैस सिलेंडर विस्फोट में 40 लोग घायल

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो जाने से कम से कम 40 लोग घायल हो गए। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। जिले की पुलिस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह घटना प्रांत के हैदराबाद जिले में गैस सिलेंडर बेचने वाली एक दुकान में हुई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट से भीषण आग लग गई और तेजी से आसपास के कई घरों में फैल गई जिससे लोगों को भागने का बहुत कम समय मिला। घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 10 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## बाइडेन प्रशासन कर रहा यूक्रेन पर लगे हथियार प्रतिबंधों को हटाने पर विचार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रशासन ने कुछ दिन पहले यूक्रेन पर अपने हथियारों से रूसी क्षेत्र में हमला करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब रूस के यूक्रेनी क्षेत्रों की ओर बढ़ते कदमों को देखते हुये अपने हथियारों से प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहा है। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर इसलिये विचार कर रहा है क्योंकि रूस के सैनिक लगातार यूक्रेनी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे यहां के हालात पहले से अधिक बिगड़ते रहे हैं जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक प्रतिबंध हटाने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## जेल में बंद इमरान खान को राहत, नौ मई 2023 के दंगों से जुड़े दो मामलों में बरी

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ ‘अपर्याप्त सबूत’ का हवाला देते हुए बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था।

पीटीआई संस्थापक के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी। अदालत ने खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा, ÷चूंकि अभियोजन द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक को बरी किया जाता है। खान को 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया



था। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया। खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए थे।

पीटीआई संस्थापक के खिलाफ लंबे मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के लिए मामले दर्ज किए गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद, उनके हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया।

## उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर दागीं कई बैलिस्टिक मिसाइलें, घबराए दक्षिण कोरिया का दावा

**एजेंसी**

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने गुरुवार तड़के जापान सागर की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी जिससे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उत्तर कोरिया के इस कदम कड़ी निंदा की की है और अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के साथ सहयोग की उम्मीद जताई है। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने दक्षिण कोरियाई संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के हवाले से बताया कि प्योंगयांग ने आज जापान सागर की ओर कुल 10 छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

रिपोर्ट में जापानी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं। एनएचके ने किशिदा के हवाले से कहा, उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों का उल्लंघन करता



है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। हम जानकारी एकत्र करने और निगरानी बनाए रखने का काम जारी रखेंगे। हमें अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ घनिष्ठ सहयोग बनाए रखने की उम्मीद है।

जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने दक्षिण की सेना के हवाले से बताया कि मिसाइलें समुद्र में गिरने से पहले लगभग 350 किलोमीटर (217 मील) की दूरी तय कर चुकी थीं।

## ईरान ने इब्राहिम रईसी के हेलिकॉप्टर दुर्घटना के पीछे साजिश की आशंका से किया इनकार, जारी की रिपोर्ट

**एजेंसी**

**चेम्सफोर्ड।** तेहरान। ईरान ने ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके दल के हेलिकॉप्टर की दुर्घटना के पीछे किसी साजिश अथवा गड़बड़ी की आशंका से इनकार किया है, जिसमें राष्ट्रपति समेत हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मृत्यु हो गयी थी। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि सशस्त्र बलों के प्रमुख (जनरल स्टाफ) ने बुधवार को हेलिकॉप्टर दुर्घटना के कारणों पर दूसरी रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलिकॉप्टर के मलबे और शेष हिस्सों पर किये गये परीक्षणों के परिणामों और जिस तरह से अवशेष घटनास्थल पर बिखरे हुए थे, उसे देखते हुए दुर्घटना से पहले किसी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नजर नहीं आती। रिपोर्ट के अनुसार हेलिकॉप्टर के ढांचे (फ्यूजलेग) से



अवशेष की दूरी के मद्देनजर उड़ान के दौरान या पहाड़ में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ क्षण पहले साइबर हमले के कारण विस्फोट होने की आशंका को खारिज कर दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर पर साइबर हमले का कोई संकेत नहीं मिला है, हालांकि पूर्वी अजरबैजान प्रांत की राजधानी तबरीज लौटते समय रास्ते में मौसम की स्थिति क्या थी, इसके बारे में आगे की जांच की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट के अनुसार, विमान में सवार यात्रियों और उपकरणों का कुल वजन उड़ान भरने के समय और उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर की अधिकतम भार सीमा के अनुपात में था। इसके अलावा, उड़ान के दौरान और हादसा होने से 69 सेकंड पहले तक हेलिकॉप्टर के उड़ान दल के साथ निर्दिष्ट आवृत्तियों पर संपर्क बनाए रखा गया था, जिससे संचार प्रणाली में किसी भी व्यवधान या आवृत्ति हस्तक्षेप की आशंका को खारिज कर दिया गया। ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख की जांच समिति की पहली रिपोर्ट 23 मई को जारी की गई थी।

## अवैध बाघ व्यापार से निपटने के लिए एक मॉडल बन सकता है दक्षिण कोरिया

**एजेंसी**

**लंदन।** अवैध वन्यजीव व्यापार सभी एशियाई बड़ी बिल्लियों, बाघ, तेंदुए, हिम तेंदुए और एशियाई शेरों के साथ-साथ क्लाउडेड तेंदुए और एशियाई चीता सहित कम ज्ञात प्रजातियों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। इसी कारण से एशियाई बड़ी बिल्लियां अंतरराष्ट्रीय कानून और वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन के तहत सबसे सख्ती से संरक्षित जानवरों में से कुछ हैं, जिन्हें साइट्स के नाम से जाना जाता है। लेकिन बड़ी बिल्लियों का अवैध व्यापार एक वैश्विक मुद्दा बना हुआ है जो विभिन्न प्रकार के देशों को प्रभावित करता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका विकास जारी है। यूके के हीथ्रो हवाई अड्डे जैसे प्रमुख वैश्विक परिवहन केंद्रों को बड़ी बिल्ली के शरीर के अंगों और अन्य वन्यजीव प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी के लिए लगातार चौकन्ना



रहना होता है। एक देश जिसे वैश्विक संरक्षण समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया गया है वह दक्षिण कोरिया है। 1990 के दशक में, खबरों की एक श्रृंखला ने दक्षिण कोरिया को उस व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में पहचाना जो बाघों की आबादी को कम कर रहा था। कोरिया में बाघ और तेंदुआ संरक्षण कोष के साथ साझेदारी में काम करने वाले एक संरक्षण जीवविज्ञानी के रूप में, मैं यह जानना चाहता था कि पिछले 30 वर्षों में क्या हुआ था। कोरियाई प्रायद्वीप ऐतिहासिक रूप से अमूर बाघ और अमूर तेंदुए दोनों का घर था। 19वीं सदी के अंत में, जैसे ही देश के बंदरगाह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए खुले, बड़ी बिल्ली की खाल के निर्यात की लहर चल पड़ी। इन दुर्लभ जानवरों की स्थानीय आबादी तेजी से समाप्त हो गई और दक्षिणी कोरिया में आखिरी बाघों को 1920 के दशक की शुरुआत में जापानी ट्रॉफी शिकारियों द्वारा मार दिया गया। अमूर तेंदुआ कोरियाई युद्ध (1950-53) के दौरान जीवित रहने में कामयाब रहा, लेकिन अंततः 1970 में शिकार के दबाव के आगे झुक गया। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण कोरिया अंतरराष्ट्रीय बड़ी बिल्ली व्यापार में एक निर्यातक से एक प्रमुख आयातक बन गया। 1990 के दशक की शुरुआत तक, दक्षिण कोरिया बाघ की हड्डी के दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में से एक था। चीन के साथ-साथ, यह बाघ की हड्डी से प्राप्त उत्पादों का एक प्रमुख वैश्विक निर्माता भी था, जिन्हें विभिन्न पारंपरिक एशियाई दवाओं में उपयोग के लिए निर्यात किया जाता था। 20वीं सदी की शुरुआत तक सियोल के आसपास के पहाड़ों में बाघ और तेंदुओं का निवास था। यह संख्या चौंका देने वाली है, यह देखते हुए कि आज बाघ कितने दुर्लभ हैं।

## सैन्य पुरस्कार मिला तो मेजर सेन ने इसे बताया बेहद खास पल, सर्वोच्च बलिदान देने वाले नाइक धनंजय भी सम्मानित

**कांगो** । कांगो में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मिशन में सेवा दे चुकी भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन और नाइक धनंजय कुमार सिंह को सैन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पुस्कार को लेकर राधिका सेन ने कहा कि उनके लिए यह पुरस्कार बेहद खास है। बता दें, आज अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर मेजर राधिका सेन को ‘2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड’ दिया गया।

**यह पुरस्कार मेरे लिए खास: राधिका सेन**

मेजर राधिका सेन ने कहा, ‘यह पुरस्कार मेरे लिए खास है क्योंकि यह यूनेस्को के चुनौतीपूर्ण माहौल में काम करने वाले सभी शांति सैनिकों द्वारा की गई कड़ी मेहनत को मान्यता देता है। मैं संयुक्त राष्ट्र और सदस्य देशों को प्रोत्साहित करता हूं कि वे इस पुरस्कार द्वारा बनाए गए समृद्ध






नेटवर्क का लाभ उठाएं।'

**नाइक धनंजय कुमार सिंह को सम्मान मिलने पर कंबोज**

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच पर कहा, ‘आज महासचिव गुटेरेस ने नाइक धनंजय कुमार सिंह को डैग हैमरस्क्जोंल्ड मेडल से सम्मानित किया, जिन्होंने अपने कर्तव्य के दौरान कई बलिदान दिए। उनकी व्यावसायिकता और समर्पण को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। हम उनके परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं और शांति के लिए उनकी सेवा की विरासत का सम्मान करते हैं।?

**कौन हैं मेजर सेन?**

बता दें कि मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं। वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश की रहने वाली हैं। उनका जन्म 1993 में हुआ था और वह आठ साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुई थीं। मेजर राधिका सेन ने बायोटेक इंजीनियर में स्नातक किया, इसके बाद ही उन्होंने भारतीय सेना में शामिल होने का फैसला किया था।

कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# कृषि उत्पादों के बाजार में किसानों की भागीदारी बढ़नी चाहिए: धनखड़



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि उत्पादों के बाजार में किसानों की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत के निर्माण में खेती किसानी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। श्री धनखड़ ने आज नैनीताल में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शिक्षकों के साथ संवाद किया। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में कृषि और किसानों के महत्व का उल्लेख करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के महायज्ञ में सबसे महत्वपूर्ण आहुति किसान की होगी।' उन्होंने किसानों को कृषि उत्पादों के व्यवसाय, उनसे जुड़े उद्योगों में भागीदार बनाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि उत्पादों के बाजार और उनके मूल्य संवर्धन में शामिल होना चाहिए।

# पश्चिमोत्तर राज्यों और दिल्ली में 2-3 दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** । दिल्ली सहित कई स्थानों पर तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के पार होने के बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमोत्तर भारत और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुछ राहत की उम्मीद जताते हुए जल्द ही बूंदाबांदी के साथ आंधी आने की संभावना व्यक्त की है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बयान में कहा कि आने वाले पश्चिमी विक्षोभ, बारिश या तूफान और अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बहने वाली दक्षिण-पश्चिमी हवा के कारण तापमान में मध्यम गिरावट के कारण अगले 2-3 दिनों के दौरान भीषण गर्मी की स्थिति कम हो जाएगी।

पिछले कुछ दिनों में पूरे उत्तर-पश्चिम भारत को लू ने अपनी चपेट में ले लिया है, जहां अधिकतम



तापमान राजस्थान के चुरू में 50 डिग्री सेल्सियस से अधिक तक पहुंच गया है। मौसम एजेंसी ने हालांकि कहा कि शुष्क मौसम के साथ भीषण गर्मी की स्थिति एक जून तक देश के कई हिस्सों में जारी रहेगी तथा अगले दो-तीन दिनों में उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में मौजूदा स्थितियां धीरे-धीरे कम हो जाएंगी। आईएमडी ने कहा कि लिए लू चेतावनी को 'रेड अलर्ट' से 'ऑरेंज अलर्ट' में बदल दिया। अनुमान है कि तापमान में 2 डिग्री से से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली ने गुरुवार के लिए अपने पूर्वानुमान में कहा, ÷आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी। बहुत हल्की बारिश/बूंदाबांदी के साथ तेज हवाओं (गति 25-35 किमी प्रति घंटे) के साथ आंधी/धूल भरी आंधी की संभावना है। मुंगेशपुर मौसम केंद्र में पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। इस पर मौसम विभाग ने कहा कि यह दोषपूर्ण सेंसर का परिणाम हो सकता है। मौसम विभाग ने एक बयान में कहा, दिल्ली एनसीआर में अधिकतम तापमान शहर के विभिन्न हिस्सों में 45.2 डिग्री से 49.1 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मुंगेशपुर में अन्य स्टेशनों की तुलना में 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सेंसर में त्रुटि या स्थानीय कारक के कारण हो सकता है। इस मामले में आईएमडी डेटा और सेंसर की जांच कर रहा है। भू विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि दिल्ली में 52 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बहुत ही असंभव है।

दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र, सफदरजंग वेधशाला ने बुधवार को अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो 79 वर्षों में सबसे अधिक है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने कहा कि गुरुवार को बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में लू से लेकर गंभीर लू की स्थिति होने की संभावना है। यह भी कहा गया है कि 30 और 31 मई को कोंकण और गोवा के अलग-अलग हिस्सों में गर्म और आर्द्र मौसम रहने की संभावना है।

# पम्मा एनयूबीसी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष एस गीता ने प्रमुख समाजसेवी फेडरेशन का सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा को नेशनल यूनियन ऑफ बैकवर्ड क्लासेस (एनयूबीसी) का वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्रीमती गीता ने गुरुवार को श्री पम्मा को पत्र लिख कर कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मैं आपको तीन साल (15 मई 2024 से 14 मई 2027) के कार्यकाल के लिए एनयूबीसी के 'वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष' के रूप में आपकी नियुक्ति की पुष्टि करने के लिए पत्र लिख रही हूं। यह 28 अप्रैल 2024 को तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित एनयूबीसी की आम सभा की कार्यकारी समिति की बैठक में पारित प्रस्तावों के अनुरूप है।

## चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने घटाई प्रधानमंत्री पद की गरिमा : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान खुद को महिमा मंडित किया, बेरोजगारी एवं महंगाई जैसे जनता के मुद्दों को दरकिनार किया ,आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया और प्रधानमंत्री पद की गरिमा को हटाया। श्री खड़गे ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान जनता के मुद्दों को पीछे धकेला और सिर्फ विपक्ष पर निशाना साधकर खुद को महिमा मंडित करने का काम किया है। इस चुनाव में श्री मोदी ने पूरी तरह से जनता को गुमराह करने का काम किया है और बेरोजगारी, महंगाई तथा दूसरे जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कहना आश्चर्य की बात है कि उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में ज्यादा जनकारी रिचर्ड एटनबरो की फ़िल्म से मिली है। श्री खड़गे ने कहा, श्री मोहनदास करमचंद गांधी को पूरी दुनिया अहिंसा के पुजारी के रूप में जानती हैं और कई देशों में उनकी प्रतिमाएं है लेकिन श्री मोदी कहते हैं कि उन्हें राष्ट्रपिता के बारे में जानकारी इस फ़िल्म से मिली है तो यह बहुत आश्चर्यजनक है और इससे यह भी साफ होता है कि उन्हें संविधान की कोई जानकारी नहीं है।

## दुष्कर्म के मामले पर झारखंड पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है। महिला आयोग ने यहां बताया कि आयोग इस घटना की कड़ी निंदा करता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने झारखंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में संज्ञान लिया है और राज्य के पुलिस महानिदेशक को इस पर तेजी से कार्रवाई और निष्पक्ष जांच करने को कहा है।

National Commission for Women, India
राष्ट्रीय महिला आयोग
सेवा ही लक्ष्य
झारखंड पुलिस

## रेटिंग एजेंसी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर अर्थव्यवस्था घोषित करना उपलब्धि- भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर अर्थव्यवस्था से सकारात्मक अर्थव्यवस्था घोषित करने को देश की एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए आज कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुविचारित सुधारों की वजह से यह मुकाम हासिल हुआ है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने यहाँ पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एस एंड पी द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को स्थिर अर्थव्यवस्था से सकारात्मक अर्थव्यवस्था घोषित करने का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्षी दलों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई है लेकिन वैश्विक एजेंसियों को भारत की तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था स्पष्ट दिखाई दे रही है।

भा. ज. पा.

# बिश्केक में स्थिति सामान्य, भारतीय दूतावास छात्रों की कर रहा है मदद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में विदेशी छात्रों पर भीड़ की हिंसा के कुछ दिनों बाद स्थिति सामान्य है और भारतीय दूतावास छात्रों की सहायता कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा बिश्केक में स्थिति सामान्य बनी हुई है। दो सप्ताह पहले भारतीयों के बजाय विदेशी छात्रों के साथ कुछ घटनाएं हुई थीं जिससे हमारे छात्रों में चिंता पैदा हो गई थी।

किर्गिस्तान गणराज्य में लगभग 17,000 भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं जिनमें से अधिकांश बिश्केक में हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास ने



भारतीय छात्रों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तुरंत उनसे संपर्क किया और उनकी सहायता के लिए हेल्पलाइन भी खोलीं। उन्होंने कहा हमने यह मामला स्थानीय अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष भी उठाया ताकि हमारे छात्रों की भलाई और सुरक्षा का ध्यान रखा जा सके। उन्होंने बताया कि वहां परीक्षा का समय है और परीक्षा खत्म होने के बाद गर्मी की छुट्टियां पड़ जाएंगी इस दौरान कई भारतीय छात्र घर लौटेंगे। श्री जयसवाल ने कहा सप्ताह में दो बार दिल्ली और बिश्केक के बीच सीधी उड़ानें हैं और जो छात्र घर आना चाहते हैं उनके लिए अल्माटी से होकर भी उड़ानें हैं। हमारा दूतावास हमारे छात्रों की हर तरह से सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महात्मा गांधी को लेकर मोदी की टिप्पणी पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए यहां प्रदर्शन किया और कहा की श्री मोदी का यह बयान अत्यंत शर्मनाक है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए श्री मोदी की इस टिप्पणी की कड़ी आलोचना की कि उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में जानकारी उन पर बनी फिल्म से मिली है।



## केजरीवाल की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने ईडी से किया जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी को जबाव तलब किया।

राउज एवेन्यू स्थित ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली उनकी याचिकाओं पर अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए समय देने की गुहार लगाई थी।

लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इस मामले में विशेष अदालत में पहली बार जमानत याचिका दायर की है। अंतरिम जमानत देते हुए शीर्ष अदालत ने उन्हें दो जून को उन्हें जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने का भी निर्देश दिया था।विशेष अदालत के समक्ष श्री केजरीवाल ने नियमित जमानत याचिका के अलावा अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए सात दिन की अंतरिम जमानत की भी अदालत से गुहार लगाई है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री ने श्री केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने मंगलवार को केजरीवाल की अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने तब याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी से कहा था कि (केजरीवाल के) आवेदन को सूचीबद्ध करने के संबंध मुख्य न्यायाधीश कोई फैसला कर सकते हैं।

# हमें महत्त्वपूर्ण आर्थिक ताकत बनना पड़ेगा, तभी हम विरासत को बचा कर रख पाएंगे : हरिवंश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि हमारे देश के समृद्ध अतीत को, बेहतर चीजों को हमें बचाकर रखना है, उससे भविष्य के लिए प्रेरणा लेनी है, तो हमें महत्त्वपूर्ण आर्थिक ताकत बनना पड़ेगा, तभी हम इस विरासत को बचा कर रख पाएंगे और इसे आगे ले जा पाएंगे।

इंदिरा गांधी कला केंद्र की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जवाहर कर्नावट द्वारा लिखित पुस्तक 'विदेश में हिंदी पत्रकारिताः 27 देशों की हिंदी पत्रकारिता का सिंहावलोकन' का लोकार्पण करने के बाद श्री हरिवंश ने कहा कि यह पुस्तक विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के 120 वर्षों का विवरण प्रस्तुत करती है, जिसे लेखक जवाहर कर्नावट ने ढाई दशकों से ज्यादा समय के श्रम और शोध से तैयार किया है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों के लिए 'आईजीएनसीए बुक सर्किल' के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ÷लोगों और बुद्धिजीवियों के बीच बौद्धिक चेतना पैदा करने का यह एक कर्मठ प्रयास है।÷ उन्होंने कहा कि यह पुस्तक भविष्य में लिखने



वाले लोगों के लिए एक संदर्भ ग्रंथ की तरह है। उन्होंने बल देकर कहा कि किसी भी देश की भाषाई पत्रकारिता को देश की आर्थिक स्थिति से ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से हमें पहली प्रेरणा मिलती है कि हमारे देश के समृद्ध अतीत को, बेहतर चीजों को हमें बचाकर रखना है, उससे भविष्य के लिए प्रेरणा लेनी है, तो हमें महत्त्वपूर्ण आर्थिक ताकत बनना पड़ेगा। तभी हम इस विरासत को बचा कर रख पाएंगे और इसे आगे ले जा पाएंगे। उन्होंने अपने सम्बोधन के अंत में कहा कि यह पुस्तक समकालीन पाठकों को हिंदी पत्रकारिता के वैश्विक परिप्रेक्ष्य के बारे में शिक्षित करने वाली है, जिससे आज के समय में उनकी समझ समृद्ध होगी। पुस्तक का लोकार्पण राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय, सप्रे संग्रहालय, भोपाल के संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, आईजीएनसीए के डीन (प्रशासन) एवं कलानिधि प्रभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश चंद्र गौड़, वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी और श्रीमती अलका सिन्हा ने किया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री राय ने अपने सम्बोधन की शुरुआत में लेखक से अनुरोध किया कि पुस्तक का अगला संस्करण आए, तो इसका नाम 'दुनिया भर में हिंदी पत्रकारिता' कर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि सिंगापुर में हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत सैनिकों ने की थी। उन्होंने कहा, ÷पुस्तक पढ़ते समय आपको लगेगा कि हिंदी पत्रकारिता प्रेम का धागा है, जो दुनिया में भारत से चलता है और भारत आकर पहुंचता है। ये एक वर्तुल बनाता है। वहीं श्री श्रीधर ने कहा कि पत्रकारिता की एक परिभाषा बताई गई है कि जिसे छिपाया जा रहा हो, समाचार वो है, बाकी सब प्रचार है। विदेशों में जो गिरमिटिया गए थे, वे ही वहां हिंदी लेकर गए थे। ये वो भारतीय थे, जिन्होंने परदेस में स्वदेश रचने की सांस्कृतिक यात्रा की। उस यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान पत्र-पत्रिकाओं का है, जिसको बताने का बहुत बड़ा काम इस पुस्तक में किया गया है। अनिल जोशी ने कहा कि विदेशों में हिंदी पत्रकारिता प्रतिकार की पत्रकारिता, संघर्ष की पत्रकारिता, विद्रोह की पत्रकारिता है। विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के विकास क्रम के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि विदेश में हिंदी पत्रकारिता के कई चरण हैं।

# पीओके भारत का अभिन्न अंग है : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना की मदद से बंकर एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण का कड़ा विरोध करते हुए गुरुवार को कहा कि पूरा पीओके भारत का अभिन्न अंग है और यह कदम हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना की मदद से बंकर एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के बारे में प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा,÷पीओके पर हम अपनी स्थिति पर कायम हैं। पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का हिस्सा हैं, भारत का अभिन्न अंग हैं। वे अभिन्न अंग थे। वे भारत का अभिन्न अंग हैं और वे भारत का अभिन्न अंग बने रहेंगे। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। यह हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ है। ÷

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा कारगिल युद्ध की जिम्मेदारी लिये जाने का जिक्र करने पर प्रवक्ता ने कहा, ÷आपको इस मुद्दे पर हमारी राय मालूम है। हम देख रहें हैं कि पाकिस्तान में भी, वास्तविकता पर आधारित नज़रिया सामने आ रहा है। बंगलादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के कोलकाता के पास

**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा कारगिल युद्ध की जिम्मेदारी लिये जाने का जिक्र करने पर प्रवक्ता ने कहा, ÷आपको इस मुद्दे पर हमारी राय मालूम है। हम देख रहें हैं कि पाकिस्तान में भी, वास्तविकता पर आधारित नज़रिया सामने आ रहा है। बंगलादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के कोलकाता के पास हत्या किये जाने के बारे में पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। दोनों देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां ??समन्वय कर रही हैं और मामले में आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है।**

हत्या किये जाने के बारे में पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। दोनों देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां ??समन्वय कर रही हैं और मामले में आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। जांच में सरकार बंगलादेश पक्ष को आवश्यक सहयोग दे रही है। अमेरिका में रहने वाले खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश की जांच के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच के लिए समिति गठित हो चुकी है और जांच जारी है। इस से अधिक और कुछ नहीं कहा जा सकता है।

इसी मामले में आरोपी निखिल गुप्ता के प्रत्यर्पण मामले पर उन्होंने कहा, ÷हम समझते हैं कि चेक गणराज्य की संवैधानिक अदालत ने श्री निखिल गुप्ता के प्रत्यर्पण की स्वीकार्यता पर संबंधित अदालतों के पहले के फैसलों को बरकरार रखा है। हमें इसके बाद की कार्रवाई के किसी फैसले के बारे में जानकारी नहीं है। दुष्कर्म मामले में वांछित सांसद प्रज्वल रेवन्ना के राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए पासपोर्ट अधिनियम 1967 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पासपोर्ट धारक को 23 मई को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उन्हें हमारे नोटिस का जवाब देने के लिए 10 कार्य दिवस दिए गए थे। हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं और नियमों के मुताबिक आगे की कार्रवाई करेंगे। थाईलैंड और श्रीलंका द्वारा ब्रिक्स की सदस्यता के लिए रुचि दिखाने के विषय में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम लगातार कहते रहे हैं कि ब्रिक्स हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मंच है और हम इस साल ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में रूस द्वारा आयोजित होने वाली बैठकों में अपनी भागीदारी के लिए उत्सुक हैं। जहां तक ??सदस्यता की बात है, जहां तक ??ब्रिक्स का संबंध है, यह निर्णय लेना समूह का काम है और समूह अपने द्वारा निर्धारित कुछ मानदंडों के आधार पर निर्णय लेता है, इसलिए यदि समूह विस्तार की किसी विशेष सदस्यता पर निर्णय लेता है या किसी विशेष देश पर विचार करता है, तो समूह ब्रिक्स समूह के दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसा करेगा। उज्बेकिस्तान की राजधानी बिश्केक की स्थिति पर श्री जायसवाल ने कहा, 'वहां स्थिति सामान्य बनी हुई है।


**NAME CHANGE**

I, MAMTA D/O JASPAL MANCHANDA residing at MAKAN NO-2696 GALI NO 1 KAROL BAGH BIDAN PURA DELHI-110005 have changed my name to MAMTA MANCHANDA for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, SANJU wife of NO-3015175H Rank-NK Name- SITENDRA SINGH R/O VILL-HUDAS, PO-HUDAS, TEH-LADNUN, DISTT-NAGAUR, RAJASTHAN-341316 have changed my name from SANJU to SANJU KUMARI for all future purposes vide Affidavit Dated 31/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, S JANCIMARY Wife of No 15785148M, Rank-L/HAV, Name-S RUBAN RAJ Presently residing at VPO-MARAMBADI, DISTT-DINDIGUL, TAMIL NADU-624709 have changed my name from S JANCIMARY to S JANCI MARY for all future purposes vide Affidavit dated 31/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, ATUL KUMAR TANWAR s/o RAJBIR SINGH TANWAR r/o WZ-102, NARAINA VILLAGE, DELHI-110028 have my changed name from ATUL KUMAR TANWAR to ATUL TANWAR for future purposes.

**NAME CHANGE**

I, KIRAN w/o ATUL TANWAR resident of WZ-102, NARAINA VILLAGE, DELHI-110028 have my changed name from KIRAN to KIRAN TANWAR for future purposes.

**NAME CHANGE**

I, SARDUL SINGH father of NO-3015175H Rank-NK Name- SITENDRA SINGH R/O VILL-HUDAS, PO-HUDAS, TEH-LADNUN, DISTT-NAGAUR, RAJASTHAN-341316 have changed my name from SARDUL SINGH to SADUL SINGH for all future purposes vide affidavit dated 31/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-15818664K Rank- HAV Name- JITENDER KUMAR S/o KARTAR SINGH R/o VPO-UPPER JEHMAT, TEH-BALDWARA, DISTT-MANDI, HIMACHAL PRADESH-175033 have changed my Minor daughter's name from ELVIN THAKUR to ELVIIN THAKUR for all future purposes vide affidavit dated 31/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SREERAM LAKSHMI DEVI wife of No. 15708627N Rank-NK Name-KURAKU SRINIVASULU presently residing at VPO-HANUMAN-THARAYUNI PALLI, TEHSIL-KOMA-ROLE, DISTT-PRAKASAM, A.P-523373 have changed my name from SREERAM LAKSHMI DEVI to KURAKU LAKSHMI DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 31/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

My client Gopal Kapoor s/o Late Sh. S.K. Kapoor R/o K-52, Green Park Main, New Delhi- 110016, has disowned and debarred his son Ashish Kapoor & his wife Preeti Kapoor and grand child Kaashvi Kapoor from my movable & immovable assets and have no relation with them in future. My client shall not be responsible for any civil and criminal acts & deeds.

**Saurabh Sharma Advocate**
B-7 Extn.-6SAFDARJUNG ENCLAVE NEW DELHI-29

**NAME CHANGE**

I, KAUSHALYA DEVI mother of NO-3012924H NK MAHIPAL R/o VILL-ISHRAKABAS, PO-BABERI, TEH-BANSUR, DISTT-ALWAR, RAJASTHAN-301412 have changed my name from KAUSHALYA DEVI to KAUSHLYA DEVI for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 28/11/1957 instead of my correct date of birth as 01/01/1950 vide affidavit dated 31/05/2024 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No-15813408L Rank-NK, Name-SATISH THUMULURU Presently residing at VPO-LEBURU, TEH-INDUKURUPET, DIST-NELLORE, ANDHRA PRADESH-524314 have changed my mother's name from T BUDAMANH to THUMULURU PADMAMMA for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 10/02/1970 instead of her correct date of birth as 01/01/1971 Vide Affidavit dated 31/05/2024 before Executive Magistrate, Delhi.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्री मुकेश शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री भोज राज शर्मा निवासी प्लॉट नंबर 27 बी , विकास विहार, विकास नगर , उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली 110059 ने अपने पुत्रों धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, महेश शर्मा वे हरपाल शर्मा के गलत संगत में पड़ने वे गलत आचरण के कारण उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। साथ ही उन्हें अपनी सभी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और उनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे चारो स्वयं जिम्मेदार होंगे 7 कोई भी व्यक्ति कथित धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, महेश शर्मा व हरपाल शर्मा से किसी भी प्रकार का लेन-देन करता है व कोई भी कार्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा 7

**Ashish Chopra Advocate**
Chamber-342, Dwarka District Court, Sector 10 Dwarka New Delhi-110075

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, LEENA MATHEW W/o DENNIS SANJEEV MATHEW, R/o G-154B, Ground Floor, Khasra No.1528, Phase-6, Aya Nagar Extn., Aya Nagar, Delhi-110047, declare that name of mine has been wrongly written as LEENA VICTORIA D'CRUZE in my marriage and 10th certificate, LEENA DCRUZE in my Aadhaar Card and LEENA DCRUZ in my pan card. The actual name of mine is LEENA MATHEW respectively, Which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

**To Whom so ever it may concern**

Mrs. Praveen Dogra W/o Late Mr. S.K Dogra & Ms. Ritu Pokhriyal D/o Ansuya Prasad Pokhriyal were absolute owner of Property bearing No. WZ-862/2, having land area measuring 127 Sqyds Part of Khasra No. 94/14, situated in the abadi known as Sadh Nagar, Palam Colony, in Gali No. 15, in the area of Village Palam, Delhi State Delhi, New Delhi and whereas Mr. Phool Chand, 2) Mrs. Mamta, 3) Mr. Mahesh Kumar & 4) Mr. Rakesh Kumar are only legal Heirs of Mrs. Usha Devi (died on dated 27/04/2021) and Mr. Pawan Kumar (died on dated 24/09/2016) if anybody found above mentioned deed kindly contact on-9540419009 **(Advocate Deepak Malik)** within 7 days.
Off: Shop no. 2, 1st First floor Kataria complex, Near Axis Bank, New Railway Road Gurugram-122001

## वोटों की गिनती करनी वाली टीमों के अलावा माइक्रो ऑब्जर्वर भी रहेंगे तैनात

एजेंसी

**जींद।** लोकसभा चुनाव में मतदान के अब वोटों की गिनती कार्य में अलग-अलग टीमों के अलावा माइक्रो ऑब्जर्वर की भी तैनात रहेंगे। मतगणना का कार्य चार जून को कड़ी सुरक्षा के बीच पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जुलाना विधानसभा के एआरओ डा. हरीश वशिष्ठ स्थानीय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन मतगणना कर्मियों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि मतगणना को लेकर 270 कर्मियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं। प्रत्येक मतगणना केंद्र के लिए 18-18 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में तीन कर्मियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा प्रत्येक मतगणना केंद्र के लिए 18-18 माइक्रो ऑब्जर्वरों को भी तैनात किया गया है। मतगणना कार्य को निर्बाध तरीके से संपन्न करवाने के लिए मतगणना केंद्रों में ईवीएम मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी मतगणना कर्मियों को निर्देश दिए कि वे चार जून को सुबह छह बजे मतगणना केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मतगणतना कर्मी सहित कोई भी व्यक्ति अपने साथ मतगणना केंद्रों में मोबाइल या अन्य कोई भी इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस अपने साथ लेकर नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। मतगणना को लेकर हर मतगणना केंद्र में 14-14 टेबलें लगाई जाएंगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री को नहीं है अधिकारियों व कर्मचारियों को धमकी देने का कोई अधिकारज़ हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान लोकसभा चुनाव में उनकी हार की स्वीकृति है। हार की बौखलाहट में ही बीजेपी के पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों को धमकी दे रहे हैं। जबकि उनके पास ना कर्मचारी को धमकी देने और ना ही उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई करने का अधिकार है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर किस अधिकार से वो चुनाव के दौरान और अब मतदान होने के बाद भी में धमका रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर खुद एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी हैं। कोई शिकायत होती भी तो उसका निवारण चुनाव आयोग को करना था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान भी मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में वोटिंग के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने की जानकारी नहीं आई। बावजूद इसके भाजपा नेता अब बोगस वोटिंग के बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। जबकि देश और प्रदेश दोनों जगह बीजेपी की सरकार है, हर पोलिंग बूथ में बीजेपी के एजेंट मौजूद थे। मौके पर किसी भी एजेंट ने ऐसी कोई शिकायत नहीं की। लेकिन जब बीजेपी को हार सामने दिखने लगी तो हताशा में उसके नेता ऐसी बयानबाजी करने लगे। ऐसे बयानों से स्पष्ट है कि बीजेपी हार स्वीकार कर चुकी है।

## तालाब में रखे सरकंडों में लगी आग, टैंट हाउस को लिया चपेट में

**हिसार।** जिले के कस्बे बरवाला में सयानी तालाब में रखे सरकंडों में अचानक भीषण आग लग गई।सरकंडों में लगी आग इतनी भीषण थी कि आसपास के लोग आग की लपटों से डर गए। आग को बुझाने के लिए लोगों ने अपने स्तर पर प्रयास किया लेकिन आग ने ज्यादा विकराल रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि दोपहर को लगी यह आग फैलकर एक तरफ टेंट की दुकान तक पहुंच गई। दूसरी तरफ पशुओं के बाड़े में भी आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। तालाब के पास में बनी एक टेंट के गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में रखा लाखों रूपए का सामान आग से जलकर राख हो गया। लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौक़े पर पहुंची, जिन्होंने करीब चार घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पति की मौत

**हिसार।** निकटवर्ती गांव धीरणवास के पास ट्रक व बाइक की टक्कर में बाइक सवार 40 वर्षीय रमेश की मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी गीता गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव रावलवास कलां निवासी 40 वर्षीय रमेश कुमार की पत्नी गीता के दांत में दर्द था। वह उसका इलाज करवाने के लिए उसे बाइक पर हिसार लेकर आया था। दोपहर बाद इलाज करवाने के बाद बाइक पर घर जा रहे थे। जब वे धीरणवास गांव के पास पहुंचे तो बालसमंद की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते रमेश कुमार और उसकी पत्नी गीता सड़क पर जा गिरे। हादसे में सिर में चोट आने के कारण रमेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गीता के हाथ और कमर पर चोट आई है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। घायल महिला को राहगीरों ने हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया।

# कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ड्रामेबाज है और जनता की आंखों में धूल झोंक रही है : नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब में इंडी गठबंधन पर तीखे प्रहार किए। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पंजाब में आमने-सामने चुनाव लड़ने का ड्रामा कर रही है, वहीं हरियाणा और दिल्ली में एक साथ चुनाव लड़कर लोगों को ठग रही है। सीएम सैनी चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पठानकोट के फतेहगढ़ चुड़ियां और तारागढ़ में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। यहां सैनी ने कहा कि देश और पंजाब के विकास के लिए मोदी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को मजबूत करने का काम करें।

भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में फतेहगढ़ चूड़ियां और तारागढ़ में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि राष्ट्रवाद और समाज हित पंजाब के बंधुओं के लिए सर्वोपरि है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी वोट की शक्ति से भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों का मोदी की गारंटी पर अटूट विश्वास है और प्रदेश की सभी सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाने का काम जनता करेगी।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। अब कांग्रेस के साथ एक और भ्रष्टाचारी पार्टी आम आदमी पार्टी जुड़ गई है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां ड्रामेबाज हैं, पंजाब में




अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं और दिल्ली तथा हरियाणा में एक साथ इन पार्टियों ने चुनाव लड़कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। जनसभाओं के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं को यह भी नहीं पता कि उनका लीडर कौन है। आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मंत्री भी जेल की हवा खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के जो लोग पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था पर किसी समय सवाल खड़े करते थे, आज खुद ही पंजाब कि कानून व्यवस्था सही न होने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं।

पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में सैनी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग देश के अंदर भ्रष्टाचार के लिए वोट मांग रहे हैं। घमंडिया गठबंधन पर तीखे प्रहार करते हुए नायब सैनी ने कहा कि जो देश को तोड़ने वाली ताकते हैं उन ताकतों के साथ बैठकर इंडी गठबंधन के नेता चाय पानी करते हैं और देश विरोधी ताकतों को बढ़ावा देने का काम करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर इशारा करते हुए नायब सैनी ने कहा कि जो व्यक्ति यहां पर लोगों की सुरक्षा देने की बात करके सत्ता पर आया, वही व्यक्ति अब कह रहा है आतंकवादी घटनाएं बढ़ रही हैं। नायब सैनी ने सवाल करते हुए कहा कि पंजाब के लोग यह जानना चाह रहे हैं कि अब आम आदमी पार्टी के नेता किस आधार पर वोट मांग रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है। इनके मंत्रियों के वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनका सरगना जेल में है। उन्होंने कहा कि ये लोग देश को लूटने के लिए सत्ता में आते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता कमल के फूल पर बटन दबाकर पंजाब को सुरक्षित करने तथा विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ाने का काम करेगी।

## दो दशक में पहली बार हरियाणा में नहीं हुआ कहीं पुनर्मतदान

### वर्ष 2004 में 11 और वर्ष 2014 में आठ मतदान केंद्रों पर हुआ था दोबारा मतदान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकसभा के चुनाव में एक नया रिकॉर्ड बन गया है। 20 साल बाद यह पहली बार है कि राज्य में कहीं कोई री-पोल नहीं हुआ है। राज्य में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान हुआ है और भारत निर्वाचन आयोग ने भी इसकी सराहना की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने यहां बताया कि वर्ष 2004 से वर्ष 2019 तक के लोकसभा चुनाव में हर बार कहीं न कहीं री-पोलिंग अवश्य हुई थी। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 2004 के लोकसभा आम चुनाव के दौरान हरियाणा में 12 मई 2004 को अंबाला, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, फरीदाबाद और भिवानी लोकसभा क्षेत्रों में कुल 11 मतदान केंद्रों पर पुन~ मतदान हुआ




था। इसी प्रकार, 2009 के लोकसभा चुनाव में सिरसा लोकसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर 13 मई, 2009 को पुनः मतदान हुआ था।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान गुडग़ांव लोकसभा क्षेत्र में 15 मई, 2014 को कुल 8 मतदान केंद्रों पर पुनः मतदान हुआ था, जबकि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 19 मई 2019 को एक मतदान केंद्र पर पुन~ मतदान हुआ था। इस बार 2024 के चुनाव में कहीं पर भी दोबारा मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## प्रति वर्ष दुनिया में 80 लाख लोग तम्बाकू सेवन से मरते है: डॉ. अशोक

एजेंसी

**यमुनानगर।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देशों पर प्रतिदिन नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी में 14 हरियाणा बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा शिविर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह ब्यूरो द्वारा यमुनानगर ज़िले में

78वां नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम था। जिसमें 460 कैडेट्स ने भाग लिया और 40 से अधिक एनसीसी अधिकरियों एवं सैनिकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम शिविर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सरदार जरनैल सिंह की अध्यक्षता में हुआ जिसमें कर्नल संदीप शर्मा, सूबेदार मेजर शैनाज हुसैन आदि ने सहभागिता की। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि एक और जहां प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए घातक है। वहीं दूसरी और तम्बाकू उत्पाद और मदिरा आदि भी समाज और राष्ट्र के लिए एक बुराई है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि पूरे संसार में एक वर्ष में औसतन 80 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से मरते हैं। जबकि भारत में औसतन प्रतिवर्ष 19 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है। नशे के प्रभाव में व्यक्ति




कोई भी अपराध कर सकता है। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल नशा है। उन्होंने कैडेट्स के साथ वार्तालाप और व्याख्यान के माध्यम से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब प्रान्त में नशा को समाप्त करना हम सब का कर्तव्य है।

## त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना : मोनिका गुप्ता

एजेंसी

**नारनौल।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा अनुराग अग्रवाल ने राज्य के सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने इस संबंध में अब तक किए गए प्रबंधों की

**मतगणना केंद्र के चारों ओर 100 मीटर की परिधि को पैदल यात्री क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां पर वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।**



जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि मतगणना के लिए जिला महेंद्रगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना पीआर सेंटर व महिला आईटीआई में होगी। हॉल में मतगणना एजेंटों से मतगणना टेबलों को अलग करने के लिए पर्याप्त बैरिकेडिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि केन्द्रों में पर्याप्त संचार सुविधाएं स्थापित की गई हैं। मतगणना केन्द्र पर सूचना के प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा। मीडिया सेंटर महिला आईटीआई के ब्लाक नंबर दो में स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था स्थापित की गई है। मतगणना केंद्र के चारों ओर 100 मीटर की परिधि को पैदल यात्री क्षेत्र घोषित किया गया है। यहां पर वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। ईवीएम में वोटों की गिनती के लिए प्रत्येक टेबल पर माइक्रो आब्जर्वर, कांउटिंग सुपरवाइजर तथा कांउटिंग असिस्टेंट लगाए गए हैं।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार, एसडीएम नारनौल डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, नगराधीश मंजीत कुमार, तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह व डीआईओ हरीश शर्मा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच आग पर किया काबू



एजेंसी

**हिसार।** नारनौंद के हांसी रोड स्थित निर्माणाधीन सड़क के पास दो खंबों पर लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने से ट्रांसफार्मर के नीचे रखे दो पुराने कूलर जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारण का अभी कोई पता नहीं लग पाया है। ट्रांसफार्मर में आग लगने के समय हवा के तेज झोंके चल रहे थे। नागरिकों द्वारा तुरंत प्रभाव से इसकी जानकारी बिजली निगम के कर्मचारियों को दी। बिजली के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर की सप्लाई को बंद किया। तदोपरांत फायर ब्रिगेड को फोन किया गया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही नागरिकों द्वारा भी मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। हवा के तेज झोंके होने के कारण आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। फायर की गाड़ी थोड़ी देर कर देती तो आसपास में बनी दुकानों में आग लग सकती थी।

# हीट वेव से बचाव के लिए डीसी ने दिए सख्त आदेश

**बोले: सभी विभागों के अधिकारी बिजली पानी में दवाइयां की समुचित व्यवस्था करें: डीसी प्रशांत पंवार**

एजेंसी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि हीट वेव को देखते हुए सभी सरकारी विभाग प्लानिंग के अनुसार कम करें। सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी प्रशासन द्वारा दी जा रही हिदायतों का दृढ़ता से पालन करें। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करेंगे कि हीट वेव के चलते आमजन को बिजली, पानी, दवाईयां आदि से संबंधित कोई समस्या नहीं आएं। इसके अलावा सभी सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की उचित



व्यवस्था हो।

डीसी प्रशांत पंवार वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में हीट वेव विषय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने मुख्य तौर पर स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग के अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों का फीडबैक लिया। इन विभागों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित हीट वेव से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी करवाएं और आमजन को जागरूक करें। उन्होंने पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मनरेगा के अंतर्गत पीक हॉवर्स में कार्य नहीं करवाएं और सभी सरपंचों से हीट वेव से संबंधित बचाव के संदर्भ में बैठक करें।

पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पशुओं को हीट वेव से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी करें और सभी पशु अस्पताल में डॉक्टरों व दवाईयों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अत्याधिक गर्मी होने के कारण अनावश्यक घरों से बाहर नहीं निकलें और बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें। इस मौके पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, एसडीएम सुशील कुमार, कृष्ण कुमार, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआरओ चंद्र मोहन, सीएमओ रेणू चावला आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## योग विज्ञान के क्षेत्र में लगातार बढ़ रही कुशल पेशेवरों की मांग : नरसी राम बिश्नोई

एजेंसी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से इंटेग्रेटिड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी इन योगा साइंस एंड थेरेपी कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह पंचवर्षीय सेमेस्टर प्रणाली कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 30 सीटों का प्रावधान हैं। इससे पूर्व फिजियोथेरेपी विभाग में 2018 में 30 सीटों के साथ योग विज्ञान एवं चिकित्सा विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम तथा 2019 में 40 सीटों के साथ एमएससी योग साइंस एंड थेरेपी कार्यक्रम शुरू किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि दुनियाभर में योग और समग्र स्वास्थ्य प्रथाओं की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, योग विज्ञान के क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ रही है। इस कार्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए योग स्टूडियो, कल्याण केंद्रों, अस्पतालों, फिटनेस केंद्रों, स्कूलों, कॉर्पोरेट सेटिंग्स और संबंधित क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं कल्याण उद्योग तेजी से विस्तार कर रहा है। इस क्षेत्र में भी विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं। विभागाध्यक्षा डा. जसप्रीत कौर ने बताया कि विश्वविद्यालय का फिजियोथेरेपी विभाग



राज्य में योग शिक्षा प्रदान करने वाले अग्रणी संस्थानों में से एक है। इसके तहत पीएचडी फिजियोथेरेपी, मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, एमएससी योग विज्ञान एवं चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीवाईएसटी) पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि योग इस आधुनिक युग में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए एक शब्द बन गया है। जबकि पूरी दुनिया योग के महत्व की सराहना कर रही है, इसे अक्सर षट्कर्म, आसन, प्राणायाम, बंध, मुद्रा, ध्यान के अभ्यास के साथ ही समझा जाता है। हालांकि ये योग के महत्वपूर्ण पहलू हैं, लेकिन यह जानना महत्वपूर्ण है कि योग दर्शन की एक गहन प्रणाली है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण के पहलू विद्यमान हैं। इसके अलावा छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए शोध प्रबंध कार्य और क्षेत्रीय प्रशिक्षण एमएससी के अभिन्न अंग हैं। डा. जसप्रीत कौर ने बताया कि यह इंटेग्रेटिड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी इन योगा साइंस एंड थेरेपी कार्यक्रम योग विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में लागू पहलुओं पर विशेष प्रोत्साहन के साथ विषय की गहन समझ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# मतणगना में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

एजेंसी

**हिसार।** हिसार लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी प्रदीप दहिया ने मतगणना कर्मियों को निर्देश दिए कि वे मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाना सुनिश्चित करें। मतगणना के दौरान कर्मी निष्पक्ष दिखाई भी दें, ताकि मतगणना प्रक्रिया में किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न ही न हो। वे गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थित चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में मतगणना कर्मियों की प्रथम रिहर्सल को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी की मानदेय राशि जून माह के अंत सभी कर्मियों के बैंक खाते में उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानदेय राशि को लेकर तुरंत आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसमें किसी प्रकार की देरी सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने मतगणना टीमों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी मतगणना केंद्रों के अंदर पेन, पेंसिल, कॉपी व मोबाइल फोन इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर प्रवेश नहीं कर सकता। सभी आवश्यक सामान मतगणना केंद्रों के अंदर ही उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार तथा उनके एजेंटों के अलावा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति



मतगणना केंद्रों के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मतगणना केंद्र तुरंत स्थापित करें और यह भी सुनिश्चित करें कि मतगणना को लेकर तमाम आवश्यक साजो सामान मतगणना केंद्रों के अंदर उपलब्ध हो।

**प्रदेश में पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध करवाई गई वैब कास्टिंग की सुविधा**

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में पहली बार निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। यह व्यवस्था मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी सपन्न करवाने में काफी कारगर साबित हुई है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर वैब कास्टिंग के जरिये निगरानी रखी गई। उन्होंने कहा कि मतगणना को निष्पक्ष एवं पारदर्शी संपन्न करवाने को लेकर भी तमाम प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से सभी मतगणना केंद्रों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं और मतगणना प्रक्रिया की भी वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। मतगणना कर्मियों की प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इसी प्रकार 3 जून को ही मतगणना कर्मियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य भी पूरा किया जाएगा और 3 जून को ही जीजेयू के सभागार में सायं 3 बजे अंतिम प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## खाद्य तेलों में टिकाव; चीनी-गुड़ सस्ता, चना और मसूर दाल महंगी



एजेंसी
**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चीनी और गुड़ सस्ता रहा वहीं चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट उतरकर 4005 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.75 सेंट की गिरावट लेकर 45.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक प्रेफरेंस शेयर से जुटाएगा 3200 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने गुरुवार को कहा कि उसने 3200 करोड़ जुटाने के लिये प्रेफरेंशियल शेयर्स जारी करने का निर्णय किया है। शेयर बाजारों को दी गयी सूचना के अनुसार निजी क्षेत्र की अग्रणी बैंक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार निदेशक मंडल ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड से 80.63 रुपये प्रति शेयर के भाव पर प्रेफरेंशियल शेयर्स जारी करके 3,200 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के प्रति शेयर की कीमत 1.23 प्रतिशत बढ़ कर 78.10 रुपये हुआ।




## रिलायंस, टाटा, सीरम इंस्टी. टाइम पत्रिका की 100 प्रभावशाली कंपनियों की सूची में

**नई दिल्ली।** मशहूर अमेरिकी समाचार पत्रिका 'टाइम' की वर्ष 2024 के लिए दुनिया की सबसे प्रभावशाली 100 कंपनियों की सूची में तीन भारतीय कंपनियों-रिलायंस इंडस्ट्रीज, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और टाटा ग्रुप को स्थान मिला है। इस सूची में कंपनियों को पांच वर्ग में रखा गया है। इसमें लीडर्स, डिसरप्टर्स, इनोवेटर्स, टाइटन्स और पायनियर्स श्रीणी शामिल हैं। रिलायंस और टाटा ग्रुप को टाइटन्स (दिग्गज कंपनियों की) श्रेणी में स्थान मिला है। जबकि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को पायनियर्स (नयी राहें दिखाने वाली कंपनियों की) श्रेणी में रखा गया है। प्रत्येक कैटेगरी में 20 कंपनियों को शामिल किया गया है।

## बिकवाली दबाव से दड़ा गेहूं 75 रुपए नीचे आकर 2550 रुपए बिका

**जयपुर।** गेहूं की कीमतों में इन दिनों एक बार फिर मंदी का रुख बना है। जयपुर मंडी में मिल डिलीवरी दड़ा गेहूं नैट के भाव गुरुवार को 75 रुपए नीचे आकर 2550 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास रह गए हैं। गेहूं का उत्पादन अधिक होने के बावजूद सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों की खरीद चलने से पिछले दिनों गेहूं के भाव उछल गए थे। इस साल गेहूं की बिजाई 324 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में होने का अनुमान आया था। फसल अनुकूल होने से गेहूं का सकल उत्पादन 1121 लाख टन के करीब हुआ है, जबकि पिछले साल यह पैदावार सरकारी आंकड़ों के अनुसार 1107 लाख टन थी। मित्तल दलिया के निर्माता मुकुल मित्तल ने बताया कि गेहूं उत्पादन में बढ़ोतरी होने के बावजूद सरकार द्वारा 2275 रुपए प्रति क्विंटल में लिवाली किए जाने से अब तक केन्द्रीय पूल में 262.5 लाख टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। खरीद 30 जून तक होनी है। पिछले साल वर्ष 2023-24 में गेहूं की सकल खरीद 362 लाख टन हुई थी। सरकार ने गेहूं का खरीद लक्ष्य 372.9 लाख टन निर्धारित किया गया है। मगर सूत्रों का कहना है कि मंडियों में खरीद एवं आपूर्ति को देखते हुए 320 लाख टन खरीद होने की संभावना बनी हुई है। पंजाब में अब तक गेहूं की खरीद 135 लाख टन हो चुकी है। पंजाब में यह खरीद 2275 रुपए प्रति क्विंटल में हो रही है। जबकि राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में 125 रुपए प्रति क्विंटल के बोनस सहित 2400 रुपए प्रति क्विंटल में खरीद हो रही है। अब तक 22.3 लाख किसानों को गेहूं की खरीद में 59715 करोड़ रुपए का लाभ हो चुका है। इस सब के बावजूद प्राइवेट सेक्टर के स्टॉकिस्ट भी गेहूं की खरीद में अच्छी रुचि दिखा रहे हैं। मध्य प्रदेश की मंडियों में गेहूं 2450 रुपए बिककर वर्तमान में 2400 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास आ गया है। दिल्ली में भी गेहूं के भाव कल तक महंगे बोले जा रहे थे।

## चलन में मौजूद 500 रुपये के नोट की कुल हिस्सेदारी 86.5 फीसदी : आरबीआई

एजेंसी
**मुंबई।** देश में चलन में मौजूद 500 रुपये मूल्य के नोटों की हिस्सेदारी मार्च, 2024 तक बढ़कर 86.5 फीसदी हो गई है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 77.1 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है।

आरबीआई ने जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चलन में मौजूद कुल मुद्रा में 500 रुपये मूल्य के नोट की हिस्सेदारी मार्च, 2024 तक बढ़कर 86.5 फीसदी हो गई है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 77.1 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इस उछाल की वजह पिछले साल मई में 2 हजार रुपये मूल्य के नोट को वापस लेने की घोषणा को बताया है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले की वजह से 2 हजार रुपये मूल्य के नोट की हिस्सेदारी एक साल पहले की समान अवधि के 10.8 फीसदी से घटकर सिर्फ 0.2 फीसदी रह गई है। आरबीआई की आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च, 2024 तक मात्रा के हिसाब से 500 रुपये मूल्य के सर्वाधिक 5.16 लाख नोट मौजूद थे, जबकि 10 रुपये के नोट 2.49 लाख संख्या के साथ दूसरे स्थान पर रहे। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक जनता के पास मौजूद 2 हजार रुपये के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये मूल्य के नोटों में से 97.7 फीसदी 31 मार्च, 2024 तक वापस कर दिए गए थे। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 में आरबीआई ने मुद्रण पर 5,101 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में आरबीआई ने 4,682 करोड़ रुपये खर्च किए थे।



## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने जियो फाइनेंस ऐप किया लॉन्च

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने जियो फाइनेंस ऐप को लॉन्च किया है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के बीटा वर्जन इस ऐप पर उपभोक्ता को डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई लेनदेन, बिल पेमेंट और इंश्योरेंस एडवाइजरी जैसी सर्विसेज मिलेंगी।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य वित्तीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, किफायती और सहज बनाना है। इसमें लोन, निवेश, बीमा, भुगतान और लेन-देन जैसी व्यापक पेशकशों के साथ हर वर्ग के लोगों के लिए एक ही मंच पर वित्त से संबंधित हर चीज शामिल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह ऐप डिजिटल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेन-देन, बिल पेमेंट, बीमा सलाह जैसी सर्विस सहजता से उपलब्ध होगी। इसके साथ ही उपयोगकर्ता को सहज तरीके से विभिन्न खातों और बचत को देखने की सुविधा भी होगी। इसके अलावा इसके जरिए म्यूचुअल फंड पर लोन लेने की सुविधा भी मिलेगी।कंपनी ने कहा कि इस पहल का मकसद हर वर्ग के लोगों के लिए एक ही मंच पर वित्त से संबंधित उत्पादों को उपलब्ध कराना और वित्तीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, किफायती और सहज बनाना है। यह पायलट आधार पर शुरू किया गया है। इसके तहत इसमें सुधार के लिए उपयोगकर्ता से सुझाव लिये जाएंगे। इसकी मुख्य विशेषताओं में 'जियो पेमेंट्स बैंक अकाउंट' सुविधा के साथ तत्काल डिजिटल खाता खोलना और सुव्यवस्थित बैंक प्रबंधन शामिल हैं।




## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव, बिटकॉइन में मामूली तेजी, एथेरियम में गिरावट

एजेंसी
**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन समेत सिर्फ 3 आभासी मुद्राएं मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। एथेरियम समेत 7 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में हैं।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 67,881.25 डॉलर यानी 56.53 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 1.97 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,740.99 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य क्रिप्टो करेंसीज में से टेथर 0.05 प्रतिशत और यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 0.91 प्रतिशत, सोलाना 1.77 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.67 प्रतिशत, डॉगकॉइन 3.61 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.22 प्रतिशत और कार्डानो 2.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.53 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 210.69 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट आई है।

इस अवधि में कुल 8,211 करोड़ डॉलर यानी 6.84 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 9.21 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.63 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 52.93 प्रतिशत हो गई है।



## आरबीआई का 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी
**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया है। रिजर्व बैंक ने अपनी इस रिपोर्ट में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 की अवधि के लिए केंद्रीय बैंक के कामकाज को शामिल किया गया है।




रिजर्व बैंक ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.0 फीसदी में जोखिम दोनों तरफ समान रूप से संतुलित होंगे। ताजा रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त 2023-24 में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 7.6 फीसदी हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 7.0 फीसदी थी। ये लगातार तीसरे वित्त वर्ष में सात फीसदी या उससे अधिक रही है।

## खान मंत्रालय का लघु खनिज क्षेत्र में सुधार के लिए केंद्र व राज्य के बीच सामूहिक पहल पर जोर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय खान मंत्रालय ने बेंगलरु में ग्रेनाइट और संगमरमर खनन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। खान सचिव वीएल कांता राव ने इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लघु खनिज क्षेत्र में सुधार के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सामूहिक पहल पर जोर दिया। खान मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि कर्नाटक के बेंगलुरु में ग्रेनाइट और संगमरमर खनन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान खान सचिव ने खनन क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों और सुधारों को रेखांकित किया। उन्होंने राज्य सरकारों से लघु खनिज क्षेत्र में भी ऐसे सुधार करने का अनुरोध किया।खान सचिव ने कहा कि केंद्र ने 'नेशनल जियो-डेटा रिपोजिटरी' मंच के जरिए व्यापक डेटा और अन्वेषण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई है, जिससे सभी हितधारकों के लिए डेटा तक पहुंच आसान हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों से एकत्रित आंकड़ों पर आधारित इस पहल का उद्देश्य खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है। इस अवसर पर मौजूद कर्नाटक सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव और विकास आयुक्त डॉ. शालिनी रजनीश ने ग्रेनाइट एवं संगमरमर खनन क्षेत्र में प्रशासनिक, प्रौद्योगिकी और अन्य मुद्दों का समाधान खोजने के लिए सरकार तथा उद्योग के बीच सहयोग के महत्व पर बल दिया। इस कार्यशाला में केंद्रीय खान मंत्रालय की संयुक्त सचिव डॉ. वीना कुमारी डी, कर्नाटक के खान एवं भूविज्ञान सचिव रिचर्ड विंसेंट, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण बेंगलुरु के वरिष्ठ पदाधिकारी; आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु के खनन और भूविज्ञान निदेशालय; सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, निजी खनन उद्योग के प्रतिनिधि, खनन संघ और अन्य हितधारक शामिल हुए।




## ईईटी रिटेल का महत्वाकांक्षी विस्तार पर काम जारी

एजेंसी
**स्टेनलो।** ईईटी फ्यूल्स की खुदरा इकाई ईईटी रिटेल ने हाल ही में दो नये सर्विस स्टेशन दोबारा शुरू किये हैं। इस साल ऐसे और सर्विस स्टेशन खोले जाने की उम्मीद है। नये ब्रांडेड स्पैल्डिंग सर्विस स्टेशन और ओखम सर्विस स्टेशन एस्सार सर्विस ब्रांड के लिए सुविधा और सेवा के नये युग का संकेत देते हैं।

यह विस्तार एस्सार-ब्रांडेड ईंधन वाले खुदरा आउटलेट का महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो विकसित करने की एक नयी भविष्य की सोच वाली रणनीति का हिस्सा है। यह यूके में ग्राहकों के लिए 'रिटेलर ऑफ च्वाइस' बनने के ईईटी रिटेल के विजन के अनुरूप है। इसके अलावा, कंपनी अपने विकास को और गति देने के लिए संभावित अधिग्रहण के अवसरों की सक्रिय रूप से पहचान कर रही है। बढ़ते आउटलेट नेटवर्क और देश में ब्रांड की बढ़ती उपस्थिति से कंपनी को ग्राहकों के लिए चीजों को आसान, कर्मचारियों के लिए सरल और रिटेलरों के लिए मूल्यवान बनाकर 'समुदाय की सुविधा का चालक' बनने का वादा पूरा करने में मदद मिलेगी। ईईटी रिटेल के दीर्घकालीन विजन में ग्राहक को अच्छा वैल्यू प्रदान करना, कम कार्बन उत्सर्जन के रेंज ऑफर करना, उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन और ई-मोबिलिटी तथा सुविधा के विकल्पों सहित ड्राइवरों की लगातार बदलती जरूरतों का ख्याल रखना शामिल है। एस्सार के ओखम और स्पैल्डिंग सर्विस स्टेशनों पर वाहनों में ईंधन भरने के अलावा असाधारण सेवाओं तथा विभिन्न प्रकार की जन सुविधाओं पर फोकस रखते हुए सामुदायिक सुविधा को बढ़ावा देना शामिल है। ईईटी रिटेल के सीईओ नारायण भात्रा ने कहा, 'हम यूके रिटेल सेक्टर में विकास और नवाचार की एक उत्साहजनक यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं। हम विश्वासपूर्वक अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम फ्यूल आउटलेट खोलने और सहभागिताओं का ऐसा नेटवर्क तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो एस्सार की 'ग्राहक सबसे पहले' की सोच के अनुरूप हो।'




ईईटी फ्यूल्स अपने आधुनिक रोड टर्मिनल के जरिये उत्तर-पश्चिम और मिडलैंड यूके के एनर्जी कॉरिडोर को सेवा प्रदान करता है। वहीं, कंपनी के रणनीतिक पाइपलाइन कनेक्शन दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व ब्रिटेन के लिए आपूर्ति की क्षमता को मजबूती प्रदान करते हैं।

## सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, महंगा हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन मजबूती नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने के भाव में पिछले दिन के मुकाबले 250 रुपये से लेकर 300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,920 रुपये से लेकर 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,760 रुपये से लेकर 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी मजबूती आई है। आज की तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 97,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



# वैश्विक दबाव में लुढ़का शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी
**नई दिल्ली।** वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार पांचवें कारोबारी दिन गिरावट का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद शेयर बाजार में खरीदारी के सपोर्ट से मामूली तेजी का रुख भी बना। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.96 प्रतिशत से लेकर 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले, टाइटन कंपनी और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयर 4.16 प्रतिशत से लेकर 2.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,114 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 716 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,398 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।बीएसई का सेंसेक्स आज 137.02 अंक की कमजोरी के साथ 74,365.88 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर 74,493.55 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10-15 बजे सेंसेक्स 440.10 अंक की कमजोरी के साथ 74,062.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।




सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 87.25 अंक टूट कर 22,617.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों ने खरीदारी का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण ये सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में 22,705.75 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। लेकिन इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10-15 बजे निफ्टी 141.45 अंक की कमजोरी के साथ 22,563.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,502.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत फिसल कर 22,704.70 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस आईपीओ 13.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ हुआ लिस्ट

एजेंसी
**मुंबई।** ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के स्टॉक की शेयर बाजार में सकारात्मक लिस्टिंग हुई। एनएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 13.58 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ इश्यू प्राइस 383 के मुकाबले 435 पर लिस्ट हुआ। बीएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 12.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 432 रुपये पर लिस्ट हुआ। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के शेयर की लिस्टिंग उम्मीद से कम हुई है। बाजार के जानकारों का मानना है कि इसकी लिस्टिंग 500 रुपये से लेकर 510 के बीच हो सकती है। बता दें, ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के आईपीओ को बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। बीएसई के डेटा के मुताबिक, आईपीओ 108.56 गुना सब्सक्राइब हुआ था। योग्य संस्थागत खरीददारों (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व कोटा 116.95 गुना,




गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 129.81 गुना और रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 54.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कर्मचारियों के लिए रिजर्व कोटा 25.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ में क्यूआईबी के लिए 75 प्रतिशत, गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए 15 प्रतिशत और रिटेल निवेशकों के लिए 10 प्रतिशत कोटा रिजर्व रखा गया था। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस स्टार्टअप, एमएसएमई, कॉरपोरेट और एमएनसी कंपनियों के लिए ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने का कार्य करती है। कंपनी कई कोवर्किंग स्पेस भी चलाती है। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस, ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने वाली पहली लिस्टेड कंपनी है। कंपनी की ओर से 598 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च किया गया था। इसमें से 128 करोड़ फ्रेश इश्यू था, जबकि 470 करोड़ का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था।

# तपती गर्मी में 'मटके' का जल बहुत उपयोगी?

आधुनिक चकाचौंध में टेक्नोलॉजी से लबरेज युग में देसी मटको का क्रेज आज भी बरकरार है। दूषित पानी के इस्तेताल से बढ़ते मरीजों को जबसे चिकित्सकों ने मटके का पानी पीने की सलाह दी है, लोगों का रूझान अनायास घड़ों की ओर दौड़ा है। मिट्टी का ये आइटम न सिर्फ मन को भाता है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में सूखे गलों को भी तरबतर कर देता है। घडे का पानी पीने में तराबट आती है। गले में अलौकिक ठंड़क पड़ती है। क्योंकि घड़े के पानी में मिट्टी की सौंधी-सौंधी सुगंध जो आती है। घडे का पानी जमीन से तुरंत निकले ताजे पानी जैसा अहसास करवाता है। गर्मियों में जब घड़ों की डिमांड बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगता है। इस सीजन में उनकी आमदनी में अचानक से उछाल आता है। क्योंकि लोग बाजारों से लगातार मटके खरीदते हैं। इस समय मटको की कीमत दो सौ से लेकर हजार रुपए तक पहुंची हुई है। मटकों बढ़ती डिमांड को देखकर अब ऑनलाइन सेल्स कंपनियां भी कूद पड़ी हैं। वो कुम्हारों को ऑर्डर देकर मटके बनवाते हैं, फिर उच्च दामों में ऑनलाइन बेचते हैं।मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सर्कुलेशन नियंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक युग में शायद ही कोई घर ऐसा हो, जिनके यहां फ्रिज न हो? लेकिन बावजूद इसके देसी मटको का क्रेज अपने जगह बरकरार है। एक प्रचलित कहावत है कि 'सोने की खोज में, हीरे को भूल गए। कुछ ऐसा ही हुआ, जब जमाने ने बदलाव के लिए करवट ली, तो जनमानस ने देसी परंपराओं के साथ प्राचीन धरोहर कही जाने वाली वस्तुओं से भी तौबा कर लिया। पर, वक्त का पहिया फिर बदला है। इसलिए लोग पुराने जमाने की ओर फिर से मुड़ने लगे हैं। मई आधी बीच चुकी है, पिछले सप्ताह से समूचे हिंदुस्तान में चिलचिलाती गर्मी ने कहर बरपा शुरू कर दिया है। फ्रिज का पानी आनंद नहीं दे रहा, इसलिए लोग मटको को पसंद कर रहे हैं। मटकों का पानी आज भी फ्रिज के मुकाबले ठंडा और स्वादिष्ट लगता है।चंगे शरीर के लिए ताजा पानी लाभदायक होता है। इसलिए, देसी घड़े का पानी न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए बल्कि हजामा दुरूस्त के लिए भी गुणकारी होता है। चिकित्सीय सर्वेक्षण बताते है कि सर्दियों के मुकाबले गर्मियों में मटके का ठंडा पानी शरीर के लिए बहुत उपयोगी होता है। क्योंकि मटके की दीवारें मिट्टी से सरंध्री होती हैं, जिससे पानी धीरे-धीरे रिसता है और बर्तन की सतह से वाष्पित होता है। इसका भीतरी वातावरण वाष्पीकरण ऊष्मा ठंड़क का उतार्जन करता है जिससे अंदर जमा पानी चंद मिनटों में ठंडा हो जाता है। दरअसल, वाष्पीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पानी की तरलता से गैसीय अवस्था में



बदलती है। जब पानी वाष्पित होता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को अवशोषित कर लेता है। बढ़ाता तापमान मटके में मौजूद पानी को गर्मी से बचाता है। मटका मिट्टी से निर्मित होता है जिसमें सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जो पानी को वाष्पित होने में मदद करते हैं। घडे की मिट्टी पानी को इन्सुलेटर करती है जिसके इस्तेमाल से शरीर हाइड्रेट रहता है और पाचन प्रक्रिया हमेशा दुरुस्त रहती है।

बीते एक सप्ताह से गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। पहाड़ी क्षेत्रो में टेम्परेचर चालीस पार है, मैदानी क्षेत्रों में तो कहीं-कहीं फिफटी लगा चुका है। ऐसे में पेट की ठंड़क मटकों पर निर्भर हो गई है। प्रत्येक चौथा व्यक्ति मटका खरीद रहा है। दरअसल, मटका एक प्राकृतिक कटोरा है जो मानव द्वारा निर्मित मात्र है जिसकी अंदरूनी दीवारें पानी को ठंडा बनाती हैं। मटके के धातु और मिट्टी के भीतर रखे गए पानी के संपर्क से पानी की ठंडक सूखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है जिसमें पानी लंबे वक्त तक ठंडा रहता है। शायद ये भी एक कुदरती प्रक्रिया ही है कि जितनी गर्मी बढ़ेगी, मटके का पानी भी उतना ही ठंडा होगा। फ्रिज और आरओ पानी की आदत इंसान को कई बीमारियों से घेर रही है। जबकि, घड़े का पानी अजंमी कई बीमारियों से लड़ने की ताकत रखता है। तभी तो घरों के बुजुर्ग अभी भी मिट्टी के बर्तनों का पानी पीने को कहते हैं। हालांकि, आधुनिक जमाने में बुजुर्गों के अनुभव कोई लेता कहां? मटके का पानी सिर्फ ठंडा-ठंडा, कूल-कूल ही नहीं करता, बल्कि कई बीमारियों से बचाव भी करता है।मटके की सबसे बड़ी खासियत को भी हमें जानना चाहिए। मटका आरओ द्वारा प्यूरीफायर किए पानी से मर चुके मिनरल्स को भी दोबारा जिंदा कर देता है। अगर आरओ से पानी निकालकर घड़े में सिर्फ पंद्रह मिनट तक रखा जाए, तो उसके मरे हुए मिनरल्स वापस पनप जाते हैं। क्योंकि मिट्टी के घड़े में कैल्शियम की मात्रा बहुतायत रूप में रहती है। शहरों में अक्सर लोग अब यही करने लगे हैं, पानी को पहले प्यूरीफायर कर लेते हैं, फिर उसे घडे में उलट देते हैं जिससे पानी दोबारा से पहले से हो जाता है। चिकित्सक शुरू से कहते आए हैं कि आरओ के पानी में मिनरल्स बिल्कुल भी नहीं बचते, मर जाते हैं। आरओ द्वारा प्यूरीफायर पानी से सारे मिनरल्स निकल जाते है, जिस कारण उसका टीडीएस लेवल बहुत कम हो जाता है जिसके सेवन से लोगों की पाचन प्रक्रिया दिनादिन प्रभावित हो रही है। तमाम अन्य बीमारियां भी लग रही हैं।चिकित्सकों की माने तो आरओ पानी में बैक्टीरियल इन्फेक्शन और फंगल इन्फेक्शन की संभावना सबसे ज्यादा रहती हैं। इसके अलावा पेट से संबंधित अधिकांश बीमारी भी दूषित पानी के इस्तेमाल से पनपती हैं। आरओ पानी को पीने की कोई भी सलाह नहीं देता, विशेषकर बच्चों को? उनके लिए सबसे घातक होता है ये पानी? आरओ पानी का मतलब है टोटल डिसोल्वड सालिबिलिटी? मतलब उस पानी में साधारण पानी की अपेक्षाकृत कम खनिज लवणों का होना, जिसमें हानिकारक तत्व बेहताशा घुले होते हैं। पानी को दो-तीन मर्तबा छानने या फिल्टर करने का मतलब होता है पानी की आत्मा को अंदर खींचकर शरीर से अलग कर देना। यही कारण है कि चिकित्सक मरीजों को मटके का ही पानी पीने की सलाह देते हैं। लोग भी अब समझ गए हैं, इसलिए गर्मी शुरू होते ही मटको की खरीदारी करनी आरंभ कर देते हैं।

# क्या आप भी Plastic Tiffin का करते हैं इस्तेमाल तो जान लें इससे होने वाले सभी नुकसान



**आजकल कई लोग स्टील और तांबे के बर्तनों को छोड़ प्लास्टिक की चीजें अपना रहे हैं। घर से लेकर बाजार या आफिस तक प्लास्टिक हर जगह है। लेकिन इस केमिकल से बनाए जाने वाले प्रोडक्ट के इस्तेमाल से सेहत को कई नुकसान हो सकते हैं। प्लास्टिक के टिफिन में रखे जाने वाला खाना खाने से कैंसर जैसी घातक बीमारी का खतरा बढ़ सकता है।**

रोजमर्रा की जिंगदी में लोग प्लास्टिक के इस्तेमाल के ऊपर बहुत ज्यादा निर्भर हो चुके हैं। पानी पीने वाली बोतल से लेकर खाना पैक करने वाले डब्बों तक, प्लास्टिक हर जगह है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि, प्लास्टिक का ज्यादा इस्तेमाल सेहत के साथ-साथ प्रकृती को भी कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है? अगर नहीं, तो आज हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं।प्लास्टिक केमिकल से बनाया जाता है और इसमें रखे जाने वाले फूड आइटम या पानी भी इसके संपर्क में आकर दूषित और टॉक्सिक हो सकते हैं। प्लास्टिक का रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है। आइए जानते हैं प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले सभी नुकसानों के बारे में।

प्लास्टिक टिफिन के इस्तेमाल से सेहत को होते हैं ये नुकसान

- बीपीए (Bisphenol) कई प्लास्टिक प्रोडक्ट्स में पाया जाने वाला केमिकल है जो हार्मोनल इंबैलेंस, रिप्रोडक्टिव हेल्थ और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है।

- प्लास्टिक में फथैलेट्स (PHTHALATES) नाम का केमिकल भी पाया जाता है, जो प्लास्टिक को लचीला बनाता है, लेकिन यह भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, खासकर बच्चों के लिए।

प्लास्टिक के टिफिन या बोतलों में गर्म खाना या पानी रखने से प्लास्टिक के केमिकल खाने में मिल सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक के ज्यादा इस्तेमाल से यह टूटने लगते हैं और माइक्रोप्लास्टिक कण बनते हैं, जो खाने और पानी में मिल सकते हैं और हमारे शरीर में जाकर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

- प्लास्टिक के टिफिन ज्यादा समय तक इस्तेमाल नहीं किए जा सकते। ये जल्द ही घिस जाते हैं या खराब हो जाते हैं। जिस कारण उन्हें कचरे में फेंक दिया जाता है। प्लास्टिक के कचरे का सही ढंग से निपटान नहीं होने पर यह पर्यावरण में फैल जाता है, जिससे पानी और हवा में प्रदूशण होता है। यह प्रदूशण किसी ना किसी तरह शरीर तक पहुंचता है और सेहत को कई नुकसान पहुंचा सकता है।

- प्लास्टिक के टिफिन और बोतलें समय के साथ खाने और पानी में अजीब स्वाद और गंध पैदा कर सकती हैं, जिससे खाना खराब हो सकता है।

प्लास्टिक का कम इस्तेमाल कैसे करें

- प्लास्टिक के टिफिन को इस्तेमाल करने के बजाय स्टील या ग्लास के टिफिन का इस्तेमाल करें।

- प्लास्टिक की बोतल में पानी न पिएं, जब हो सके तब गिलास में पानी लेकर पिएं।

- हमेशा अपने पास एक कप या कंटेनर रखें, जिसमें आप अपना खाना रखकर खा पाएं।

यह भी पढ़ें - प्लास्टिक बोतल वाला पानी आपके लिए है खतरनाक, जानें ताजा स्टडी में क्या हुआ खुलासा

- घर से अपनी स्टील या तांबे की बोतल में पानी लेकर चलें और बाजार का प्लास्टिक वाला पानी न लें।

## संपादकीय

# गांधी को फिल्म से जानने वाले

वाराणसी कहें या बनारस या फिर काशी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोकसभा क्षेत्र जहां से वे तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां 1 जून को मतदान होगा। यहीं पर है बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय। इसे बनाया था महामना पं. मदन मोहन मालवीय ने। उनकी प्रेरणा थे महात्मा गांधी। गांधी जी को पंडित जी से भी लगाव था, काशी से भी और स्वाभाविकत~ बीएचयू से भी। इसलिये 5 फरवरी, 2015 को उसके स्थापना दिवस समारोह में वे विशेष रूप से उपस्थित हुए थे। दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे और अपने राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले की सलाह पर भारत का कोना-कोना देख आये थे। दरभंगा के महाराज के शरीर पर आभूषण देखकर कहा था कि अब मुझे पता चला कि देश सोने की चिड़िया से गरीब कैसे बना। अपने भाषण में उन्होंने छात्रों से पूछा था कि वे कैसा स्वराज चाहते हैं।उसी लोकसभा क्षेत्र से देश का प्रतिनिधित्व करने वाले मोदी जी कहते हैं कि गांधी का पता दुनिया को रिचर्ड एटनबरो की फिल्म देखने के बाद पता चला। है न गज़ब, कि जो गांधी गुजरात के थे, उसके मोदी मुख्यमंत्री रहे। गांधी का नाम वे साल में पांच-सात बार ले ही लेते हैं। देश हो या विदेश, हर जगह गांधी का उल्लेख करते हैं। उन्हें अगर मलाल है कि गांधी को वैसा नहीं जाना जाता जिस प्रकार नेल्सन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग को जाना जाता है। मोदी शायद यह नहीं जानते कि जिन लोगों का वे नाम लेते हैं, वे खुद को ही गांधी के अनुयायी मानते हैं। एक चैनल को साक्षात्कार देते वक्त जब वे कहते हैं कि हमने, यानी देश ने ऐसे कोई प्रयास नहीं किये कि दुनिया में लोग उन्हें जानें। दरअसल मोदी कांग्रेस की आलोचना करने के लिये यह कह रहे थे परन्तु ऐसा कहकर वे अपनी कुटिलता व अल्प ज्ञान का ही परिचय दे गये थे। वे नहीं जानते कि बहुत युवावस्था में जब वे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद व श्रमिकों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ लड़ रहे थे, तभी से दुनिया उन्हें जान गयी थी। गोखले उन्हें भारत आमंत्रित करने वहां जाते हैं। सत्य व अहिंसा दो ऐसे सिद्धांत उन्होंने दुनिया को दिये, जिससे सारा विश्व ही उनका मुरीद हो उठा था। महान मानवतावादी रूसी लेखक लियो टॉलस्टॉय से उनका पत्र व्यवहार होता था।

गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने जाते हैं तो उनसे मिलने महानतम अभिनेता चार्ली चैपलिन आते हैं, दुनिया के सबसे बड़े वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन उनसे मिलने के बाद कह उठते हैं कि आने वाले वर्षों की पीढ़ियां इस बात पर शायद ही यकीन करेंगी कि गांधी नाम का हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर चला था।

गांधी के लिए दीवानगी कुछ यूं थी कि अंग्रेजी साहित्यकार मुल्कराज आनंद उनसे साक्षात्कार करने भारत आते हैं और बीबीसी का पत्रकार उनके साथ चलता हुआ नमक तोड़ो सत्याग्रह को कवर करता है, जिसे वह ग्रेट दांडी मार्च कहता है। 1931 में दूसरे गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जब गांधीजी गए तो ब्रिटिश प्रधानमंत्री से भी मिले, जिस पर फ्रेंक मॉरिस ने कहा था, एक अधनंगे फकीर को ब्रिटिश प्रधानमंत्री से बातचीत के लिए सेंट जेम्स पैलेस की सीढ़ियां चढ़ने का नजारा अपने आप में अनोखा और दिव्य प्रभाव पैदा करने वाला था।गांधी वही अधनंगे फकीर थे जो दुनिया के सबसे ताकतवर ब्रितानी शासक की आंख में आंख डालकर कहने की हिम्मत रखते थे कि उनके शरीर पर इतने कम कपड़े इसलिये हैं क्योंकि उनके जैसे देश के लोगों के हिस्से तो आपने पहन रखे हैं।

उसी इंग्लैंड में वह उन्हीं कपड़ा मिल मजदूरों की बस्ती में रूकते हैं जो भारत में छेड़े गए विदेशी वस्त्रों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के कारण बेकार हो गये थे।भारत की आजादी के पहले और बाद में भी गांधी के मुरीद देश ही नहीं विदेशों में भी थे। आंग सान सू,कैलेनबाख, मीरा बेन, नेल्सन मंडेला से लेकर बराक ओबामा तक, कितने नाम लें और कितने छोड़ें। आज भी दुनिया भर में सबसे ज्यादा मूर्तियां व डाक टिकट गांधीजी पर हैं। यहां तक कि लंदन में वेस्टमिंस्टर परिसर में भी उनकी मूर्ति है, जबकि गांधीजी ने इन्हीं अंग्रेजों के खिलाफ लड़े थे।30 जनवरी 1948 को जब गांधीजी की हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी, तो इस शोक में केवल भारत ही नहीं समूची मानवता डूब गई थी। उनकी मृत्यु पर दुनिया भर के झंडे झुक गये थे।

आजाद भारत में एक परंपरा ही बन गई है कि जब भी किसी विदेशी रार्ष्टाध्यक्ष का दौरा होता है तो गांधी समाधि राजघाट पर जाकर श्रद्धांजलि दी जाती है, गांधी स्मृति में पौधारोपण किया जाता है।ये सारी बातें आम भारतीयों को पता है, दुनिया भी गांधी के बारे में काफी कुछ जानती है। लेकिन शायद दस सालों से देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन नरेन्द्र मोदी को ही इन बातों का पता नहीं था। तभी उन्होंने ऐसा बयान दिया। राहुल गांधी ने बिल्कुल सही लिखा है कि सिर्फ %एंटायर पॉलिटिकल साइंस% के छात्र को ही महात्मा गांधी के बारे में जानने के लिये फिल्म देखने की ज़रूरत रही होगी।गांधी को कौन कितना जानता है

# 4 जून को लोकसभा के नतीजों से तय होगा नया राजनीतिक समीकरण

4 जून के चुनाव नतीजे दिखायेंगे कि चुनाव के बाद का परिदृश्य भारतीय गठबंधन को कैसे प्रभावित करता है, उसे तोड़ता है या मजबूत करता है। वे यह भी संकेत देंगे कि क्या भाजपा अपनी हैट्रिक के साथ और अधिक अहंकारी हो जायेगी? भाजपा की लगातार तीसरी जीत पार्टी को अपने हिंदुत्व कार्यक्रम को और अधिक जोश के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।

2024 के लोकसभा चुनाव समाप्त हो रहे हैं, और परिणाम 4 जून को आयेंगे। चुनाव के बाद का परिणाम केवल विजेताओं और हारने वालों के बारे में नहीं है। यह केवल प्रत्याशित परिणामों से कहीं अधिक के बारे में है। इसमें अप्रत्याशित गठबंधनों की संभावना, सत्ता की गतिशीलता में नाटकीय बदलाव और नयी राजनीतिक ताकतों का उदय शामिल है, जिनका अभी खुलासा होना बाकी है।

चुनाव में भाजपा की संभावित जीत एक महत्वपूर्ण बात है जो राजनीतिक परिदृश्य को नया आकार दे सकती है। हालांकि, परिणाम अनिश्चित है, दो संभावित परिदृश्य हैं, जिनमें से प्रत्येक के निहितार्थ हैं। एक परिदृश्य में भाजपा के लिए भारी जीत की भविष्यवाणी की गयी है, संभवत~ 400 से अधिक सीटें भी। दूसरा परिदृश्य कम सीटों के साथ भाजपा के लिए अधिक मामूली परिणाम का संकेत देता है।

भाजपा की भारी जीत के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सबसे खराब स्थिति में, यदि भाजपा कम सीटें जीतती है, तो भी पार्टी अन्य दलों से समर्थन प्राप्त कर सकती है। यदि पार्टी 2019 के चुनाव की तुलना में कमसीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती है, तो उसके पास कुछ तटस्थ दलों की मदद से सरकार बनाने की वैकल्पिक योजना-ब (प्लान-बी) भी है।कांग्रेस पार्टी द्वारा लिये गये रणनीतिक निर्णय, जैसे चुनाव लड़ने वाले निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कम करना, भारतीय राजनीति की गहराई और जटिलता को उजागर करते हैं। प्रत्येक कदम एक बड़े लक्ष्य की ओर एक सुविचारित कदम है। शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के समापन के साथ, कांग्रेस ने दावा किया कि भाजपा की किस्मत %लगभग तय% है, इंडिया ब्लॉक पहले ही



272सीटों के आधे आंकड़े को पार कर चुका है और कुल 350 से अधिक सीटों की ओर अग्रसर है।

भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इंडिया गठबंधन का गठन पिछले साल 26 विपक्षी दलों ने एकजुट होकर मोदी से लड़ने के लिए किया था। हालांकि, अगर भाजपा सत्ता में लौटती है, तो गठबंधन को एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। कुछ साझेदार, जैसे कि तृणमूल कांग्रेस और आप, ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ पूरी तरह से गठबंधन नहीं किया है, जिससे इंडिया ब्लॉक की स्थिति कमजोर हो गई है। भाजपा की जीत से इंडिया अलायंस की रणनीति का पुनर्मूल्यांकन हो सकता है, तथा कुछ साझेदार वर्तमान इंडिया गुट से दूरी बनाना चुन सकते हैं।यदि भाजपा अधिक सीटें जीतती है, तो छोटी पार्टियां गठबंधन में शामिल होने के लिए दौड़ सकती हैं। यह भीड़ विजयी पक्ष के साथ जुड़ने की उनकी इच्छा से प्रेरित हो सकती है, जो चुनाव के बाद के परिदृश्य को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, गठबंधन में शामिल होने की यह हड़बड़ी सिर्फ राजनीतिक हितों से प्रेरित नहीं हो सकती है। कुछ दल मोदी का विरोध करना चाहते हैं, जबकि अन्य गठबंधन को एक असफल प्रयास के रूप में देखते हैं।

इसके परिणामस्वरूप नवगठित इंडिया गठबंधन कमजोर हो सकता है, क्योंकि इस गठबंधन में कई अच्छे दोस्त हैं जो केवल अपने स्वार्थ के आधार पर किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन कर सकते हैं। भाजपा की अधिक सीटें हासिल करने या अन्य दलों से समर्थन हासिल करने की क्षमता कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। यह राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित कर सकता है, जिससे संभावित रूप से भारतीय गठबंधन सहित राजनीतिक ताकतों का पुनर्गठन हो सकता है। भाजपा ने कुछ महत्वपूर्ण सहयोगियों को खो दिया, जैसे शिवसेना और अन्नाद्रमुक के धड़े। लेकिन पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले टीडीपी वापस मिल गई है।भाजपा नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी, के चन्द्रशेखर राव, मायावती और अन्य जैसे प्रभावशाली नेताओं के नेतृत्व वाली पार्टियों से समर्थन मांग सकती है। हालांकि किसी भी गठबंधन के साथ ये अभी शामिल नहीं हैं। इन नेताओं का महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रभाव है और उन्होंने अतीत में भाजपा की मदद की है जब सत्तारूढ़ दल को उनकी जरूरत थी। चुनाव के बाद के परिदृश्य में उनकी संभावित भूमिका राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दे सकती है।

अगर इंडिया ब्लॉक का प्रदर्शन खराब रहता है तो शिवसेना का उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी भी स्थिति का पुनर्मूल्यांकन कर सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल महत्वाकांक्षी हैं और उनकी नजर प्रधानमंत्री पद पर है। वह विपक्ष में रहेंगे। केजरीवाल ने भविष्यवाणी की कि अगर 4 जून को मोदी दोबारा जीते तो वह उद्धव ठाकरे, शरद पवार, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को जेल में डाल देंगे। उन्हें भी वापस जेल भेजा जायेगा। केजरीवाल ने भाजपा विरोधी कड़ा रुख अपना लिया है और आप के राजनीतिक भविष्य के लिए उन्हें इस पर कायम रहना होगा।4 जून के चुनाव नतीजे दिखायेंगे कि चुनाव के बाद का परिदृश्य भारतीय गठबंधन को कैसे प्रभावित करता है, उसे तोड़ता है या मजबूत करता है। वे यह भी संकेत देंगे कि क्या भाजपा अपनी हैट्रिक के साथ और अधिक अहंकारी हो जायेगी? भाजपा की लगातार तीसरी जीत पार्टी को अपने हिंदुत्व कार्यक्रम को और अधिक जोश के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।

# सुकून और सुंदरता का एक ही नाम सफेद

- विज्ञान ने भी साबित किया है कि गर्मियों में हल्के सुहाने रंग राहत और सुकून पहुंचाते हैं। और यदि तेज, चुभती धूप में कपड़ों का रंग सफेद हो तो... ये बिल्कुल जादू की तरह काम करता है। देखकर सुकून का आभास होता है।
- सफेद लिबास के साथ अवचेतन में इतनी शुभ्रता, शुचिता, सुकून के अहसास जुड़े हैं कि सफेद



गाउन में सजी कोई युवती पहली नजर में परियों-सी लगती है। हम जब भी खूबसूरती, मासूमियत और अलौकिकता की साझी कल्पना करते हैं तो दिलो-दिमाग में सफेद वस्त्रों में सजी परियां थिरक उठती हैं। बहरहाल, जिन देशों में मार्च के कदम रखते ही गर्मी भी दस्तक देने लगती है, वहां चिलचिलाती धूप और बेचैन करने वाली तपिश के दिनों में फैशन और सुकून का एक ही रंग दिखता है, सफेद।

- साल 2012 का प्रतिनिधि रंग कोई भी हो, दहलीज पर गर्मी के कदम पड़ते ही सफेद रंग की हुकूमत चारों तरफ दिखाई देने लगती है। यह महज संयोग नहीं है कि हर साल स्प्रिंग कलेक्शन यानी बसंत ऋतु में होने वाले फैशन सप्ताहों में सफेद रंग की बादशाहत दिखती है। गर्मियो में हल्का-फुल्का, ढीला-ढाला और कैजुअल कुछ भी पहन सकते हैं। चाहे बीच पार्टियां हों, चाहे किसी के जन्मदिन की पार्टी- सफेद हर जगह शानदार लगता है, गरिमामय लगता है। सफेद लिबास के साथ एक और सुविधा है। आप कई तरह की एक्सेसरीज पहन सकते हैं। बहुत कम ऐसे मौसम होते हैं जिनका कोई प्रतिनिधि रंग हो, लेकिन गर्मी का अपना प्रतिनिधि रंग है, सफेद। इन दिनों भड़कीले या बहुत धुंधले (डल) रंग न दिल को भाते हैं न आंखों को। सिर्फ अपने तन में ही नहीं, दूसरों पर भी इन दिनों सफेद रंग के कपड़े अच्छे लगते हैं।
- लड़कियों में सफेद कुर्ते, सफेद टॉप, सफेद गाउन कुछ इस तरह खिलते हैं, जैसे वाकई ये उजली-उजली परियां हों। एक फायदे की बात यह है कि आज सफेद रंग में हर तरह की एक्सेसरीज आसानी से मैच करती है।
- आप सफेद टॉप के साथ नीली जींस का क्लासिक कॉम्बिनेशन इस्तेमाल कर सकते हैं तो आमतौर पर काले को छोड़कर (...और वो भी इसलिए, क्योंकि काला रंग रोशनी को सोखता है, इसलिए इन दिनों बेचैन करता है) कोई भी रंग सफेद के साथ मैच कर जाता है यानी सफेद के साथ कॉम्बिनेशन बनाने में आपको कतई परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ती है।
- इसकी रसायनिक विशिष्टता तो यह है कि यह आंखों का सुकून और दिल को ठंडक पहुंचाता है। यह हमारी तमाम उग्रता को ठंडा कर देता है।
- सफेद महज रंग नहीं है, यह पूरी संस्कृति है। यह एक पूरी सभ्यता है इसलिए सफेद रंग जितना चिलचिलाती गर्मी से सुकून देता है, वैसे ही बेचैन करने वाली भावनाओं के मामले में भी सुकून पहुंचाता है। यही कारण है कि दुनियाभर में बच्चों की मासूमियत को उभारने के लिए उन्हें उसके साथ जोड़कर देखने के लिए ज्यादातर स्कूलों की यूनीफॉर्म सफेद होती है।
- सफेद रंग शांति और शुद्धता का प्रतीक है। जब फिजा में आतिशी हवा के झोंके हों, कपड़े बेचैन करते हों, भला उस समय भड़कीले रंग किसे अच्छे लगते हैं यही वजह है कि पश्चिम से लेकर पूरब तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक गर्मियों में सफेद लिबास का जलवा दिखता है।
- डॉक्टर सफेद कोट पहनते हैं, क्योंकि वे यह बताना चाहते हैं कि यह रंग ईमानदारी, पवित्रता और ईश्वरीयता का प्रतिनिधि है।
- सफेद रंग के साथ कई फायदे हैं- भावनात्मक, कुदरती और सामाजिक भी। इसकी सामाजिकता में भी समरसता है। यही कारण है कि सफेद रंग सबको भाता है, सब पर फबता है चाहे सेलिब्रिटीज पहन लें या फिर कोई आम आदमी। सबको यह रंग आकर्षित करता और सब पर यह रंग आकर्षक लगता है। ऐसा नही है कि हम सफेद कपड़े कभी भी पहन सकते हैं।
- वाकई सफेद सदाबहार रंग है और इसके इतने विस्तृत आयाम हैं कि अगर आपने कई जोड़ी यानी जरूरत से ज्यादा भी इन दिनों सफेद कपड़े खरीद लिए हैं तो आपको सर्दियों के कपड़ों की तरह संदूक में साल के बाकी महीनों के लिए नहीं रखने पड़ेंगे। आप इन्हें लगातार पहन भी सकते/ सकती हैं। सफेद रंग के साथ आप अपनी चाहतों के सभी रंगों की एक्सेसरीज पहन सकती हैं। सफेद रंग कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। यह हमेशा खूबसूरत और ट्रेंडी लगता है।
- गर्मियों में सफेद टी-शर्ट और टॉप के जलवे देखते ही बनते हैं। मर्लिन मुनरो आज भी चेतन-अवचेतन में अगर किसी परी की तरह कैद हैं तो उसी सफेद ड्रेस में। गर्मियों में तमाम सेलिब्रिटीज सफेद रंग में ही नजर आते हैं तो आप क्यों न नजर आएं। इसलिए अगर सीजन की खरीदारी करने के लिए निकलना है तो अपनी सूची में सफेद कपड़ों के लिए जगह बना लीजिए, आखिर इन गर्मियों में परियों की तरह जो लगना है।

**जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है, अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।**

## कैसे शुरू करें बच्चों की

# बेड टाइम ट्रेनिंग





आज की लाइफ स्टाइल पहले की लाइफ स्टाइल से बहुत अलग है। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट ने हमारी जिंदगी में जितनी चीजें आसान बना दी है, उतना ही हम व्यस्त भी हो गए हैं। अगर आपके बच्चे का प्री-स्कूल जाने का समय आ गया है और उसका अभी भी रात में सोने का कोई निर्धारित समय नहीं है तो यह आपके लिए एक समस्या का कारण हो सकता है।

जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है। अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।

नींद पूरी न होने से बच्चे के मस्तिष्क का पूरा विकास नहीं हो पाता। क्या आप अपने बच्चे के स्कूल की शुरुआत ऐसे करना चाहेंगे? इसलिए शुरू से उसे बेड टाइम ट्रेनिंग की आदत डालनी चाहिए।

यह ठीक उसी तरह है जिस तरह हमारी मां हमें सोने से पहले अपनी लोरियां सुनाती थीं। आइए जानें कुछ ऐसी बातें जिससे हम अपने बच्चे को ट्रेंड कर सकते हैं बेड टाइम ट्रेनिंग के लिए-

1. बेड टाइम ट्रेनिंग आप 4 से 5 माह के बच्चे के साथ कर सकते हैं। शुरुआत में आपको थोड़ी समस्या जरूर होगी लेकिन बाद में यह बहुत मददगार साबित होगी। बच्चे को सुलाने से पहले आप उनकी हल्की-हल्की मालिश कीजिए। गुनगुने पानी से उनका मुंह-हाथ धोएं (स्पंज करना)।
2. उनके कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। एक समय पर कमरे की लाइट्स बंद कर दें। ऐसा करके आप उन्हें सिग्नल दे रहे हैं और बेड टाइम के लिए तैयार कर रहे हैं।
3. बच्चों को कोई गाना, सॉफ्ट म्यूजिक सुनाएं। लाइट बंद करने से पहले आप बच्चों को पिक्चर बुक्स भी दिखा सकती हैं। ऐसा करने से बच्चों को बुक्स पढ़ने की आदत पड़ती है।
4. सोने से पहले भगवान का कोई सा मंत्र भी सुना सकती हैं। कुछ बच्चों को अपना मनपसंद खिलौना लेकर सोना भी अच्छा लगता है। बच्चों को सोने से पहले सॉफ्ट म्यूजिक सुनना बहुत अच्छा लगता है और उसे सुनने से उनके दिमाग का विकास भी होता है इसीलिए तो बरसों से चलता आ रहा लोरी का एक अपना ही महत्व है।
5. छोटे बच्चे (6 माह से 1 साल के बीच) रात में दूध के लिए जरूर उठते हैं। धीरे-धीरे उसका भी एक समय बनाते जाएं जिससे बच्चा और आप दोनों अच्छे से अपनी नींद पूरी कर सकें।
6. जैसे-जैसे बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता है, आप उसे बेड में जाने से पहले मुंह-हाथ धुलाकर ब्रश करना सिखाएं। कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। सोने से पहले उन्हें दूध जरूर दें। उन्हें उनका मनपसंद खिलौना दें।
7. उन्हें किताब से कहानी सुनाएं। शुरुआत में तो बच्चे को टाइम देना आवश्यक है, लेकिन धीरे-धीरे बच्चे को जब इस टाइम टेबल की आदत हो जाएगी तो आपके और बच्चे दोनों के लिए ही बहुत लाभदायक होगा।
8. शाम को उसे कोई हॉबी क्लास या बगीचे में घूमने के लिए ले जाएं जिससे बच्चा अपना समय टीवी और लैपटॉप में न देकर खेले-कूदे और थक जाए। ऐसा करने से उसे नींद अच्छी आएगी और जल्दी आएगी।

कोशिश करें कि धीरे-धीरे उसे अपने आप टाइम से बेड पर जाने की आदत हो जाए ताकि आप भी अपने आपको कुछ समय दे सकें।

# ऐसे करें अपने बच्चे को प्री-स्कूल भेजने की तैयारी

**अपने बच्चे को प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी भेजना बहुत बड़ा कदम है और यह टेंशन भी पैदा करता है। यहां गाइड आपको बताएंगे कि आप क्या उमीद रखें, जब आप अपने बच्चे को पहली बार स्कूल लेकर जाएं।**

1. अपने बच्चे से प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी के बारे में बात करें, उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप उसे अपने से दूर नहीं भेज रही है। उनसे उनके व्यवहार के बारे में बात करें और मूल बातें सिखाएं।
2. स्कूल के पहले दिन के लिए क्या-क्या आवश्यक है, इस बारे में पता करें- जैसे पढ़ने का समय, नाश्ते का समय आदि ताकि आप उन्हें समझा सकें कि स्कूल से वे क्या उम्मीद रखें।
3. स्कूल की जरूरत की चीजें खरीदने में मजा लाए जैसे आपके बच्चे के पसंदीदा कार्टून की पेंसिल खरिदें, अपने बजट का ध्यान रखें।
4. एक रात पहले उनसे पूछे कि स्कूल को लेकर उनके मन में क्या सवाल है?
5. उन्हें स्कूल छोडने जाएं और जब स्कूल खत्म हो तब स्कूल के बाहर उनका इंतजार करें।
6. अपने बच्चे की टीचर से हर रोज बातचीत करते रहे, उनसे समय-समय पर मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी लें। इससे आपके बच्चे को स्कूल में नई सफलता मिलने लगेंगी। पता करें कि आप ऐसा क्या कर सकती है, जिससे आपके बच्चे और उसकी टीचर को मदद मिले।
7. अपने बच्चे से रोज पूछे कि उसने स्कूल में क्या किया? आपके बच्चे को पता होना चाहिए की स्कूल कितना जरूरी है।

**लगभग 96 प्रतिशत महिलाएं दिन में एक बार किसी-न-किसी बात पर अपराध बोध महसूस करती हैं। वो कौन-सी बातें हैं, जिनके लिए हम खुद को दोषी ठहराती हैं और क्या है इस अपराध बोध से निकलने का तरीका।**



## पछताना छोड़ें

# खुश रहना सीखें

क्या दिन में कम-से-कम एक बार आप इस बात का अफसोस जताती हैं कि मेरा वजन जरूर बढ़ गया है या फिर आज फिर से घर की सफाई को अधूरा छोड़कर मैं ऑफिस आ गई। अगर इन सब सवालों का जवाब हां में है, तो घबराएं नहीं। अधिकांश महिलाओं का यह स्वभाव होता है। पर परेशानी की बात यह है कि हर चीज के लिए खुद को दोषी ठहराने की हमारी आदत धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होती जाती है। हर बिगड़े हुए काम के लिए खुद को लगातार दोषी ठहराने की आपकी यह आदत आपको अवसाद के घेरे में भी ले सकती है। बेहतर तो यह होगा कि इन अवसादों से उबरने का तरीका आप सीख लें।

### बच्चों के साथ वक्त नहीं बिता पाती

अधिकांश काम-काजी मां का यह मानना होता है कि वे ऑफिस की अपनी जिम्मेदारियों और बच्चों की जिम्मेदारी के बीच सही संतुलन नहीं बना पाई हैं। पर सवाल यह है कि ऑफिस में रहकर बच्चों को वक्त न दे पाने का अफसोस जताने से न तो बच्चों के साथ आप वक्त बिता पा रही हैं और न ही ऑफिस की जिम्मेदारियों को पूरा करने में आप अपना 100 प्रतिशत दे पाएंगी। इस समस्या का एकमात्र हल यह है कि आप जो भी काम वर्तमान में कर रही हैं, उसे अपना 100 प्रतिशत दें। अगर ऑफिस में हैं तो वहां की जिम्मेदारियां पूरी तन्मयता से पूरी करें और अगर घर पर हैं तो बच्चों को पूरा वक्त दें।

### वजन कम ही नहीं कर पा रही

70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं कभी-न-कभी डाइटिंग करती हैं, बावजूद इसके कि उन्हें वजन कम करने की जरूरत हो या नहीं। अगर आप वाकई स्लिम और खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो इस दिशा में आपको गंभीर प्रयास करना होगा। नियमित एक्सरसाइज करें या फिर जिम जाने के लिए वक्त निकालें। साथ ही इस बात को स्वीकारें कि वजन कम करना या फिर बढ़ाना आप पर पूरी तरह से निर्भर करता है, इसलिए खुद को दोष देने की जगह इस दिशा में प्रयास करें।

### शॉपिंग में कुछ ज्यादा ही पैसे खर्च कर दिए

हर महिला को शॉपिंग करने में मजा आता है, पर कई लोग ढेर सारे शॉपिंग बैग के साथ घर लौटने के बाद अपराध बोध से ग्रस्त हो जाते हैं। पर आपको यह समझना होगा कि जब परिवार के अन्य सदस्यों पर खर्च करने से आपको किसी तरह का अपराध बोध नहीं होता, तो फिर खुद पर खर्च करने के बाद पछतावा क्यों? दूसरी बात यह भी है कि अगर आप शॉपिंग के दौरान खरीदे गए सामानों पर गौर करेंगी, तो पाएंगी कि आप सिर्फ उन्हीं चीजों पर खर्च कर रही हैं, जिसकी आपको वाकई जरूरत है।

### कभी टाइम पर नहीं पहुंच पाती

कभी-कभार, स्थिति ऐसी पैदा हो जाती है कि लाख कोशिशों के बावजूद हम वक्त पर नहीं पहुंच पाते हैं। कभी-कभी हमारी इमेज ही लेट-लतीफ वाली बन जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि हम अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। ऑटो या बस में बैठकर और जाम में घंटों फंसे रहकर इस बात का अफसोस करने से कोई फायदा नहीं है कि आप लेट पहुंचने वाली हैं। कभी-कभार अपनी गलती के बिना भी आप किसी मीटिंग में देर से पहुंच सकती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए खुद को दोष देना बंद करें।

### खुद के लिए वक्त नहीं मिलता

सुपर वुमेन बनने की चाहत या मजबूरी के चलते महिलाओं को अक्सर खुद के लिए ही वक्त नहीं मिलता। फिर धीरे-धीरे शुरू होता है इस बात का अफसोस कि अपनी मनपसंद किताब पढ़े सालों बीत गए या फिर पार्लर जाने के लिए वक्त ही नहीं मिलता। पर आपको इस बात को समझना होगा कि कभी-कभार कुछ ना करना भी जरूरी है ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बन सकें।



**चमकदार त्वचा :** केले के उपयोग से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है। केले में विटामिन 'सी', 'ए', पोटाशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस और कार्बोहाइड्रेट्स भरपूर मात्रा में मिलते हैं।ऐसे में इसे खाना और स्किन पर लगाना दोनों ही फायदेमंद होता है।

# केला कैलोरियों का भंडार

- केले में 105 कैलोरी पाई जाती हैं जो शरीर को किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाती है
- यह आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है, यह आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता है, आपको दिल के दौरे और स्ट्रोक से बचाता है
- केला खाने से अच्छी नींद आती है, नींद लाने के लिए रोज एक केला खाना बेहतर साबित हुआ है
- केले के उपयोग से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, यह अलसर जैसी बीमारीयों से भी बचाता है

बच्चों को केली बहुत भाता है जानते हैं क्यो, क्योंकि बच्चों को केले की मीठी सॉफ्टनेस पसंद होती है। आपने देखा होगा कि बच्चे अधिकांश सॉफ्ट चीजें ही लाईक करते हैं। चाहे वो खाने में हो या फिर किसी और चीज में। वैसे भी बच्चे कोमल होते हैं तो उनके लिए जाहिर हा कुदरत ने भी कुछ चीजें कोमल ही बनाई हैं । इसलिए केला बच्चों से लेकर बड़ो तक फायदा ही देता है। केला विटामिन, प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों से भरपूर है। केले में थाइमिन, रिबोफ्लेविन, नियासिन और फॉलिक एसिड के रूप में विटामिन ए और बी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसके अलावा केला ऊर्जा का सबसे अच्छा स्त्रोत माना जाता है। दरसल केले में विटामिन सी विटामिन ए पोटाशियम और विटामिन बी-6 होता है। केला मैग्नोशियम का अच्छा स्त्रोत है, इसलिए यह बहुत जल्दी पच जाता है और आपके मेटाबॉलिज्म को दुरूस्त रखता है।

**केले से मिलने वाले अन्य फायदे**

**ऊर्जा का स्रेत :** केला ऊर्जा का बहुत अच्छा स्रेत माना गया है, इसमें औसतन 105 कैलोरी पाई जाती हैं जो शरीर को किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाती है। अगर आप व्यायाम करने के बाद थक जाते हैं, तो तुरंत एक केला खा लीजिए यह रक्त में ग्लूकोज का स्तर बढ़ा कर आपको शक्ति देगा।

**मांसपेशियों में होने वाली ऐंठन से बचाता है :** कभी-कभी आप बहुत ज्यादा मेहनत करते हैं जिसकी वजह से रात में पैरों में ऐंठन होने लगती हैं, इससे बचने के लिए केला खाएं, इसमें मैग्नीशियम और पोटाशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है जो आपके पैरों में होने वाली ऐंठन से बचाती है।

**ब्लड प्रेशर नियंत्रित करता है :** केले में पोटाशियम की मात्रा अधिक होती है और सोडियम की मात्रा बहुत कम होती है जिसकी वजह से यह आपके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। यह आपके शरीर में पानी की कभी-कमी नहीं होने देता और आपके शरीर को दिल के दौरे और स्ट्रोक से बचाता है।

**केले से ऐसिडिटी कम होती है :** केले में ऐसे बहुत से तत्व पाए जाते हैं जो अम्लता यानि ऐसिडिटी से बचाते हैं। यह आपके पेट में अंदरूनी परत चढ़ा कर अलसर जैसी बीमारीयों से बचाता है।

**कब्ज को दूर करता है :** केले में फाइबर पाया जाता है, जिससे पाचन क्रिया मजबूत बनती है। गैस्ट्रिक की बीमारी वाले लोंगो के लिए केला बहुत प्रभावशाली उपचार है। वे लोग जिन्हें कब्ज की शिकायत रहती है, उन्हें केला खाना चाहिए।

**दस्त से बचाता है :** डायरिया की वजह से आपके शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे कमजोरी होने लगती है। केले में पोटाशियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इस लिए केला खाने से दस्त से बचा जा सकता है।

**केले में प्रोबायोटेक तत्व पाएं जाते हैं :** केले में एफओऐस के तत्व पाए जाते हैं, जो आंतों में गुणकारक जीवाणु का विकास कर के आपको पेट से जुड़ीं बीमारीयों से बचाता है।

**केला खाने से अच्छी नींद आती है :** केले में ट्रीप्टोफेन बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है जो सेरोटोनिन में बदल कर आपके मूड़ को अच्छा और एकाग्रता के स्तर को बढ़ाता है। जिससे आपको अच्छी नींद आती है।



# अब खाने के साथ आप बाउल भी खा जाएं

**नई दिल्ली।** फास्टफुड नेटवर्क संचालित करने वाली एक कंपनी ने पर्यावरण हितैषी पैकेजिंग पर जोर देते हुए अपने उत्पादों को खाने योग्य राइस बाउल में परोसने का परीक्षण शुरू किया है।कंपनी ने कहा कि बेंगलुरु स्थिति उसके दो रेस्तरां में इस बाउल का परीक्षण बृहस्पतिवार से शुरू हुआ। यह 04 मई तक चलेगा। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इसका विस्तार दुनिया के दूसरे देशों में भी किया जाएगा। इस बाउल में शाकाहार और मांसाहार दोनों परोसे जा रहे हैं। इसकी शुरुआती कीमत 89 रुपए है। कंपनी ने कहा कि खाने योग्य यह राइस बाउल प्लास्टिक बाउल की जगह दिया जा रहा है। यह टॉरटिला से तैयार किए गए हैं। कुरकुरे टॉरटिला से निर्मित यह बाउल खाने योग्य है और पूरी तरह से बायो डिग्रेडेबल भी है। कंपनी अपने स्टोर में ही टॉरटिला आटे से ताजा बाउल तैयार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल शिंदे ने कहा कि सामाजिक और पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार कंपनी होने के नाते वह किफायती और दीर्घकालिक समाधानों की तलाश कर रही है। कंपनी के देश में 81 शहरों में 300 से स्टोर है। इसी तरह से पूरी दुनिया के 130 देशों में 19 हजार से अधिक स्टोर हैं।



इस बाउल में शाकाहार और मांसाहार दोनों परोसे जा सकते हैं

इस बाउल की शुरुआती कीमत 89 रुपए हैं

## नौकरी से बाहर किया तो विमान के कर दिए टुकड़े

**रूस।** बात जब नौकरी की हो तो इंसान अपनी नौकरी बचाने के लिए हर संभव प्रयार करता है पर जब बात नहीं बनती तो गुस्सा आना लाजमी है। यही हुआ इस कर्मचारी के साथ यहां की एक विमान कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी को जब नौकरी से निकाल दिया गया तो उसे इतना गुस्सा आया कि उसने डिगर से विमान ही तोड़ डाला। ये व्यक्ति रूसी एयरलाइन ''यूटीएयर' में काम करता था। जैसे ही उसे बताया गया कि कंपनी को उसकी जरूरत नहीं है, वह गुस्से में आ गया और उसने डिगर से विमान की कॉकपिट पर कई बार वार किए जिससे उसमें बड़ा सा छेद हो गया। ये विमान तीन इंजिनों वाला था। ये विमान बेकार हो चुके थे।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## लॉफिंग ज़ोन

पत्नी शराबी पति के शराब के अवगुण बताते हुए कह रही है, शराब एक धीमा जहर है। जो धीरे-धीरे मौत की ओर से जाता है।

ठीक है, इधर मरने की किसे जल्दी पडी है। पति इत्मिनान से बोला

नवबिवाहित बंतो- अगर मैं कभी मोटी हो जाऊंगी तब भी तुम मुझे ऐसे ही चाहते रहोगे।

बता- हरगिज नही, मैने सिर्फबुरे दिनों में साथ रहने का वचन दिया है। मोटे पतले की कोई बात तय नहीं हुई थी।

पत्नी: 'हमारे पड़ोस में नए डॉक्टर रहने आए हैं, हमें उनसे मेल बढ़ाना चाहिए। क्या पता कब काम आ जाएं?'

पति: 'उनसे काम तो मरने के बाद ही पड़ेगा।'


पत्नी: 'क्यों?'

पति: 'वह तो सिर्फ पोस्टमॉर्टम करते हैं।'

फौजा सिंह- डॉक्टर साहब , मेरी पत्नी का शरीर बुखार से आग हो गया है।


डॉक्टर- तो आप फायर ब्रिगेड की मदद लीजिए, मैं फोन नम्बर बताता हूं।

## काकुरो पहेली - 4071




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 4070 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4071



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्रिहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली-4070**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | वा | ह | | इ | श्क | वि | श्क | | टा |
| द्या | | मे | | श्क | | धा | | फ | र्ज |
| बा | द | शा | ह | | शै | ता | न | | न |
| ल | | | सी | मा | | | का | ल | |
| न | ज | रा | ना | | श | बा | ब | | सं |
| | मी | ना | | ना | रा | ज | | दा | ता |
| आ | न | | का | | बी | | ना | दा | न |
| शि | | जो | शी | ले | | फि | जा | | |
| क | शि | श | | कि | ला | | य | हू | दी |
| | वा | | डॉ | न | | आ | ज | | पा |

## सूडोकु -'4071


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु 4070 हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 4071



**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली -4070 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |

## पोलिंग पार्टियां रवाना, 26 सौ बूथों पर करीब 25 लाख मतदाता ईवीएम में दबाएंगे बटन

**एजेंसी**

**बलिया।** बलिया समेत तीन लोकसभा क्षेत्रों को समेटे जिले के 26 सौ बूथों पर एक जून को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार सुबह से रवाना होने लगीं। खुद जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार और ओजस्वी राज ने कलेक्ट्रेट व कृषि उत्पादन मंडी समिति तिखमपुर में जाकर रवानगी का जायजा लिया। बलिया लोकसभा क्षेत्र में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र फेफना, बलिया नगर व बैरिया आते हैं। इसमें गाजीपुर के मोहम्मदाबाद और जहूराबाद भी शामिल है। इस लोकसभा के लिए प्रत्याशियों के भाग्य का फ़ैसला 19 लाख, 23 हजार, 645 मतदाता करेंगे। जबकि सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र बेल्थरारोड, सिकंदरपुर व बांसडीह आते हैं। इसके अलावा देवरिया का भाटपाररानी और सलेमपुर भी शामिल है। 17 लाख, 76 हजार, 982 वोटर सलेमपुर से लड़ रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जबकि घोसी लोकसभा क्षेत्र में बलिया जिले की सिर्फ एक विधानसभा सीट रसड़ा शामिल है। यहां के 3 लाख, 66 हजार, 495 मतदाता घोसी का सांसद चुनने में भागीदार होंगे। बलिया जनपद के कुल 25,24,441 मतदाताओं के वोट को ईवीएम में डलवाने के लिए पोलिंग पार्टियां एक-एक कर रवाना होने लगीं। अधिकारियों ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदानकर्मियों को नसीहत भी दी।

# यूपी में गर्मी से हाहाकार : पारा बना रहा नए रिकॉर्ड...

### नौतपा के छठे दिन 166 की मौत

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी अब जानलेवा हो चली है। लगातार रिकॉर्ड बनाते पारे और लू-लपट ने नौतपा के छठे दिन रिकॉर्ड 166 लोगों की जान ले ली। 48 डिग्री के साथ बुलंदशहर सबसे गर्म जिला रहा। दिन तो दिन, रातें भी खूब गर्मा रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बुलंदशहर इससे पहले 1978 में गर्म हुआ था, उस दौरान 48.2 डिग्री पारा दर्ज हुआ था। इसी तरह अभी तक के उपलब्ध आंकड़ों को देखें तो काशी मई में इतनी गर्म कभी नहीं रही। वहीं लखनऊ भी इस सीजन में पहली बार बृहस्पतिवार को लू की चपेट में आया। यहां पर पारा 45.1 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में भी रात गर्म रही और पारा 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

**काशी: 1952 से अब तक इतनी गर्मी नहीं**

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, वाराणसी में मौसम का आकलन 1952 से हो रहा है। तब से अब तक के आंकड़े बता रहे हैं कि इतना तापमान वाराणसी में कभी नहीं रहा। वाराणसी में बृहस्पतिवार को रात का पारा भी सर्वाधिक 32.5 डिग्री दर्ज हुआ।

**प्रयागराज की रात इतनी गर्म कभी नहीं रही, पारा 34 पार**

मौसम विभाग के आंकड़ों के




मुताबिक, बुधवार को सर्वाधिक गर्म रहने के बाद प्रयागराज के रात के पारे ने भी बृहस्पतिवार को रिकार्ड बनाया। न्यूनतम तापमान 34.2 डिग्री रहा। इससे पहले 16 जून 2019 को यहां का न्यूनतम पारा 33.9 डिग्री रिकार्ड हुआ था, जो अभी तक सर्वाधिक था।

**यूपी में गर्मी से 166 मौतें**

बुंदेलखंड और सेंट्रल यूपी में गर्मी और लू से 47 लोगों की मौत हो गई। वाराणसी और आसपास के जिलों में 72 लोगों की जान चली गई। इनमें सेक्टर मजिस्ट्रेट, हेड कांस्टेबल, तीन रेलकर्मी, होमगार्ड और इंजीनियर भी शामिल हैं।

प्रयागराज में 11, कौशांबी में नौ, प्रतापगढ़ में एक, गोरखपुर में एक बच्ची समेत तीन की मौत हो गई। अंबेडकरनगर में लू लगने से चार की मौत हुई है। श्रीवस्ती व गोंडा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। झांसी में भी लू लगने से बीमार हुए छह लोगों की मौत हुई है। गाजियाबाद में एक नवजात समेत चार, आगरा में तीन, रामपुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और शाहजहांपुर में एक-एक की मौत हो गई।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक, राज्य में कुछ इलाकों में बौछारें पड़ने के आसार हैं। वहीं पश्चिम यूपी में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवा चल सकती है। कुछ इलाकों में लू और गर्म रात होने के आसार हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

**शुरू हो गया है पारे में गिरावट का दौर**

हालांकि प्रदेश तप रहा है, लू भी चल रही है, इसके बावजूद पारे में क्रमिक गिरावट शुरू हो गई है। उदाहरण के लिए झांसी में 49 डिग्री तक पहुंच चुका पारा 47.4 तक पहुंचा है। इसी तरह कई और शहरों में तापमान में एक से दो डिग्री के बीच की गिरावट आनी शुरू हो गई है।

## फर्नीचर गोदाम में लगी आग, कारें व मशीन जलकर राख

**झांसी।** महानगर समेत जिले में अग्नि देव का प्रकोप रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले महीने भर से शायद ही कोई दिन खाली जाता हो जब आग का तांडव देखने को न मिले। ऐसी ही घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ागांव गेट के बाहर एक फर्नीचर के गोदाम में शुक्रवार को तड़के भीषण आग लगने की सामने आई है।



गणेश मढिया में रहने वाले कालू विश्वकर्मा का फर्नीचर का गोदाम बड़ागांव गेट बाहर शमशान घाट के पास मां अम्बे फर्नीचर के नाम से बना है। कालू ने बताया कि उसे आज सुबह छह बजे सूचना मिली की उसके गोदाम से धुआं निकल रहा है। इस सूचना पर जब तक वह वहां पहुंचा, तब तक धुआं आग की लपटों में तब्दील हो चुका था। आग की सूचना पुलिस ओर फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ओर दमकल की चार गाड़ियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक गोदाम में रखा तीन से चार लाख कीमत का माल जलकर राख हो चुका था। गोदाम में रखी मशीन और कार भी धूं-धूं कर जलकर राख हो गई। कालू के मुताबिक जानकारी नहीं हो पा रही कि आग की घटना कैसे हुई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## भीषण गर्मी के बीच अमरावती में जल संकट गहराया, प्रदूषित तालाब का पानी पीने को मजबूर लोग

**एजेंसी**

**अमरावती।** महाराष्ट्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। अमरावती जिले में मरियमपुर गांव और इसके आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को इस चिलचिलाती गर्मी में पीने के पानी के लाले पड़ रहे हैं। यहां के लोग अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। लोग कच्चे रास्तों और ऊंचे पहाड़ों से होकर पानी लेने जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में पानी का स्रोत सिर्फ प्रदूषित तालाब है, जो यहां के ग्रामीणों की जरूरत पूरा कर रहा है। इसके अलावा, प्रदूषित तालाब के किनारे गड्ढे खोदकर लोग पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**दूषित पानी लोगों को बीमार कर रहा**

जैसे-तैसे ये ग्रामीण पानी भरकर ले आ रहे हैं, लेकिन इसका इस्तेमाल करना इससे भी ज्यादा खतरनाक है। दूषित और अस्वस्थ पानी लोगों को बीमार भी कर रहा है। इस गंदे पानी के लिए ग्रामीण मीलों पैदल चल रहे हैं। मरियमपुर गांव की रहने वाली फुलकाई बेलसरे का कहना है कि गड्ढे में पानी खत्म होने पर तालाब से गंदा पानी लेना पड़ता है।



**लोगों ने बताई अपनी परेशानी**

फुलकाई बेलसरे ने कहा, 'हम पानी लेने के लिए रात 10-11 बजे तक यहां बैठे रहते हैं। गड्ढे में पानी खत्म हो जाता है तो तालाब से गंदा पानी लेना पड़ता है। हमें न तो पानी के टैंकर मिल रहे हैं और न ही नलों में पानी मिल रहा है।'

मरियमपुर गांव के रहने वाले सुभाष सावलकर ने कहा, 'हमें सुबह चार बजे उठना पड़ता है और तालाब के पास आना पड़ता है। पानी इकट्ठा करने के लिए गड्ढा खोदना पड़ता है। इस पानी को पीने के बाद हमारे बच्चे बीमार हो रहे हैं, यहां पानी का कोई अन्य स्रोत नहीं है, यहां पानी का कोई टैंकर नहीं आता है।' जास्मिन प्रकाश ने कहा, 'कोई यहां की स्थिति का जायजा नहीं ले रहा। इस पानी को पीने के बाद लोग बीमार हो रहे हैं। हमारी परेशानी को न तो जल प्रदाय विभाग देख पा रहा है और न ही नगर परिषद। हर गांव में पानी की टंकी और बोरवेल है, लेकिन हमारे गांव में पानी की कमी के कारण बोरवेल नहीं खोदा जा सकता।'

## कानपुर में पुलिस आयुक्त ने पुलिस कर्मचारियों को तंबाकू छोड़ने की दिलाई शपथ



**एजेंसी**

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने अपने मातहतों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर शुक्रवार सुबह तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने पुलिस कार्यालय परिसर में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सभी को तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करना चाहिए। तंबाकू से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। हम सभी लोगों को पर्यावरण के साथ ही साथ तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले विभिन्न प्रकार की जानलेवा बीमारी से बचने के लिए इसका परित्याग करना चाहिए। यह सभी के लिए घातक है। तंबाकू का सेवन छोड़ने से हम सब का जीवन समृद्ध बनेगा। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को शपथ दिलाया कि तंबाकू व तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा एवं अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय/कानून-व्यवस्था मनोज कुमार पाण्डेय उपस्थित रहें।

## झारखंड की मौजूदा सरकार तुष्टिकरण और भाजपा विकास की राजनीति कर रही है : वाजपेयी

**रांची।** राजधानी के प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा के मुख्य संचेतक डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई वर्तमान राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने वर्तमान के 10 सालों में राष्ट्रीय जन सरोकार के मुद्दों पर केंद्र सरकार की पहल से देश में विकास की गति को नया आयाम मिलने की बात कही। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि झारखंड में लव जिहाद एवं लैंड जिहाद के माध्यम से झारखंड की संस्कृति को बदलने के लिए संगठित रूप से प्रयास किया जा रहा है। वहीं घुसपैठियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है और यह सब झारखंड में इंडि गठबंधन के संरक्षण में हो रहा है। झारखंड का विकास वर्तमान केंद्र सरकार के सशक्त प्रयास और पहल से लगातार किया गया है। चाहे वह सड़क के क्षेत्र में हो या फिर रेलवे के क्षेत्र में। झारखंड में हम एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चुनाव में गए और जनता के बीच झारखंड के वर्तमान सरकार के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को स्पष्ट रूप से दर्शाया है।

## राज्यपाल मिश्र की यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से हुई मुलाकात



**जयपुर/लखनऊ।** राज्यपाल कलराज मिश्र की शुक्रवार को लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात हुई। राज्यपाल मिश्र और पटेल की यह शिष्टाचार भेंट थी। दोनों ने इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## लखीमपुर में पांच लोगों की मौत, कई घायल, पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, टीनशेड उड़े

**एजेंसी**

**लखीमपुर खीरी** लखीमपुर खीरी जिले में देर शाम आंधी और रात नौ बजे आए तूफान ने तबाही मचा दी। कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। टीनशेड उड़ गए। अलग-अलग जगहों पर हुई घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल हुए हैं।

**कार पर गिरा पेड़, युवक की मौत**

फूलबेहड़ क्षेत्र के अंन्देश नगर के पास तूफान के चलते पेड़ कार पर गिर गया। हादसे में कार चला रहे घनश्याम गिरी की मौत हो गई। वह पत्नी और बच्चों के साथ कार से रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। पत्नी व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गिरे पेड़ को हटवाकर कार निकाली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल महिला और उसके दो बच्चों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। फरधान थाना क्षेत्र के गांव लोन पुरवा में पक्की दिवार गिरने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हुई है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव इमलिया में रात आठ बजे के करीब आई आंधी के दौरान गांव में विशाल नीम का पेड़ गिर गया। पेड़ के नीचे गांव निवासी तौले राम का 35 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार समेत कुछ लोग बैठे थे। आंधी में नीम पेड़ ढह गया, जिसके नीचे दबकर विनोद कुमार की मौत हो गई। वहीं अन्य लोग बाल-बाल बच गए।



**बुजुर्ग महिला और युवक की मौत**

गोला थाना क्षेत्र के गांव विलासपुर ग्राम पंचायत तेंदुआ में तेज आंधी आने से पक्की दीवार गिर जाने से 75 वर्षीय फूलमती पत्नी शिवराम की मौके पर मौत हो गई। घटना से उनके परिवार में कोहराम मच गया। उधर, थाना हैदराबाद के गांव बेलवा में आंधी तूफान के कारण दीवार से दबकर विकास ( 36 वर्ष) पुत्र हरद्वारकी मृत्यु हो गई है। थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## विपक्ष को साथ लाकर सरकार बुलाए सर्वदलीय बैठक, चारधाम पर ले सुझाव : गणेश गोदियाल

**एजेंसी**

**देहरादून।** 10 मई से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आगाज हो चुका है। लेकिन चारधाम यात्रा की शुरुआत से ही विपक्ष लगातार चारधाम व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठता आ रहा है। एक बार फिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सरकार की तैयारियों पर निशाना साधा है। गणेश गोदियाल ने कहा कि चारधाम यात्राओं के संबंध में सरकार के दावे बिलकुल खोखले हैं। स्थिति ऐसी आ गई की सरकार को धारा 144 लगानी पड़ी जो की चारधाम के इतिहास में कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बंद कर दिए गए हैं तीर्थ यात्री यहां आएंगे ही नहीं तो पर्यटन के और तीर्थाटन के व्यवसाय में जो लोग लगे हुए हैं उनके लिए सरकार क्या सोच रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कोई नीति और सोच नही हैं। यात्रा अच्छी चल सके इसके लिए सरकार के पास कोई प्लान नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि अगर सरकार को महसूस होता है कि उनके पास आइडिया वाले लोग नही हैं तो विपक्ष को साथ लेकर सर्वदलीय बैठक बुला सकती है। हम दिक्कतें भी बताएंगे और हल भी। लेकिन, सरकार की बहुमत है जिसके चलते सरकार नशे में है।



## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में तीर्थयात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 7 की मौत, 28 लोग घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में तीर्थयात्रियों से भरी बस खाई में गिर गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 28 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया, जम्मू-पुंछ हाईवे पर अखनूर इलाके के चौकी चौरा में चुंगी मोड़ के पास ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। इस दौरान बस खाई में गिर गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए।बस उत्तर प्रदेश के हाथरस से तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही थी। अधिकारियों ने आगे बताया कि सभी घायलों को अखनूर अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, गंभीर रूप से घायलों को जम्मू शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान जारी है।

## मध्य रेलवे का 63 घंटे का मेगा ब्लॉक से मुंबईवासी हलकान, वैकल्पिक व्यवस्था नाकाफी

**एजेंसी**

**मुंबई।** मध्य रेलवे के सीएसएमटी और ठाणे स्टेशन के बीच 63 घंटे का विशेष मेगाब्लॉक होने से मुंबईवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष मेगाब्लाक की वजह से मध्य रेलवे के हर स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा है। हालांकि राज्य सरकार की ओर से एसटी महामंडल और बेस्ट उपक्रम की अतिरिक्त बसें चलाई जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था काफी कम साबित हुई है।

दरअसल, मध्य रेलवे के सीएसएमटी और ठाणे स्टेशन के बीच लाइन पर कार्यों के चलते गुरुवार आधी रात से मुंबई में तीन दिन के लिए 953 लोकल, 72 मेल एक्सप्रेस रद्द कर दी गई हैं। इस ब्लॉक के दौरान रेल यात्रियों को परेशानी से बचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एसटी महामंडल ने 50 और बसें चलाने का फैसला किया है। इसी तरह बेस्ट उपक्रम की ओर 55 बसों की व्यवस्था की गई है। एसटी महामंडल की ओर से कुर्ला नेहरूनगर, परेल और दादर स्टेशनों से ठाणे के लिए 50 अतिरिक्त बसें चलाई जा रही है। इसी तरह बेस्ट उपक्रम ने भी 55 बसों को रास्ते पर उतारा है, लेकिन यह सब मुंबई वासियों की संख्या को देखते हुए ऊंट के मुंह में जीरा जैसी कहावत चरितार्थ हो रही हैं। इसके साथ ही टैक्सी और रिक्शा चालकों को यात्रियों से अतिरिक्त पैसे न लेने की हिदायत राज्य सरकार की ओर दी गई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लोगों को घर से ही काम करने की अपील की है और अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की भी अपील की है। मध्य रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार सीएसएमटी और ठाणे स्टेशन के बीच स्लो ट्रेक पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है, जो बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। मध्य रेलवे ने यात्रियों को सहयोग करने की अपील की है।



## मणिपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस, सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चौबीसों घंटे बचाव कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा की गई उच्चस्तरीय बैठक के बाद मणिपुर के मुख्य सचिव की तरफ से जारी जानकारी में बताया गया है कि बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों में समन्वय को बेहतर बनाने और चक्रवात रेमल के कारण लगातार बारिश से प्रभावित लोगों की आवश्यकताओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। राहत कार्य के लिए बैंक्वेट हॉल, 1 बटालियन मणिपुर राइफल्स में चौबीसों घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का नेतृत्व मणिपुर सरकार के प्रमुख सचिव अरुण कुमार सिन्हा करेंगे और इसमें प्रतिनियुक्त अधिकारी शामिल होंगे। नियंत्रण कक्ष से मोबाइल/लैंडलाइन नंबर 09233522822, 09485280419, 06909525816, 0385-2440028 और 0385-2912006 पर संपर्क किया जा सकता है। सभी लोगों से घरों में रहने और केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही बाहर निकलने की अपील की गई है।



## औक्सिलियारी सेवा मातृत्व सहित 09 मानकों पर समीक्षा बैठक

**एजेंसी**

**किशनगंज।** सरकारी अस्पतालों को बेहतर बनाने व उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं में गुणात्मक सुधार के उद्देश्य से सरकार द्वारा कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन्क्रास) कार्यक्रम के तहत जिले के सदर अस्पताल में लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता प्रदान करते हुए वहां की व्यवस्था को एनक्वास प्रमाणीकरण दिलवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी तुषार सिंगला और सिविल सर्जन डा. राजेश कुमार की दिशा-निर्देश के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का अंकेक्षण करते हुए चिन्हित कमियों को दूर किया जा रहा है। इसके लिए लगातार क्षेत्रीय स्तरीय निरीक्षण टीम द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां मरीजों के लिए उपलब्ध गुणवत्ता आश्वासन मानक की जांच की जा रही है। इसके लिए क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कौशर इकबाल एवं पिरामल स्वास्थ्य के डॉ. सनोज ने लगातार निरीक्षण किया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिकारियों ने की तैयारी पर चर्चा

**एजेंसी**

**किशनगंज।** व्यवहार न्यायालय परिसर में 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। विगत कुछ दिनों में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज ओम शंकर द्वारा विभिन्न बैठक की गई है।सभी थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु चर्चा हुई जिसमें नोटिस का शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।



व्यवहार न्यायालय परिसर में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दावा वाद, अपराधिक शमनीय वाद, चेक बाउंस के मामले, विधुत विभाग के मामले, पारिवारिक मामले (तलाक वाले मामले को छोड़कर) बैंक ऋृण एवं टेलीफोन बिल से संबंधित मामले एवं अन्य वाद, विवाद जो सुलह्नीय, शमनीय प्रकृति का हो का निष्पादन आपसी समझौता से किया जाता है।

## चुनाव के ठीक पहले हेमंत सोरेन को षड़यंत्र के तहत जेल में डालने से जनता में रोष : कल्पना सोरेन

**एजेंसी**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन अपने चुनावी दौरे के बाद राजधानी रांची लौटीं। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से चुनाव के ठीक पहले हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत फंसा कर जेल भेजने का काम किया गया है। इस बात का रोष झारखंड के जनता में स्पष्ट दिखाई पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की आवाज बन कर आई और झारखंड की जनता से मुझे ताकत मिली है। इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों के साथ झारखंड की जनता है। वही हेलीकॉप्टर से पार्टी के प्रचार प्रसार के भ्रमण के विषय में कहाकि पार्टी ने मुझे दायित्व दिया है। मैं, उसका निर्वहन कर रही हूं और 4 जून को झारखंड और पूरे देश की हालत में बदलाव आने जा रही है। वहीं, संथाल के विषय में कहा कि संथाल मे वहां के लोगों की चलेगी।





### ज्यादा से ज्यादा योगदान

यदि आप कस्टमर सर्विस में हैं और किसी को आपकी मदद की जरूरत है तो मात्र 'आप इस नंबर पर मिला लें', ऐसा न कहें। यदि संभव है तो उनको यह काम आप करके दें। अच्छी सेवाओं की उपभोक्ता प्रशंसा करते हैं। जब बॉस के सामने कोई ग्राहक कंपनी द्वारा दी जा रही अच्छी सेवाओं के माध्यम से आपकी तारीफ करता है, यह आपके लिए मायने रखता है।

**आप वर्किंग वुमन हैं, आप अपना काम अच्छी तरह से पूरा करते हैं तो आपकी पहचान ऐसे कर्मचारी के रूप में है, जो उस कार्य विशेष को अच्छी तरह करना जानती हैं। लेकिन कुछ चीजें ऐसी भी होती हैं, जिनकी जिम्मेदारी आप को समझनी चाहिए।**

# आगे बढ़ने के लिए ये भी जरूरी



अधिकतर कर्मचारी यह नहीं समझते कि जिस कंपनी में वे नौकरी कर रहे हैं, उसका हिस्सा मानते हुए उसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी उन्हीं की है। यहां कुछ ऐसे ही कामों की सूची दी जा रही है, जो आपके जॉब प्रोफाइल में शामिल नहीं होते, पर यदि आप उन्हें करती हैं तो आपको आगे बढ़ने के लिए अवसर मिलते रहेंगे। क्योंकि बात जब प्रमोशन की आती है तो प्रबंधकीय टीम की नजर ऐसे लीडर्स पर होती है, जो उस कंपनी विशेष के साथ खुद को जोड़ कर देखते हैं।

## समस्याओं का अनुमान

भविष्य में आ सकने वाली समस्याओं का अनुमान लगाएं। अपने पास उनके समाधान तैयार रखें। घटनाएं होने का इंतजार न करें, अपने स्तर पर सक्रिय बनें। हम सबके पास ऐसे पल होते हैं, जब लगता है कि उस कार्य को हम और बेहतर कर सकते थे। जब भी ऐसे क्षण आएं तो पूरी योजना के साथ आगे आएं और उस काम को कर लें।

## आपके विचार और सुझाव

काम के दौरान यदि आपको लगता है कि किसी काम को अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकता है तो उस संबंध में अपना सुझाव दें। यदि आपका मैनेजर उसमें बाधा पहुंचा रहा है तो जहां भी आप अपने सुझाव दे सकती हैं, अवश्य दें।

## दूसरी गतिविधियों से जुड़ें

एक कंपनी में कई तरह की गतिविधियां होती हैं। मसलन, आप डाइवर्सिटी कमेटी की सदस्य बन सकती हैं। ऐसे कामों से खुद को जोड़ सकती हैं, जहां लगता है कि आप बेहतर योगदान दे सकती हैं। यदि आपको कंपनी एचआर की ओर से किसी काम में वॉलंटियर बनने का ई-मेल मिलता है और आप वह काम कर सकती हैं तो अवश्य करें। कंपनी यदि किसी नए काम या प्रयास की जानकारी दे रही है तो उस बारे में सकारात्मक टिप्पणी भेजें, योगदान देने की अपनी मंशा को भी व्यक्त करें। मैनेजमेंट को यह बात पसंद आती है।

## कहे जाने का इंतजार न करें

आपको लगता है कि कोई कार्य किया जाना है, जिसे कोई कर नहीं रहा है तो उसे करें। यहां तक कि लंच के बाद उस जगह को पुनर्व्यवस्थित करना या पार्टी आदि के किसी आयोजनों में मदद करने से पीछे न हटें। बहुत कम लोग होते हैं जो बिना कहे, काम किए जाने की जरूरत समझते हैं।



## मीटिंग्स में चुप न रहें

मीटिंग में कुछ लोग बिल्कुल चुप रहते है, हमेशा ये रवैया सही नहीं होता। किसी भी कर्मचारी के लिए जरूरी है कि वह जिस तरह और जितना अधिक कामों में अपना योगदान दे सकता है, अवश्य दे। खासतौर पर महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स या उच्च स्तरीय कार्यो की बात हो तो उनमें अवश्य भाग लें। याद रखें, काम करने वालों को हमेशा नोटिस किया जाता है।

## लीडरशिप डेवलप करें

प्रत्येक टीम या प्रोजेक्ट का एक लीडर होता है तो वह आप क्यों नहीं हो सकते? यदि आप लीडर नहीं भी हैं तो भी अधिकतम योगदान दें। अपना सुझाव दें। यदि कोई काम गैर उपयोगी लगता है तो अपना मत पूरे शिष्टाचार के साथ व्यक्त करें।

## कंपनी के बारे में बुराई से बचें

किसी बात पर यदि सहमत नहीं है तो प्रश्न पूछें। पर इधर-उधर कंपनी के बारे में बुरा बोलना या फिर काम या बॉस के संबंध में अपशब्द कहना सही नहीं है। ऐसा करने से आपको कंपनी में और उच्च स्तर पर काम करने का अवसर नहीं मिलेगा। जब भी आप काम पर हों तो कंपनी के कामों में सुधार करने की दिशा में अपना योगदान दें।

# डेस्क प्लांट बढ़ाए टेबल की ब्यूटी

**मानसिक और शारीरिक दृष्टि से पौधे हमे काफी फायदा पहुंचाते है। और यदि ये घर में लगाए जाए तो घर की रौनक और अधिक बढ़ा देते है। आपको भी गार्डनिंग का काफी शौक है लेकिन समय की वजह से आप अपना शौक पूरा नहीं कर पा रही है तो निराश न हो क्योंकि आप ये शौक डेस्क प्लांट के जरिए कर सकती हैं। ऑफिस डेस्क पर ये प्लांटस काफी सुंदर लगते है आइए जाने प्लांटस के बारे में-**

## पौधे का चयन करते वक्त

एक्सपर्ट के अनुसार ऑफिस डेस्क पर रखा हुआ पौधा हमारे मन को खुशहाल बनाए रखता है। डेस्क के लिए पौधा चुनते समय इन बातों का ध्यान रखें-

- डेस्क के लिए ऐसा पौधा चुनें, जिसकी पत्तियां स्मूद यानी चिकनी हो। इससे ऑफिस के लोगों के साथ आपके रिलेशन में सुधार आएगा।
- जहां तक संभव हो हरी पतियों वाला पौधा ही डेस्क पर रखें, क्योंकि हरा रंग स्नेह और खुशहाली का प्रतीक है।
- चाहें तो छोटे-छोटे फूलों वाला पौधा भी रख सकती है। इससे आपका स्ट्रेस लेवल कम होगा और मैरिड लाइफ में रोमांस बढ़ेगा।
- डेस्क पर रखे हुए पौधे की हरियाली मन को शांत और कलीग्स के साथ रिश्तों को तनावमुक्त रखती है।

## हवा और ध्वनि की शुद्धता

ये तो हम सभी जानते हैं कि पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं। ऐसे में डेस्क गार्डनिंग न सिर्फ आपके गार्डनिंग के शौक को पूरा करता है, बल्कि



ऑफिस के वातावरण को भी शुद्ध रखता है। शोध बताते है कि इनडोर प्लांटस ध्वनि को एब्जॉर्ब करते हैं। अतः डेस्क पर रखे प्लांट्स से भी ध्वनि का स्तर कम हो जाता है और हम ध्वनि प्रदूषण से बचते हैं। ऑफिस में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, जैसे कंप्यूटर, प्रिंटर, फैक्स, स्कैनर आदि से निकलने वाली विशैली गैसों को अवषोशित करता है। इन गैसों की वजह से सिरदर्द या आंखों में जलन आदि की समस्या हो सकती है।

**सभी से बातें होती हैं, हंसी-मजाक होता है। लेकिन उनमें से कुछेक से आप और भी ज्यादा करीब होती हैं। यही वह दोस्त है, जो 'सहेली' बन जाती है।**



# कुछ खास है सहेली का दर्जा

महिलाओं के लिए एक सहेली का दर्जा कुछ खास होता है। जिंदगी में एक सहेली की जरूरत इसलिए बहुत ज्यादा होती है क्योंकि दो सहेलियों में सबसे पहले औरत होने का रिश्ता बन जाता है। इस रिश्ते के दर्द और खुशियां सब लगभग एक समान होते हैं। एक सहेली आपकी परछाई होती है। एक एक्टर का एक इंटरव्यू था। उसका कहना था कि एक महिला का किरदार निभाने के लिए उसे साड़ी पहननी पड़ी और तब उसे अहसास हुआ कि महिलाओं को इस वेश के साथ दैनिक कर्मों में कितनी दिक्कत होती है। ऐसी अंडरस्टैंडिंग एक पुरुष मित्र के बजाय एक सहेली से अपने आप ही बन जाती है।

मतलब आपकी भावनाओं को एक महिला ज्यादा बेहतर समझ सकती है। वैसे एक दोस्त की जरूरत हमारे मानसिक स्वास्थ्य और बेहतर समायोजन के लिए बहुत जरूरी है। दोस्ती में जज किए जाने, धोखा दिए जाने का डर नहीं होता। दोस्त के सामने बिना किसी आडंबर के व्यवहार कर सकते हैं। हमारे व्यक्तित्व को विकास, मनोरंजन और मानसिक चुनौतियों की जरूरत होती है। एक ही व्यक्ति से ये सभी पूरी हों, संभव नहीं। इसीलिए हम कई दोस्त बनाकर उनसे खुद को संपूर्ण बनाते हैं। हम एक बड़ा ग्रुप बना लेते हैं। इससे हमें सुविधा भी होती है।

**सफाई के साथ सजावट द्वारा ही घर के वातावरण में मधुरता घोली जा सकती है। इसके लिए जरूरी नहीं है कि आपका घर बहुत बड़ा ही हो। छोटे घर को भी अपने रचनात्मक कौशल से आकर्षक बनाया जा सकता है।**

# आपकी पहचान है आपका घर



कहा जाता है कि साफ सुथरे और सजे संवरे मकानों के लिए आर्थिक स्थिति भी उसी स्तर की होनी चाहिए परन्तु गहराई से विचार करने पर यह बात बड़ी आसानी से समझी जा सकती है कि सस्ते और कच्चे मकानों में बिना कुछ खर्च किये सफाई रखी जा सकती है तथा रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं को यथा स्थान ढंग से रखकर घर को सुरुचिपूर्ण रखा जा सकता है। बड़े और महंगे मकानों में भी सफाई का ध्यान न रखा जाए और वस्तुओं को ठीक तरीके से रखने की बात न सोची जाए तो इस कारण वहां जो फूहड़ता और बेढंगेपन का नजारा होता है, वह कीमती सामानों को भी कूड़े-करकट की श्रेणी में ला खड़ा कर देती है।

## दो स्थानों का रखें विशेष ख्याल

घर में दो स्थानों पर ज्यादा गंदगी होती है—जिनका उपयोग परिवार का प्रत्येक सदस्य कम से कम दो बार तो करता ही है। रसोई और स्नानागार में इसलिए भी अधिक गंदगी होती है कि वहां पर उपयोग के साथ-साथ बिखराव भी होता है। रसोई में काम करने और भोजन करने के बाद तुरंत सफाई कर लेना चाहिए और उपयोग में आने वाली वस्तुओं-बर्तनों को भी तुरंत साफ कर यथास्थान रख देना चाहिए।

## वस्तुओं की सफाई का क्रम

घर में ऐसी बहुत-सी चीजें रहती हैं जिनकी रोज-रोज सफाई करने की बारी नहीं आती। दीवारें, छत आदि में थोड़े दिनों के बाद जाले पड़ते हैं और धूल जम जाती है। सप्ताह में एक दिन पूरे घर की अच्छी तरह सफाई की जा सकती है। मेज, कुर्सी, पलंग, फर्नीचर आदि का झाड़ पोंछ तो रोज ही हो जाती है पर उनकी टूट-फूअ साज संभाल के लिए भी महीने में कम से कम एक दिन नियत रखा जा सकता है। कालीन, दरी, फर्श और चटाइयों जैसी वस्तुओं के लिए साज संभाल का क्रम बना लें।

## बजट का भी रखें ख्याल

स्वच्छता की ही तरह सजावट के लिए भी न तो बजट में अतिरिक्त व्यवस्था रखने की आवश्यकता पड़ती है और न ही बहुमूल्य सामग्री की। थोड़ा बहुत फर्नीचर और तस्वीरें तो प्रायः सभी घरों में मिलती हैं। यदि उन्हें उपयुक्त स्थान पर रखने और समुचित क्रम से सजाने भर का ध्यान रखा जाए तो कम वस्तुएं भी मनुष्य के कलात्मक दृष्टिकोण को उजागर कर देती है।

## हरियाली की उपयोगिता

घर में हरियाली आनंदपूर्ण वातावरण बनाती है। जिन घरों में उद्यान लगाने की जगह न हो, वहां तार के छींकों पर लटकने वाले डिब्बे तैयार कर उनमें मिट्टी आदि डालकर उनमें पौधे लगाकर घर के बाहर रख दें। यहां यह ध्यान रखना होगा कि आपके पास जो भी बचा हुआ समय है उसका उपयोग थोड़ी सूझबूझ से किया जाए तो उपलब्ध साधनों से ही घर को स्वच्छ, सुन्दर और सुसज्जित बनाया जा सकता है। समय का उपयोग करने के साथ सूझ-बूझ इसलिए आवश्यक है कि स्वच्छता और गृहसज्जा एक कला है।



# जरा प्यार से परोसिए

**भारतीय संस्कृति में अतिथि को भगवान का दर्जा दिया गया है। उसके सत्कार को बड़ा महत्वपूर्ण माना गया है। उसके आदर-सत्कार में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए गृहिणी जी-जान से एक से एक स्वादिष्ट व्यंजन बनाने का प्रयास करती है।**

- खाने की मेज साफ-सुथरी होनी चाहिए। सारा सामान करीने से रखा होना चाहिए।
- टेबल पर साफ-सुथरे मैट बिछे होने चाहिए। मैट पर दाईं ओर बड़ी प्लेट और बायी ओर छोटी प्लेट रखी होनी चाहिए।
- बीचो-बीच कांच के गिलास में या स्टैंड में पेपर नैपकीन रख दें।
- टेबल के बीच में लंबा मैट बिछाकर उस पर सब्जी के डोंगे, रायता, सलाद, अचार, चटनी वगैरहा रखें।
- ग्रेवी वाली सब्जी के लिए कटोरियां जरूर रखें।
- भोजन सामग्री ढक कर रखें ताकि जल्दी ठंडी न हो।
- बड़े ही प्रसन्न चित्त से मेहमानों से भोजन करने का आग्रह करें।
- बीच-बीच में ध्यान रखें कि डोंगे में कोई सब्जी या अन्य भोज्य सामग्री खत्म तो नहीं हो गयी है। ऐसा होने पर उसे फौरन भर दें।
- आखिर में स्वीट डिश सर्व करें और उसे केसर, काजू, पिस्ता से सजाना न भूलें।
- खाना खा चुकने के बाद तहे-दिल से मेहमानों का शुक्रिया अदा करें और उन्हें कहें कि उनका सत्कार कर वे धन्य हो गए।



**आजकल मॉड्यूलर किचन बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। मॉड्यूलर किचन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह इस प्रकार से डिजाइन किया जाता है कि छोटी जगहों में करीने से एवं अधिक से अधिक सामान रखा जा सके।**

# मॉड्यूलर किचन का बढ़ता चलन

**हर गृहणी** की पहली इच्छा होती है उसके घर का किचन उसकी इच्छा के अनुरूप सुव्यवस्थित तरीके से बनाया जाए। किचन कई तरह से बनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक बहुप्रचलित है 'माड्यूलर किचन'। इसकी प्रमुख विशेषताएं ये हैं कि यह आकर्षक, सुसज्जित एवं साफ-सुथरा दिखता है।

## ज्यादा तोड़-फोड़ की जरूरत नहीं

इस तरह का किचन बनवाने के लिए घर में तोड़-फोड़ की जरूरत नहीं पड़ती। इस तरह का किचन 800 रुपए प्रतिवर्ग फुट के हिसाब से बनता है। अलग-अलग यूनिट के उपकरण लगाए जाते हैं।

जिस दिन रसोईघर बनकर तैयार होता है, उसी दिन से खाना पकाने का काम शुरू किया जा सकता है। किचन बनवाने से पहले निम्न बातों का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए-

- किचन निर्माण में जो भी सामान इस्तेमाल किया गया है, वह पानी और आग-रोधक हो।
- जो भी हार्डवेयर्स इस्तेमाल में लाएं जैसे हैंडल, ड्रायर स्लाइड्स इत्यादि सभी अच्छी क्वालिटी के हों।
- रसोईघर में सामान रखने के लिए भरपूर स्टोरेज स्पेस हो।
- रखरखाव आसान हो। बेस यूनिट बाहर निकलने वाली या ट्रॉलीनुमा हो, जिससे उनकी सफाई आसानी से की जा सके।
- किचन का स्लैब या प्लेटफार्म आपकी लंबाई के अनुसार हो, न अधिक ऊंचा और न अधिक नीचा। दोनों ही स्थिति में थकावट अधिक होगी।
- डिश वॉशर के नीचे एक प्लेटफार्म बनाएं, जिससे वह लगभग 6 इंच ऊंचा हो जाए। इससे बर्तन धोते समय कमर पर जोर नही पड़ेगा।
- किचन में फ्रिज, कुकिंग रेंज और सिंक पास ही हों। ये तीनों ही अत्यधिक प्रयोग में आने वाले आइटम हैं। यदि इनके बीच दूरी अधिक होगी तो आप अनावश्यक रूप से थकेंगी।

## नाप के अनुसार होता है डिजाइन

रसोईघर के नाप के अनुसार और ग्राहक की जरूरत के अनुसार मॉड्यूलर किचन बनाए जाते हैं, जो कि लेमिनेटेड पार्टीकल बोर्ड से बने होते हैं। ये मजबूत और टिकाऊ तो होते ही हैं, साथ ही इनमें सफाई भी आसानी से होती है और दीमक व कॉकरोच की समस्या भी नहीं होती। इसमें बर्तन के लिए निश्चित जगह होती है, जैसे भारी बर्तन के लिए रोलिंग स्टैंड, हल्के बर्तन के लिए अलग स्टैंड, सिंक यूनिट, बड़े डिब्बों के लिए बड़ी और छोटे डिब्बों के लिए कम जगह वाली यूनिट।

## भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को प्रदान की गई 'टीम ऑफ द ईयर कैप'

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत से पहले, भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को हाल के दिनों में अपने राष्ट्रीय पक्ष के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर कैप प्राप्त हुए। विश्व के नंबर 1 टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आईसीसी टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई। भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में करेगा। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। वे बाद में टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) से खेलेंगे। टूर्नामेंट में, भारत का लक्ष्य आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना होगा, जिसने आखिरी बार 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। तब से, भारत 2023 में 50 ओवर के विश्व कप फाइनल, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल, 2021 और 2023 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले, 2014 में टी20 विश्व कप फाइनल, 2016 और 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंच चुका है, लेकिन बड़ी आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने में विफल रहा है।

## टी20 विश्व कप 2024: बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से शुरु होगा भारत का अभियान

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 वेस्टइंडीज और अमेरिका में 1 जून से शुरू होगा, जिसके उद्घाटन मुकाबले में मेजबान अमेरिका का सामना टेक्सास के डलास में कनाडा से होगा। भारत का अभियान शनिवार 1 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से शुरू होगा। ग्रुप ए में भारत का पहला मैच 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ होगा, जिसके बाद 9 जून को उसी नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम पाकिस्तान से भिड़ेगी।

टी20 विश्व कप में भारत का कार्यक्रम-

बनाम बांग्लादेश - 1 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास मैच

बनाम आयरलैंड - 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में।

बनाम पाकिस्तान - 9 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में।

बनाम यूएसए - 12 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में।

बनाम कनाडा - 15 जून को लॉडरहिल के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में।

## ग्रीस फुटबॉल क्लब ओलंपियाकोस ने यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब जीता

**एथेंस।** ग्रीस के फुटबॉल क्लब ओलंपियाकोस ने एथेंस में इतालवी क्लब फिओरेंटीना को 1-0 से हराकर 2023/24 यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब जीत लिया है। ओलंपियाकोस के फॉरवर्ड अयूब एल काबी ने अतिरिक्त समय के 115वें मिनट में गोल करके एईके एरिना स्टेडियम में रेड्स ऑफ पिरियस को जीत दिलाई।



यह जीत ओलंपियाकोस के इतिहास में पहली यूरोपीय ट्रॉफी और किसी भी ग्रीक फुटबॉल क्लब के लिए पहला यूरोपीय खिताब है। ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने एक्स पर लिखा, ओलंपियाकोस ने इतिहास रच दिया। क्लब और पूरे ग्रीक फुटबॉल के लिए एक शानदार शाम। जब रेफरी ने अंतिम सीटी बजाई, तो ग्रीक प्रशंसक स्टेडियम के अंदर और बाहर जश्न मनाने लगे। हजारों लोग नगरपालिका द्वारा स्थापित विशाल स्क्रीन पर फाइनल देखने के लिए पिरियस के केंद्रीय चौक में एकत्र हुए थे।

## न्यूजीलैंड की क्रिकेटर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की क्रिकेटर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 4 वनडे और 7 टी20 मैच खेले, उसके बाद वह न्यूजीलैंड चली गईं। बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कीवी टीम के लिए 16 वनडे और 22 टी20 मैच खेले। बेजुइडेनहाउट ने एक बयान में कहा कि कीवी टीम के लिए खेलना उनके लिए सम्मान की बात है। यह बहुत शानदार सफर रहा। व्हाइट फर्न्स के लिए खेलना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और सम्मान की बात रही है और इसने मुझे बहुत अच्छी यादें दी हैं।

## मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर: सिवाच, संजीत, अमित, जैस्मीन प्री-क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी**

**बैंकॉक।** चार भारतीय मुक्केबाजों ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए बैंकॉक में चल रहे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सचिन सिवाच (57 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और जैस्मीन (महिला 57 किग्रा) ने जीत दर्ज की। सिवाच ने प्री-क्वार्टर फाइनल राउंड में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्त्सी पर 5-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की।

इसके बाद संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुइस सांचेज की चुनौती को समान अंतर से हराया। नियमों के अनुसार, पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में केवल तीन मुक्केबाज ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे, इसलिए सिवाच को क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे, जबकि राउंड ऑफ 64 में बाई पाने वाले संजीत का लक्ष्य भी यही होगा



क्योंकि उनके भार वर्ग में सभी चार सेमीफाइनलिस्ट क्वालीफाई करेंगे। बाद में, जैस्मीन ने अजरबैजान की महसती हमजायेवा को कोई मौका नहीं दिया और महिलाओं की 57 किग्रा श्रेणी के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में 5:0 के फैसले के साथ जीत हासिल की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल ने फिर भारतीय दल के लिए एक बेहतरीन दिन पूरा किया क्योंकि उन्होंने मैक्सिको के मौरिसियो रुइज़ को 4-1 से हराया। भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन राउंड 1 में दबाव में थे, लेकिन उन्होंने उस राउंड के आखिरी मिनट में गति पकड़ी और फिर तीसरे और अंतिम राउंड में कुछ संयोजन मुक्कों के साथ मैच को पलट दिया और जीत हासिल की।

## एफसी गोवा ने ब्रैंडन फर्नांडिस को दी भावनात्मक विदाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एफसी गोवा ने स्थानीय खिलाड़ी और अपने सबसे लंबे समय तक खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक ब्रैंडन फर्नांडिस को भावभीनी और भावनात्मक विदाई दी, जिनका अनुबंध इस गर्मियों में समाप्त होने वाला है।

ब्रैंडन प्रतिष्ठित नारंगी शर्ट पहनने वाले सबसे सम्मानित सम्मानित फुटबॉलरों में से एक हैं। 2017 की गर्मियों में गोवा में शामिल होने के बाद, भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने सभी प्रतियोगिताओं में क्लब के लिए 130 मैच खेले हैं, जो आज तक किसी भी खिलाड़ी के लिए दूसरा सबसे अधिक मैच है।

29 वर्षीय ब्रैंडन ने गोवा के लिए 31 गोल करने में सहायता की है जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा उन्होंने गोवा के लिए 17 गोल भी किये हैं, जिसमें इस वर्ष के शुरू में चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है, जिसने टीम को दो वर्ष के अंतराल के बाद इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप प्लेऑफ के सेमीफाइनल में



पहुंचाया था ब्रैंडन ने 2019-20 सीज़न में क्लब की आईएसएल लीग शील्ड जीत और 2021 में डूरंड कप जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में उन्हें पहली बार सीनियर भारतीय राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। इसके बाद से उन्होंने ब्लू टाइगर्स के सेटअप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और 2021 में टीम के साथ सैफ चैंपियनशिप जीती है। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कर ने आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, ब्रैंडन ने सात साल तक एफसी गोवा का बैज बड़े गर्व के साथ पहना और क्लब के मैदान के अंदर और बाहर के मूल्यों के लिए एक शानदार एंबेसडर रहे। वह क्लब के ताने-बाने में समा गए और उन स्तंभों में से एक थे जिन पर खेल की सफलता का निर्माण हुआ। हम उन्हें बहुत मिस करेंगे और वह क्लब के सच्चे आइकन में से एक के रूप में जाने जाएंगे। उन्होंने कहा, भले ही ब्रैंडन क्लब छोड़कर जा रहे हों, लेकिन एफसी गोवा में उनका हमेशा स्वागत किया जाएगा, चाहे वह किसी भी पद पर हों और इस क्लब में उनके और उनके परिवार के लिए हमेशा एक खास जगह रहेगी। क्लब में हर कोई ब्रैंडन द्वारा किए गए हर काम के लिए अपना आभार व्यक्त करता है। हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## जेमिमाह रोड्रिग्स, पूजा वस्त्राकर भारतीय टीम में शामिल, चयन फिटनेस पर निर्भर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बल्लेबाज जेमिमाह रोड्रिग्स और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर को टेस्ट और सीमित ओवरों की टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर है। रोड्रिग्स अप्रैल-मई में बांग्लादेश में पांच मैचों की टी20 सीरीज में पीठ की चोट के कारण नहीं खेल पाई थीं और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब से गुजर रही थीं। हालांकि, वस्त्राकर ने बांग्लादेश में सभी पांच मैच खेले थे और बीसीसीआई के मीडिया बयान में उनकी चोट की प्रकृति के बारे में नहीं बताया गया। अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री को भी तीनों टीमों में शामिल किया गया है। उन्होंने यास्तिका भाटिया की जगह ली जो बांग्लादेश में सिर्फ़ एक टी20 मैच खेलने के बाद चोटिल हो गई थीं। छेत्री 2023 में हांग्जो में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण जीतने वाली भारत की एशियाई खेलों की टीम का भी हिस्सा थीं। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पुनिया, जिन्होंने भारत के लिए आखिरी बार जुलाई 2023 में खेला था, को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने अब तक 26 टी20 मैच खेले हैं, को भी टेस्ट और वनडे टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, तेज गेंदबाज तीतस साधु, जो बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैचों के साथ-साथ भारत के आखिरी वनडे और टेस्ट असाइनमेंट (पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) का हिस्सा थीं, को टीम में शामिल नहीं



किया गया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम का भारत दौरा तीन मैचों की वनडे सीरीज से शुरू होगा, फिर एक टेस्ट और तीन टी20 मैचों के साथ समाप्त होगा। वनडे और साथ ही बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन की टीम के खिलाफ मेहमान टीम का एक दिवसीय अभ्यास मैच बेंगलुरु में खेला जाएगा, जबकि बाकी मैच चेन्नई में होंगे। एक टेस्ट मूल रूप से आईसीसी के फ्यूचर टेस्ट प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा नहीं था। इसे इसलिए जोड़ा गया क्योंकि बीसीसीआई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका दोनों ही हाल ही में महिला टेस्ट को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। यह सात महीनों में भारत का तीसरा टेस्ट होगा, इससे पहले उसने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेला था।

**भारत की वनडे टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स (फिटनेस के अधीन), ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्राकर (फिटनेस के अधीन), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**भारत की टेस्ट टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, शुभा सतीश, जेमिमाह रोड्रिग्स (फिटनेस के अधीन), ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, साइका इशाक, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्राकर (फिटनेस के अधीन), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह, प्रिया पुनिया।

भारत की टी20 टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दयालन हेमलता, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), जेमिमाह रोड्रिग्स (फिटनेस के अधीन), सजाना सजीवन, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, अमनजोत कौर, आशा शोभना, पूजा वस्त्राकर (फिटनेस के अधीन), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी।

## नामीबिया ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर और रीजनल कप के लिए 30 सदस्यीय टीम घोषित की

**एजेंसी**

**विंडहोक।** नामीबिया फुटबॉल एसोसिएशन (एनएफए) ने गुरुवार को जून में होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए 30 सदस्यीय टीम की घोषणा की। चयनित 30 खिलाड़ियों को 52 खिलाड़ियों वाली प्रारंभिक अनंतिम टीम से चुना गया है, जो 14 मई से प्रशिक्षण शिविर में थी और 5 और 11 जून को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में लाइबेरिया और ट्यूनीशिया के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों की तैयारी कर रही थी।

अंतिम 30 सदस्यीय टीम जून के मध्य में शुरू होने वाले 2024 काउंसिल ऑफ साउथर्न अफ्रीका फुटबॉल एसोसिएशन कप में भी नामीबिया का प्रतिनिधित्व करेगी। स्थानीय और विदेशी खिलाड़ियों वाली इस टीम में तीन गोलकीपर, नौ डिफेंडर, 13 मिडफील्डर और पांच फॉरवर्ड शामिल हैं। क्वालीफायर के लिए नामीबिया को ग्रुप एच में ट्यूनीशिया, इक्वेटोरियल गिनी, मलावी, लाइबेरिया और साओ टोम और प्रिंसिपे के साथ रखा गया है।

**नामीबिया की टीम इस प्रकार है-**

गोलकीपर- लोयड्ट काज़ापुआ, कामाइजांडा एनडिसिरो, जोनास मतेउस।

डिफेंडर्स- इवान कम्बेरिपा, चार्ल्स हम्बीरा, रियान हनामब, तुली नाशिक्सवा, जीपी कारूओम्बे, अरेंड अबूबकर, इरास्मस इकिंगे, पॉलस अमूतेन्या, एडमंड काम्बांडा मिडफील्डर्स- एडमर कामातुका, रोमियो कासुमे, ड्योन होट्टो, अप्परोसियस पेट्रस, मोसेस शिडोलो, इरास्ट्स कालुला, एंडीजिरारेरा महारेरो, लॉरेंस डोएसेब, फारेस हैदुला, बेन नामिब, पुनाजी काट्जीमुने, डेविड एंडीयूनेमा, रिकम्बुरा मुंडजुआ।

फॉरवर्ड्स- गोंजालेज टीसुबेब, पीटर शेलुलीली, बेथल मुजेउ, क्लोओफस यूसेब, मकेरटीने नवासेब।

## इंडियन ग्रां प्री: जाबिर एमपी ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया

**एजेंसी**

**चेन्नई।** कई शीर्ष सितारों की अनुपस्थिति में सभी की नजरें केरल के अंतरराष्ट्रीय बाधा दौड़ खिलाड़ी जाबिर एमपी पर टिकी रहीं, जिन्होंने यहां एक दिवसीय इंडियन ग्रां प्री सीरीज के दूसरे चरण में पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 49.94 सेकंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। 27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400 मीटर बाधा दौड़ ग्रुप ए रेस के आखिरी मोड़ पर अन्य प्रतियोगियों से आगे निकलते हुए 50 सेकंड से कम समय में रेस पूरी की और अपने पसंदीदा संतोष कुमार टी (50.14) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। वह इस सीजन की अपनी पहली रेस में हिस्सा ले रहे थे। संतोष कुमार ने बाद में 400 मीटर फ्लैट में 46.46 सेकंड का शानदार समय निकालकर ग्रुप ए की रेस जीत ली। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता आर विथ्या रामराज ने 57.28 सेकंड का समय लेकर दबदबा बनाया। विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर ए रेस में 53.00 सेकंड का समय निकालकर दोहरा स्कोर भी बनाया। देश के अधिकांश शीर्ष एथलीटों ने इस मीट में भाग नहीं लिया क्योंकि वे आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के मद्देनजर विदेश में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## सिंगापुर ओपन : कैरोलिना मारिन से हारीं पीवी सिंधु, निशिमोटो ने प्रणय को किया बाहर

**एजेंसी**

**सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु और एचएस प्रणय का गुरुवार को सिंगापुर ओपन में सफर समाप्त हो गया। सिंधु को जहां स्पेन की कैरोलिना मारिन ने शिकस्त दी, वहीं, प्रणय को जापान के केंटा निशिमोटो ने हराया। सिंधु ने महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में रोमांचक मुकाबले में 18-15 की बढ़त गंवा दी और चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन से तीन गेम तक चले मैच में हार गईं।

पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहने के बाद, इस शीर्ष भारतीय शटलर ने रियो ओलंपिक फाइनल की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहला गेम जीता, लेकिन स्पेनिश खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक घंटे, आठ मिनट तक चले संघर्ष में 21-13, 11-21, 20-22 से जीत हासिल की। डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई



तीखी टक्कर के बाद सात महीनों में पहली बार एक-दूसरे का सामना करते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय ने लगातार पांच अंक हासिल करते हुए पहला गेम अपने नाम किया। लेकिन स्पेन की विश्व नंबर 3 खिलाड़ी नेदूसरे गेम में जोरदार वापसी की, जिसमें उन्होंने लगातार छह अंक जीते और 17-7 की बढ़त हासिल की, फिर खेल को बराबरी पर ला दिया। सिंधु ने निर्णायक गेम में बढ़त हासिल की और पूरे गेम में अपनी बढ़त बनाए रखी, लेकिन मारिन ने शानदार वापसी करते हुए भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने 17वें मैच में 12वीं जीत दर्ज की। वहीं, पुरुष एकल में भारतीय शटलर एचएस प्रणय को,जापान के केंटा निशिमोटो ने तीन सेटों तक चले मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-15 से हराया। यह मैच 1 घंटा 18 मिनट तक चला।

विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने इससे पहले 45वें नंबर के बेल्जियम के जूलियन कैरेगी की कड़ी चुनौती को 21-9, 18-21, 21-9 से हराते हुए राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया था।

## महिला क्रिकेट में सबसे तेज 100 वनडे विकेट पूरे करने वाली गेंदबाज बनीं सोफी एक्लेस्टोन

**एजेंसी**

**चेम्सफोर्ड।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन महिला क्रिकेट में सबसे तेज 100 एकदिवसीय विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच के दौरान हासिल की। एक्लेस्टोन ने बुधवार को 4.1 ओवर के अपने स्पेल में तीन विकेट चटकाए, जिसमें उन्होंने सिर्फ 15 रन दिए। इस स्पेल के साथ, उन्होंने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट पूरे किए। उन्होंने सिर्फ 64 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलियाई महान कैथरीन फिट्ज़पैट्रिक के रिकॉर्ड की बराबरी की, लेकिन ओवरों की संख्या (63) के मामले में रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया नेट साइवर-ब्रंट के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में सीरीज के तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच में पाकिस्तान को 178 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस जीत के साथ, इंग्लिश टीम ने तीन मैचों की एकदिनी सीरीज 2-0 से जीत ली।



इस मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट खोकर 302 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी साइवर-ब्रंट रहीं जिन्होंने 117 गेंदों पर 124 रन की नाबाद पारी खेली, इस दौरान उन्होंने14 चौके और दो छक्के लगाए। इनके अलावा डेनियल व्याट (42 गेंदों पर 44 रन), एलिस कैप्सी (42 गेंदों पर 39 रन) और मैया बाउचर (33 गेंदों पर 34 रन) ने भी अपनी टीम के लिए बहुमूल्य पारियां खेलीं।

पाकिस्तानी टीम की ओर से उम्म-ए-हानी ने सबसे बढ़िया गेंदबाजी की, जिन्होंने 10 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट चटकाए। डायना बेग, निदा मीर और फातिमा सना ने एक-एक विकेट लिया। 303 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 29.1 ओवर में मात्र 124 रनों पर ढेर हो गई। केवल दो खिलाड़ी दोहरे अंक में स्कोर कर पाए। मुनीबा अली ने 55 गेंदों पर 47 रन (7 चौके) और आलिया रियाज ने 41 गेंदों पर 36 रन (6 चौके) बनाए। मेजबान टीम के लिए, एक्लेस्टोन के अलावा, लॉरेन बेल और साइवर-ब्रंट ने दो-दो विकेट लिए, और केट क्रॉस और चारोलेट डीन ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## इंडियन ओपन ऑफ़ सर्फिंग का पांचवां संस्करण से शुरू, देश के शीर्ष सर्फर्स मंगलूरू पहुँचे

**एजेंसी**

**मंगलूरू।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (आईओएस) का 5वां संस्करण कल से तटीय शहर मंगलूरू में शुरू होने जा रहा है। सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा आयोजित और सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित, इस बहुप्रतीक्षित इवेंट में देश के शीर्ष रैंक वाले सर्फर्स तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिष्ठित ससिहिथलू समुद्र तट परप्रतिस्पर्धा करते नज़र आएंगे।

एक्शन में नजर आने वाले कुछ शीर्ष नामों में श्रीकांत डी, सूर्या पी, अजीश अली, शिवराज बाबू, सूर्या पी, कमली मूर्ति, इशिता मालविया, सृष्टि सेल्वम जैसे सर्फर्स शामिल हैं। आईओएस में पूर्वी और पश्चिमी तटों के सर्फरों के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता होगी, जिसमें महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक होंगे जो सीज़न के अंत में सर्फरों की रैंकिंग निर्धारित करेंगे। इस आयोजन को न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी से बड़ा



समर्थन मिला है, जो पहली बार शीर्षक प्रायोजक के रूप में साथ आया है। 'प्रेजेंटेड बाय' प्रायोजक कर्नाटक सरकार ने लगातार पांचवें वर्ष इस आयोजन को अपना समर्थन दिया है। तीन दिवसीय सर्फिंग प्रतियोगिता में चार श्रेणियों पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर-16 लड़के), और ग्रोम्स (अंडर-16 लड़कियां) में गहन प्रतिस्पर्धा होगी। पुरुष ओपन वर्ग में सभी की निगाहें हरीश एम, श्रीकांत डी और शिवराज बाबू पर होंगी, जिन्होंने हाल ही में आयोजित इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल केरल 2024, कैलेंडर वर्ष की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था। कमली मूर्ति, संध्या अरुण, इशिता मालविया और सृष्टि सेल्वम के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए महिला ओपन वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है। अंडर-16 लड़कों की श्रेणी में, तैयिन अरुण, प्रह्लाद श्रीराम और सोम सेठी शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि स्थानीय सर्फर तनिष्का मेंडन और सानवी हेगड़े अंडर-16 लड़कियों की श्रेणी में कौशल और प्रतिभा के रोमांचक प्रदर्शन करने को तैयार हैं। अजीश अली, जिन्होंने अल साल्वाडोर में 2023 आईएसए विश्व सर्फिंग खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, पुरुष ओपन वर्ग में प्रतियोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा कर सकते हैं।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वाईस प्रेज़िडेंट और मंत्रा सर्फ क्लब के पार्टनर, राममोहन परांजपे ने एक बयान में कहा, हम इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के लिए तैयार हैं और मैं आपको तीन दिवसीय चुनौती में शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता और मनोरंजन का वादा कर सकता हूं। देश के शीर्ष सर्फर मंगलुरु पहुंचे हैं और खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने के लिए कृतसंकल्प हैं। इसके अतिरिक्त, शहर के हालिया मौसम ने प्रतिस्पर्धा में जान डाल दी है, जिससे लहरें एक ही समय में चुनौतीपूर्ण और सर्फिंग के लिए अनुकूल दोनों हो गई हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं।, सर्फिंग खेल के लिए वैश्विक शासी निकाय, इंटरनेशनल सर्फिंग फेडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता, भारतीय सर्फर्स के लिए अपने कौशल को निखारने और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए तैयारी करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही ओलंपिक खेल के रूप में सर्फिंग को शामिल करने से एवं विश्व स्तर पर खेल की पहचान को और बढ़ावा मिलेगा। मार्च में वर्कला के खूबसूरत चट्टानी समुद्र तट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग महोत्सव केरल 2024 के बाद, इंडियन ओपन ऑफ़ सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप श्रृंखला का दूसरा पड़ाव होगा।

## युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की आधारशिला है बंगाल प्रो टी 20 लीग : आकाशदीप

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बंगाल प्रो टी 20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 जून से कोलकाता के ईडेन गार्डेन में शुरू हो रहा है, जो न सिर्फ प्रशंसकों के मनोरंजन का साधन है बल्कि युवा प्रतिभाओं को उभारने का भी मजबूत प्लेटफार्म है।

लीग में हिस्सा ले रही फ्रेंजाइजी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने इस टूर्नामेंट की सराहना करते हुए कहा, मैं सिलीगुड़ी के लिए खेलने को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। सिलीगुड़ी कोलकाता से काफी दूरी पर स्थित है और बंगाल प्रो टी 20 लीग में इसका प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह लीग बंगाल की युवा प्रतिभाओं के लिए तो एक मजबूत प्लेटफार्म है ही साथ ही सिलीगुड़ी के खिलाड़ियों के भविष्य की भी मजबूत नींव है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम का हिस्सा रहे 27 वर्षीय आकाशदीप ने हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम में भी पदार्पण किया है। आकाशदीप ने गुरुवार को फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं पिछले दो महीने से आईपीएल खेल रहा हूं और पूरी कोशिश करूंगा कि इस अनुभव का फायदा अपनी टीम को पहुंचा पाऊं और हम एक कड़े प्रतिस्पर्धी बन कर उभरें। मैं इस साल पूरी तरह से अपने खेल का मजा ले रहा हूं और इस लीग के लिए पूरी तरह से आश्वस्त हूं।

अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, सबसे पहले मुझे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ए के लिए चुना गया, तब मैं बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में खेल रहा था, तभी मुझे अपने भारत कॉल-अप के बारे में पता चला। मैं वह खिलाड़ी नहीं हूं जो टीम इंडिया में चुने जाने से खुश हो जाऊं, बल्कि मैं अपने देश के लिए कम से कम 50 से 100 टेस्ट खेलना चाहता हूं।

तेज गेंदबाज ने आगे कहा, ट्रॉफी जीतना तभी संभव है जब आपका फोकस ट्रॉफी पर नहीं, बल्कि सारे मैच जीतने पर हो और इसके लिए मैं लगातार सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स प्रबंधन, कोचों और खिलाड़ियों से बातचीत करके रणनीतियां तैयार कर रहा हूं।


सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की टीम, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग का प्रतिनिधित्व कर रही है।

अरिवा स्पोर्ट्स की देखरेख में आयोजित हो रही बंगाल प्रो टी 20 लीग की अवधारणा आईपीएल की तर्ज पर की गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 से 28 जून तक खेला जाएगा।



# रात का अंधेरा और महंगी गाड़ी में लॉन्ग ड्राइव... रोमांटिक हुईं श्रद्धा कपूर

## लिखा-प्यार और ज्यादा...



श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिनसे फैंस बहुत कनेक्टेड महसूस करते हैं। उनके फैंस हर रविवार को एक्ट्रेस की एक झलक पांडे को बेताब रहते हैं। श्रद्धा कपूर भी अपने चाहने वालों को बिल्कुल भी निराशा नहीं करती हैं।वह कभी खाना खाते हुए तो कभी अपने सुन्दर और सुशील लुक में बेहद ही खूबसूरत फोटोज शेयर करती हैं। अब हाल ही में श्रद्धा कपूर ने एक ऐसी फोटो शेयर की है, जिसने उनके फैंस का दिल पूरी तरह से जीत लिया है। एक्ट्रेस रात के घुप्प अंधेरे में अपनी महंगी गाड़ी लेकर लॉन्ग ड्राइव पर निकल गयीं।

**लॉन्ग ड्राइव करने के साथ श्रद्धा ने लिखी दिल की बात**


श्रद्धा कपूर ने बीते साल सबसे महंगी कारों में से एक Lamborghini Huracan Tecnica खरीदी थी, जिसकी कीमत तकरीबन इंडिया में चार करोड़ के आसपास की है। श्रद्धा वैसे तो अपने पापा को भी अपनी सबसे महंगी कार की सवारी करवा चुकी हैं, लेकिन हाल ही में वह मुंबई की वह अपने एक दोस्त के साथ नए कोस्टल रोड पर मस्ती करते दिखाई दीं।

उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी वीडियो शेयर किया। ड्राइविंग के साथ गाड़ी में म्यूजिक बजाते हुए वह एन्जॉय करती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने अपनी प्यारी सी वीडियो शेयर कर लिखा, लेट नाइट ड्राइव्स का प्यार और भी ज्यादा बढ़ गया है। नए कोस्टल रोड़ ने तो दिल ही जीत लिया है।

**अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं श्रद्धा कपूर**

श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह तू झूठी मैं मक्कारके राइटर राहुल मोदी को डेट रही हैं।हालांकि, श्रद्धा ने अब तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है। श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही स्त्री-2 में नजर आएंगी, जिसमें उनकी जोड़ी एक बार फिर से राजकुमार राव के साथ जमेगी।

# RRR के पक्के दोस्त अब बॉक्स ऑफिस पर होंगे आमने-सामने? लिखी जा चुकी है राम चरण Vs जूनियर NTR की स्क्रिप्ट



RRR की सफलता के बाद से ही राम चरण को लेकर तगड़ा बज बना हुआ है. जल्द वो वापसी करने वाले हैं. उनकी कमबैक फिल्म है- गेम चेंजर. पिक्चर को एस शंकर डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग अबतक पूरी नहीं हुई है. हाल ही में पिक्चर का आखिरी शेड्यूल शुरू हुआ था. रामचरण के अपोजिट कियारा आडवाणी नजर आने वाली हैं. कुछ वक्त पहले फिल्म का एक गाना आया था, जो लिरिकल वर्जन था. अबतक रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है. फिल्म को 450 करोड़ के भारी-भरकम से तैयार किया गया है. ऐसे में मेकर्स बिना देरी किए इसी साल पिक्चर लाने की प्लानिंग कर रहे हैं.

'गेम चेंजर' पर पानी की तरह पैसा बहाया गया है. एक-एक सीक्वेंस को परफेक्ट करने के चक्कर में 250 करोड़ से शुरू हुआ फिल्म का बजट 450 करोड़ पहुंच चुका है. इस वक्त राम चरण को लेकर माहौल सेट है. RRR के बाद से ही फैन्स उनकी दूसरी फिल्म के इंतजार में हैं. तो मेकर्स भी इसे भुनाने की पूरी कोशिशों में जुटे हैं. हाल ही में Cinejosh में एक रिपोर्ट छपी. इससे पता लगा कि, फिल्म को अक्टूबर में रिलीज किया जा सकता है.


**कब रिलीज होगी राम चरण की 'गेम चेंजर'?**

जहां एक तरफ फैन्स को राम चरण की 'गेम चेंजर' का बेसब्री से इंतजार है. वहीं दूसरी ओर फिल्म काफी वक्त से टलती जा रही है. पहले फिल्म को साल 2023 लाने की प्लानिंग की गई थी. पर बाद में इसमें कुछ बदलाव हो गए. फिर खबरें आईं कि अब साल 2024 की शुरुआत में फिल्म को रिलीज कर दिया जाएगा. पर अबतक रिलीज डेट पर मेकर्स की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है. हालांकि, अगले कुछ महीनों में भी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक नहीं देगी. इसकी वजह है आखिरी शेड्यूल की शूटिंग.रिपोर्ट से पता लगा है कि, 'गेम चेंजर' की फिलहाल 50 दिन की शूटिंग बची हुई है. फिल्म का शेड्यूल काफी टाइट है. इसे अक्टूबर में रिलीज करने के लिए पूरी टीम जोरों-शोरों से काम पर लगी हुई है.

**क्या जूनियर NTR से भिड़ेंगे राम चरण?**

ऋक्क की ब्लॉकबस्टर जोड़ी जूनियर एनटीआर और रामचरण की फिल्म का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है. इसी साल जूनियर एनटीआर भी कमबैक कर रहे हैं. उनकी फिल्म आ रही है, नाम है- देवरा. फिल्म में उनके अपोजिट जान्हवी कपूर नजर आने वाली हैं. पिक्चर 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. यह इसका पहला पार्ट है. ऐसे में राम चरण भी इसी महीने फिल्म लाने की प्लानिंग कर रहे हैं. अब रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि, राम चरण अपने दोस्त जूनियर एनटीआर की फिल्म से क्लैश नहीं करेंगे. वो इससे बचने के लिए दशहरा के बाद अपनी फिल्म लाने का प्लान कर रहे हैं.

# जब कॉफी शॉप के बाहर खड़े होकर एक बिस्किट के पैकेट के लिए गिड़गिड़ाई थीं विद्या बालन



विद्या बालन अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं. हाल ही में वो फिल्म 'दो और दो प्यार' में नजर आई थीं. इसके अलावा उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है. एक बार विद्या बालन ने खुलासा किया था कि उन्होंने मुंबई में कॉफी शॉप के सामने भीख मांगी थी. हालांकि वो सच में भीख नहीं मांग रही थीं. वो सिर्फ भीख मांगने की एक्टिंग कर रही थीं. उन्होंने ये किस्सा खुद सुनाया था.विद्या ने कहा था कि उनका एक इंडियन म्यूजिक ग्रुप था. वो हर साल इंडियन क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट का आयोजन करता था और विद्या उसकी ऑर्गेनाइजिंग कमेटी की वॉलंटियर थीं.

ये कॉन्सर्ट 3 दिन तक लगातार चलता था. वो इसमें कॉन्सर्ट ऑर्गेनाइज करने में मदद करती थीं. जब रात को शो खत्म हो जाता था, तब वो और बाकी सब मुंबई के नरीमन प्वाइंट घूमने के लिए चले जाते थे. उन्होंने आगे बताया कि एक बार उनकी टीम ने उन्हें डेयर दिया था.विद्या ने कहा, मुझे डेयर दिया गया था कि मै भिखारी की एक्टिंग करूं. उन्होंने मुझसे कहा कि तुम ओबेरॉय-द पाम्स कॉफी शॉप का दरवाजा खटखटाना और कुछ खाने के लिए मांगना. लेकिन उन लोगों को ये मालूम नहीं था कि मैं एक एक्टर हूं. मैं कॉफी शॉप पर गई और दरवाजा खटखटाती रही. सभी लोग चिढ़ने लगे. मैंने कई बार खटखटाया. मैं शॉप वालों से बार-बार कहती कि प्लीज, मैं भूखी हूं. मैंने कल से कुछ नहीं खाया है. लेकिन वो लोग दूसरी तरफ देखने लगे. फिर, मेरे दोस्त ने शर्मिंदा होकर मुझे वापस बुला लिया.

**जिम जैम बिस्किट के लिए**

विद्या ने बताया कि उन्हें ये डेयर जीतने के बाद जिम जैम का एक्स्ट्रा बिस्किट मिला था. दरअसल उनके कॉन्सर्ट का स्पॉन्सर ब्रिटानिया था और उनके पास बहुत सारे बिस्किट थे. लेकिन जिम जैम का एक्स्ट्रा पैकेट लेने के लिए उन्होंने ये डेयर कंप्लीट किया था. विद्या को ये डेयर पूरा करके बहुत खुशी मिली थी क्योंकि उन्हें जिम जैम बिस्किट मिल गया था, जो उन्हें पसंद था.

# दीपिका पादुकोण से पहले इस एक्ट्रेस पर लगा था 'फेक बेबी बंप' दिखाने का इल्जाम, दोस्त संभावना सेठ का खुलासा



दीपिका कक्कड़ वो पहली इंडियन एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने व्लॉगिंग की शुरुआत की थी. आमतौर पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स व्लॉगिंग शुरू करते हैं, और फिर उन्हें एक्टिंग करने का मौका मिलता है. लेकिन दीपिका ने सफल एक्टिंग करियर के बावजूद व्लॉगिंग करना शुरू कर दिया था. आज दीपिका के साथ उनके पति शोएब इब्राहिम, उनकी ननद सबा भी व्लॉग्स बनाने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बन गए हैं. इन सभी के करोड़ो फॉलोवर्स भी हैं. लेकिन सोशल मीडिया पर हमेशा आपको प्यार नहीं मिलता, आज के जमाने में लोग अक्सर एक्टर्स को सॉफ्ट टारगेट बनाते हुए उन्हें ट्रोल करने की कोशिश करते हैं. हाल ही में प्रेग्नेंसी को लेकर ट्रोल होने वाली दीपिका पादुकोण इसका बड़ा उदाहरण हैं, दीपिका पादुकोण की तरह 'सिमर' यानी दीपिका कक्कड़ को भी इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था.दीपिका कक्कड़ को उनके परिवार से लेकर उनके पहनावे की चॉइस, उनके करियर तक कई मुद्दों के लिए ट्रोल किया जाता है. इतना ही नहीं, जब 'ससुराल सिमर का' एक्ट्रेस प्रेग्नेंट थीं, तब भी उन्हें सोशल मीडिया यूजर ने नहीं बख्शा था. कई ट्रोलर ने कहा था कि वो अपनी प्रेग्नेंसी का नाटक कर रही हैं. और उनका बेबी बंप भी नकली है. हाल ही में दीपिका की खास दोस्त और भोजपुरी एक्ट्रेस संभावना सेठ ने बताया कि दीपिका अपनी गर्भावस्था के दौरान हो रही ट्रोलिंग से बहुत ज्यादा परेशान हो गई थीं.

**सेलिब्रिटी को कर सकते हैं ट्रोल लेकिन बच्चों को नहीं**

संभावना ने आगे बताया कि जब वो ट्राई-सेमेस्टर के दौरान दीपिका से मिलीं, तब प्रेग्नेंसी को लेकर खुश होने की जगह वो ट्रोलिंग के बारे में सोचकर परेशान हो रही थीं. तब संभावना ने उन्हें सलाह दी कि वो दुनिया के बारे में न सोचकर अपने बच्चे के बारे में सोचें. संभावना ने कहा कि एक सोशल मीडिया यूजर सेलिब्रिटी की आलोचना कर सकता है, उन्हें ट्रोल कर सकता है, लेकिन उनके बच्चे को ट्रोल करना पूरी तरह से गलत है. उन्हें कम से कम एक बार सोचना चाहिए कि दीपिका और शोएब को कैसा लगता होगा? जब उनके बच्चे को इस तरह से ट्रोल किया जाता है.